वर्ष 72 ▸ अंक 280 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 08 जुलाई, 2025
▸ आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए ■■

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

"कोई सपना जादू के जोर से हकीकत में तब्दील नहीं हो जाता है। इसके लिए कड़ा परिश्रम और लगातार कोशिश जरूरी है।
- कोलिन पॉवेल

**ऑफ बीट**

## गैंडे ने लड़ा चुनाव और हासिल किए लाखों वोट




*साल 1958 में ब्राजील के सबसे बड़े शहर साओ पाउलो में सिटी काउंसिल के चुनाव में एक ऐसा उम्मीदवार मैदान में था, जिसकी उम्मीद किसी ने नहीं की थी। यह एक गैंडा था जिसने ना केवल चुनाव लड़ा बल्कि लाखों वोट भी हासिल कर सबसे आगे भी रहा। यह गैंडा असल में 'काकेरेको' नाम की मादा थी। जो चिड़ियाघर में रहती थी। उसे किसी राजनीतिक दल ने नहीं, बल्कि छात्रों,बुद्धिजीवियों के समूह ने विरोध के प्रतीक के तौर पर चुनाव में उतारा था। तब ब्राजील की राजनीति में भ्रष्टाचार और अक्षमता का बोलबाला था, और लोग स्थापित राजनेताओं से निराश हो चुके थे। इसी कारण उन्होंने ऐसे 'उम्मीदवार' को चुना जो बेजुबान था। काकेरेको के चुनाव प्रचार अभियान में समर्थकों ने मजाकिया पोस्टर और प्रचार सामग्री का इस्तेमाल किया, जिसमें कहा गया था कि अगर इंसान राजनेताओं पर भरोसा नहीं कर सकते, तो शायद एक गैंडा बेहतर विकल्प हो सकता है!*

## भारत लाया जाएगा आतंकी हैप्पी पासिया



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 5 लाख रुपए के इनामी खालिस्तानी आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को अमेरिका के सैक्रामेंटो शहर में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी 17 अप्रैल को एफबीआई और इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट की संयुक्त कार्रवाई में हुई थी। अब उसे दिल्ली एयरपोर्ट के जरिए भारत लाया जा रहा है। पासिया पर आरोप है कि उसने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा इंटरनेशनल के इशारे पर पंजाब में 2023 से 2025 के बीच 16 से अधिक आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। इनमें 14 ग्रेनेड हमले, एक आईईडी विस्फोट और एक आरपीजी हमला शामिल है। वह चंडीगढ़ में सितंबर 2024 में एक पूर्व पुलिस अधिकारी के घर पर हुए ग्रेनेड हमले का भी मुख्य साजिशकर्ता है।

## संजोग गुप्ता आईसीसी के नए सीईओ बने



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को सोमवार को जय शाह की अगुआई वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। वह ऑस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे गुप्ता तत्काल प्रभाव से नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे। वह आईसीसी के सातवें सीईओ होंगे। संजोग ने करियर की शुरुआत पत्रकार के रूप में की थी। वे साल 2010 में स्टार इंडिया से जुड़े। बाद में डिज्नी-स्टार के हेड ऑफ स्पोर्ट्स बने।

**बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण का विवाद हुआ देशव्यापी, अब सुप्रीम कोर्ट पर निगाहें**

# सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले कल विपक्ष का शक्ति प्रदर्शन

**नई दिल्ली, पटना, जेएनएन।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर शुरू हुआ विवाद अब अदालत से सड़क तक सियासी टकराव का कारण बन गया है। विपक्षी दल इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले के तौर पर पेश कर रहे हैं, वहीं चुनाव आयोग ने हालात की नजाकत को देखते हुए फिलहाल नर्म रुख अपनाया है। इस बीच मामले में दायर की गईं आठ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को सुनवाई करने जा रहा है, जिससे पूरी स्थिति पर निर्णायक रुख सामने आने की उम्मीद है। यह सुनवाई जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ करेगी।

इस बीच, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने 9 जुलाई को बिहार बंद का आह्वान किया है। इस बंद में कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के शामिल होने की भी संभावना है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति के अध्यक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि 'चक्का जाम' के जरिए चुनाव आयोग और सरकार दोनों को निशाने पर लिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग हर घंटे निर्देश बदल रहा है, जिससे बीएलओ और अन्य अधिकारी भ्रमित हैं। बिहार के अलावा बंगाल और तेलंगाना में भी वोटर लिस्ट पुनरीक्षण की चर्चा तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि निर्वाचन आयोग ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**10 जुलाई को शीर्ष अदालत में सुनवाई, 9 जुलाई को विपक्ष ने किया बंद का आह्वान**

### याचिकाओं में ये हैं पुनरीक्षण पर प्रमुख आपत्तियां

**मनमाना आदेश:** आदेश बिना उचित सार्वजनिक परामर्श के अचानक और मनमाने ढंग से जारी किया गया है, जिससे पारदर्शिता की कमी साफ झलकती है।

**मतदाता अधिकार पर खतरा:** यह प्रक्रिया बड़े पैमाने पर मतदाता अधिकारों से वंचित कर सकती है, विशेष रूप से गरीब, प्रवासी, अल्पसंख्यक और हाशिए पर मौजूद समुदायों के लिए।

**व्यावहारिक दिक्कतें:** बूथ लेवल अधिकारी सभी घरों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई मकान बंद हैं, या प्रवासी व मृत मतदाता थे। मानसून और बाढ़ के चलते कई ग्रामीण इलाकों में पहुंच असंभव हो रही है।

**सीमित समयसीमा:** इतनी विशाल जनसंख्या (लगभग 8 करोड़ मतदाता) में दस्तावेज इकट्ठा करने और उनका सत्यापन इतने कम समय में करना अव्यवहारिक है, जिससे लाखों लोग छूट सकते हैं।

**असमान प्रकिया:** प्रवासी मजदूरों के पास स्थानीय पते या प्रमाण पत्र नहीं हैं, उनके लिए दस्तावेज जुटाना असंभव है। इससे वे मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं।

**विकल्पों की कमी:** यद्यपि ईसीआईनेट ऐप और पोर्टल पर फॉर्म डाउनलोड-अपलोड की सुविधा है, परंतु ग्रामीण और डिजिटल अशिक्षित जनता इसका उपयोग नहीं कर पा रही है, जिससे एक डिजिटल असमानता भी उत्पन्न हो रही है।

**राजनीतिक हस्तक्षेप की आशंका:** इतने बड़े पैमाने पर पुनरीक्षण को जल्दबाजी में लागू करने के पीछे राजनीतिक मंशा हो सकती है, जिससे कुछ वर्गों को योजनाबद्ध ढंग से बाहर किया जा सके।

**पारदर्शिता की कमी:** याचिका में कहा गया है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट मानदंड और पारदर्शी गाइडलाइन नहीं दी हैं, जिससे भ्रम और शंका की स्थिति बन रही है।



"यह प्रक्रिया गरीब, भूमिहीन, असंगठित और दस्तावेज विहीन वर्गों को लक्षित करती है। जो लोग अपनी पहचान साबित नहीं कर पाएंगे, वे वोट के अधिकार से वंचित हो जाएंगे।
● **तेजस्वी यादव**, राजद नेता



अगर किसी का नाम सूची से हट जाता है, तो वह अपनी नागरिकता भी खो सकता है। प्रवासी मजदूरों के पास स्थानीय पता साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं होते, जिससे वे इस प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाएंगे।
● **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम अध्यक्ष

### वैधानिक अधिसूचना नहीं

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अभी तक चुनावों की कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है, इसलिए इस पुनरीक्षण प्रक्रिया की वैधानिक स्थिति को स्पष्ट किया जाना बाकी है। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के वकील को सभी याचिकाओं की प्रति पहले ही दे दी जाए, ताकि अगली सुनवाई तक उन्हें पर्याप्त तैयारी का मौका मिले।

### मुस्लिम, दलित पर निशाना

सामाजिक संगठन और कई अन्य नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने निर्वाचन आयोग के 24 जून के आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया गया है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि यह प्रक्रिया मुस्लिम, दलित और प्रवासी समुदायों को लक्षित कर रही है।

### मानसून में पुनरीक्षण पर सवाल

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मानसून के कारण बाढ़ की स्थिति है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग विस्थापित रहते हैं, जिनके लिए पुनरीक्षण प्रक्रिया में भाग लेना लगभग असंभव है। प्रवासी मजदूर बाहर रहते हैं और दस्तावेज समय पर जमा नहीं कर पाते।

# मानसून मेहरबान: सिर्फ 22 दिन में 68 प्रतिशत बारिश




**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार मप्र पर मेहरबान है। कुल 22 दिन की बारिश में कोटे से 68 फीसदी ज्यादा पानी बरस चुका है। मौसम केंद्र से मिली जानकारी अनुसार 7 जुलाई तक मप्र में बारिश का कोटा 191 एमएम है। जबकि हो गई है 321 एमएम, यानि 68 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है। अब तक जो बारिश हो चुकी है वह पूरे सीजन के कोटे का 33 फीसदी है। प्रदेश के कई जिले ऐसे हैं, जहां बारिश दो से तीन गुना तक हो चुकी है। सबसे ज्यादा बारिश मंडला, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, उमरिया और सिवनी में दर्ज की गई है।

**27 जिलों में तेज बारिश:** मप्र में पिछले 24 घंटे में जोरदार बारिश हुई। इसमें मंडला जिले के बिछिया में सबसे अधिक वर्षा रिकार्ड की गई। यहां बारिश का आंकड़ा 204 एमएम यानि 8 इंच रहा। प्रदेश के 27 से ज्यादा जिलों में सोमवार को तेज बारिश का दौर जारी रहा। सिवनी में 9 घंटे में ढाई इंच पानी गिरा। पचमढ़ी-मलाजखंड में सवा इंच, शाजापुर, छिंदवाड़ा-शिवपुरी में 1 इंच, नर्मदापुरम-जबलपुर में पौन इंच, बैतूल में आधा इंच पानी गिरा।

**भारी वर्षा वाले टॉप 5 जिले**

| जिला | हुई | होना थी |
|---|---|---|
| मंडला | 678 | 253 |
| निवाड़ी | 553 | 127 |
| टीकमगढ़ | 497 | 180 |
| उमरिया | 475 | 218 |
| श्योपुर | 472 | 115 |

● वर्षा के आंकड़े मिली मीटर में

**आज यहां बारिश का अलर्ट**

- **रेड अलर्ट:** मंडला, बालाघाट
- **ओरेंज अलर्ट:** नर्मदापुरम, बैतूल अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा
- **यलो अलर्ट:** रायसेन, सिहोर, हरदा, खंडवा, खरगौन, देवास, शिवपुरी, श्योपुरकलां, कटनी, पन्ना, दमोह, सागर, मैहर।

### 2 युवक पानी में बहे, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में फ्लड

मंदसौर में 2 युवक गांधी सागर डैम में डूब गए। कटनी में भी एक युवक बाढ़ में बहा। सीहोर में पार्वती नदी उफान पर है। मंडला में नर्मदा नदी का जलस्तर वॉर्निंग लेबल क्रॉस कर 437.40 मीटर पर पहुंचा है। राजस्थान के 20 से ज्यादा जिलों बारिश जारी है। गुजरात के नवसारी में पूर्णा नदी उफान पर है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में तेज बारिश के कारण यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके का पुल नदी में बह गया।

**सीएम ने 15 से अधिक उद्योगपतियों से किया संवाद**

# लुधियाना में मिले 15,606 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव




लुधियाना में उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा के दौरान सीएम डॉ. यादव।

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लुधियाना प्रवास के दौरान वहां के उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश के लिए 15,606 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए। इनसे लगभग 20,275 से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है। इस मौके पर सीएम ने उद्योगपतियों से कहा कि वे प्रदेश में निवेश करें। मध्यप्रदेश सरकार न केवल उद्योग लगाने और निवेश बढ़ाने के लिए तैयार है, बल्कि यदि किसी सेक्टर में संभावना दिखती है, तो वहां आवश्यकतानुसार नियमों में परिवर्तन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री लुधियाना में हुए इंटरैक्टिव सेशन, वन-टू-वन चर्चा और संवाद सत्रों में उद्योगपतियों से सीधे संवाद कर रहे थे। सीएम ने उन्हें मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों के साथ राज्य की औद्योगिक नीतियों से अवगत कराया। डॉ. यादव ने कहा कि निवेशक मध्यप्रदेश में जितने चाहें, उतने उद्योग-धंधे लगाएं, सरकार आपकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग-धंधे लगाने के लिए जरूरत के मुताबिक भूमि, बिजली, पानी, कुशल कार्यशक्ति सब ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### टेक्सटाइल, स्टील, फार्मा सेक्टर के दिग्गजों से मिले सीएम

सीएम ने पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों से वन-टू-वन बैठक की। उन्होंने टेक्सटाइल सेक्टर से नाहर ग्रुप के सीएमडी दिनेश ओसवाल, एसईएल ग्रुप के सीएफओ नवनीत गुप्ता और बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंजीत सिंह से मुलाकात की। स्टील क्षेत्र से टीके स्टील समूह के एमडी लोकेश जैन ने निवेश अवसरों पर चर्चा की। फार्मास्यूटिकल्स, एथेनॉल एवं रसायन क्षेत्र से आईओएल केमिकल्स के एमडी वरिन्दर गुप्ता और एमआरएम मेध्या ग्रीनटेक के डायरेक्टर पुनीत अग्रवाल ने निवेश प्रस्ताव रखे।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने सेलेबी की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को तुर्की की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया की याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के खिलाफ थी। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा, 'न्याय के सिद्धांत पवित्र हैं, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा उनके पूर्वशर्त के रूप में आवश्यक है।' बीसीएएस ने सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी इसलिए रद्द कर दी थी क्योंकि तुर्की ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान का समर्थन करते हुए भारत की सीमा-पार आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की निंदा की थी।

**हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने दी अंडरटेकिंग, कहा-**

# नहीं देंगे प्रमोशन में आरक्षण

**जागरण, जबलपुर।** नए नियम के तहत आरक्षित वर्ग को नौकरी में प्रमोशन देने के खिलाफ हाईकोर्ट में तीन याचिकाएं दायर की गई थीं। याचिकाओं में कहा गया था कि नए नियम भी पहले की ही तरह हैं। नियमों में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ को सरकार की ओर से बताया गया कि फिलहाल नए नियम के अनुसार पदोन्नति देने के आदेश जारी नहीं किए जाएंगे। अनावेदकों को नोटिस जारी कर याचिका पर सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तारीख दी गई है।

**यह है मामला:** याचिकाकर्ता भोपाल निवासी वेटनरी डॉक्टर स्वाति तिवारी और अन्य सहित दायर तीन याचिकाओं में कहा गया था कि प्रमोशन में आरक्षण के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लंबित है। सर्वोच्च न्यायालय ने अंतरिम आदेश में यथास्थिति के आदेश जारी किए थे। इसके बाद प्रदेश सरकार ने संशोधित नियम-2025 के तहत प्रमोशन में आरक्षण देने का निर्णय लिया था। इस संबंध में प्रदेश सरकार की ओर से गजट नोटिफिकेशन भी जारी किया गया था। याचिका में कहा गया था कि नए तथा पुराने नियम एक समान हैं। सर्वोच्च न्यायालय ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**रतलाम के सैलाना में बाजार बंद कर किया हनुमान चालीसा का पाठ**

# मोहर्रम के जुलूस में बैनर जलने से बवाल



**जागरण, रतलाम।** प्रदेश के रतलाम के सैलाना में मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक घटना का वीडियो वायरल होने से तनाव फैल गया। वीडियो में एक युवक मुंह में पेट्रोल भरकर आग को एक बैनर की तरफ फूंकता दिख रहा है। आग से बैनर आंशिक रूप से जला है। घटना रविवार रात को मस्जिद चौराहे की है। सोमवार सुबह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद धार्मिक-सामाजिक संगठनों ने घटना को जानबूझकर की गई हरकत बताया और ध्वज का अपमान बताकर विरोधस्वरूप बाजार बंद रखा। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के खिलाफ रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चारों को मेडिकल के लिए पुलिस थाना से पैदल ही हॉस्पिटल ले जाया गया। चारों आरोपी चलने की हालत में नहीं थे। गिरफ्तार आरोपियों में शहजाद मेव, बबलू शाह, भय्यु खान पठान और अज्जू शाह शामिल हैं। घटना से गुस्साए लोगों ने मस्जिद चौराहे पर सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। एएसपी राकेश खाखा ने आश्वासन दिया कि चार आरोपियों और आयोजनकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सीधी: भालू के हमले में 3 की मौत, 4 घायल



● **गुस्साए ग्रामीणों ने भालू को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला**

**जागरण, सीधी।** प्रदेश के सीधी जिले में सोमवार को एक भालू के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। हमले में ग्रामीणों की जान जाने से गुस्साए लोग लाठी-डंडे लेकर भालू पर टूट पड़े। लोगों ने पीट-पीटकर भालू को मौके पर ही मार डाला। मामला संजय टाइगर रिजर्व से लगी ग्राम पंचायत बस्तुआ का है। यहां सुबह करीब 5 बजे भालू ने वृद्ध बब्बू यादव पर हमला बोला। बुजुर्ग की चीख सुनकर दीनबंधु साहू, मनीष साहू और संतोष यादव बचाने दौड़े। भालू उन पर भी झपट पड़ा। बब्बू और दीनबंधु की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल संतोष यादव, मनीष साहू, तेजबली सिंह और दो अन्य को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौरान संतोष ने दम तोड़ दिया। हमले में एक भैंस भी घायल हुई है। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। यहां भालू को घेर लिया और उसे पीट पीटकर मार डाला। घटना के बाद गांव में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा, निशुल्क इलाज और गांव की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। मड़वास थाना प्रभारी भूपेश बैस ने कहा- वन विभाग मामले की जांच कर रहा है। ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले जंगल न जाएं।

**फर्जीवाड़ा** | **फर्जी रिसर्च पेपर और पुरस्कारों के जरिये ईबी-1 वीजा दिलाने का नया उद्योग जमा रहा पैर**

# 'आइंस्टीन वीजा' से यूएस में बसने की कोशिश कर रहे भारतीय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका का ईबी-1 वीजा, जिसे आमतौर पर 'आइंस्टीन वीजा' कहा जाता है, दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, प्रोफेसरों और शोधकर्ताओं के लिए होता है। लेकिन हाल के दिनों में इस वीजा को पाने के लिए भारत में एक नया 'उद्योग' खड़ा हो गया है। ऐसा उद्योग, जो झूठे दस्तावेजों, खरीदे गए पुरस्कारों और फर्जी रिसर्च पेपरों के सहारे अमेरिकी इमिग्रेशन सिस्टम को चकमा दे रहा है।

इसके लिए लिंक्डइन, फेसबुक और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर एजेंट खुलेआम विज्ञापन दे रहे हैं। इनकी विज्ञापनों की ईबारत कुछ ऐसी है- 'गारंटीड ईबी-1 वीजा', 'आपके नाम से पब्लिश होंगे रिसर्च पेपर', 'हम दिलाएंगे अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड'। कीमत सिर्फ 20 लाख रुपए से शुरू।

इन एजेंटों का दावा है कि वे आवेदकों को पीयर-रिव्यू बोर्ड का सदस्य बना सकते हैं, उन्हें अंतरराष्ट्रीय जूरी में बैठा सकते हैं, अवॉर्ड दिला सकते हैं और उनके नाम से उच्चस्तरीय रिसर्च पेपर प्रकाशित करवा सकते हैं। वह भी बिना किसी वैज्ञानिक योग्यता के। ह्यूस्टन के इमिग्रेशन वकील राहुल रेड्डी ने जब इस बढ़ती प्रवृत्ति पर नजर डाली, तो उन्होंने खुद आवेदक बनकर इनसे संपर्क किया। जवाब चौंकाने वाले थे। एक एजेंट ने कहा, 'आपको कुछ करने की जरूरत नहीं, हमारे कंटेंट राइटर सब कर देंगे।' कई ने रिसर्च पेपर, अवॉर्ड और अन्य प्रमाणपत्रों का पूरा 'पैकेज' बेचने की बात कही। इसकी कीमत 8 लाख से 24 लाख रुपए तक बताई गई। रेड्डी कहते हैं, यह एक संगठित सिस्टम है जो पूरी वीजा प्रक्रिया को फर्जी सफलता से पार करवा रहा है। अगर कोई व्यक्ति वाकई योग्य नहीं है, लेकिन पैसे देकर अपना प्रोफाइल गढ़ लेता है, तो इसका नुकसान उन वास्तविक वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को होता है, जो सालों मेहनत के बावजूद अस्वीकार कर दिए जाते हैं।



### अन्य श्रेणियों की तुलना में कम कड़ाई

इमिग्रेशन सलाहकार इस स्थिति को 'क्रेडेंशियल लॉड्रिंग' कहते हैं। उनके अनुसार, 'इससे वीजा सिस्टम की वैधता खत्म हो रही है और भारत की पेशेवर छवि को भी आघात पहुंच रहा है।' भारत के कई वकीलों और विशेषज्ञों का मानना है कि ईबी-1 वीजा के लिए सामान्यतः ईबी-2 जैसी अन्य श्रेणियों की तुलना में कम कड़ाई से जांच होती है। इसी का फायदा उठाते हुए एजेंट ऐसे ग्राहकों को फर्जी कागजात से 'असाधारण प्रतिभाशाली' दिखा देते हैं। पिछले साल एक टेक एक्सपर्ट देबर्घ्य दास की ब्लॉग पोस्ट ने भी इस स्कैम की ओर ध्यान खींचा, जिसमें उन्होंने ईबी-1 वीजा पाने की रणनीति साझा की थी। उन्होंने ये सुझाव उनकी मदद के लिए दिए थे जो वाकई योग्य हैं, लेकिन एजेंट्स को नया रास्ता भी मिल गया। इस फर्जीवाड़े के चलते अब यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) ने ईबी-1ए और ईबी-1बी श्रेणियों में पहले से मंजूर कई मामलों की दोबारा जांच शुरू कर दी है।

**26/11 हमलों के मास्टरमाइंड का कबूलनामा**

# पाक सेना और आईएसआई के लिए करता था काम



**नई दिल्ली, जेएनएन।** 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य षड्यंत्रकारियों में से एक तहव्वुर हुसैन राणा ने भारत की जांच एजेंसियों के समक्ष कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। राणा ने कबूला है कि हमलों के समय वह मुंबई में मौजूद था और उसने प्रमुख स्थलों की रेकी की थी। फिलहाल दिल्ली के तिहाड़ जेल में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में मौजूद राणा ने बताया कि उसने और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली ने पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर कई प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया था। राणा ने स्वीकारा कि लश्कर-ए-तैयबा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर काम करता था और खुद पाक सेना से भी उसके संबंध रहे हैं। राणा ने कहा कि मुंबई में इमिग्रेशन सेंटर खोलने का विचार उसका था और इस कवर के तहत आतंकी गतिविधियों की योजना बनाई गई। उसने यह भी माना कि उसकी मुंबई में आतंकी हमले के दौरान मौजूदगी महज संयोग नहीं थी, बल्कि हमले की पूर्व योजना का हिस्सा थी। उसने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस जैसे प्रमुख स्थलों की जासूसी करने की बात भी कबूली। रिपोर्ट के अनुसार, राणा ने यह भी खुलासा किया कि खाड़ी युद्ध के दौरान पाक सेना ने उसे सऊदी अरब भेजा था- जिससे उसके सैन्य संबंधों की गहराई उजागर होती है।

# बाणसागर से 4263 गावों में पहुंचेगा पानी : गणेश सिंह

## 6595 करोड़ की लागत से साढ़े छह लाख घरों में हर घर में नल से जल पहुंचाया जाएगा

## लोस क्षेत्र के विभिन्न गांवों का सांसद ने किया दौरा



**जागरण, सतना।** सांसद गणेश सिंह सोमवार को सतना लोकसभा के मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर चल रही योजनाओं का निरीक्षण किया। सांसद श्री सिंह का समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ फूलमाला से स्वागत किया। मैहर जिला के न्यू रामनगर के अंशिका पैलेस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। ग्राम पंचायत मर्यादपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं व ग्राम पंचायत के आमजनों से मुलाक़ात कर समस्याएं सुनी और निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम जिगना में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गयाए ग्राम अरगट में अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री माईन्स का निरीक्षण एवं ग्राम अरगट से माइन्स रोड का निरीक्षण कियाए ग्राम जिगना से भैंसरहा निर्माणाधीन सडक़ का निरीक्षणए ग्राम डबरई ग्राम पंचायत झिन्ना में डीबीएल कम्पनीए एलसीसी कम्पनी एवं ग्राम सोनवर्षा ग्राम पंचायत झिन्ना में केईसी कम्पनी द्वारा जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों का निरीक्षणए और समीक्षा बैठक की। ग्राम पंचायत मर्यादपुरए लालन टोला में रामऔतार वैश्य के निवास में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक एवं जनसमस्या सुनी और निवारण किया। पार्षद श्रीमती उषा महेंद्र कुशवाहा की स्वर्गीय माता श्रीमती कलावती कुशवाहा के निवास न्यू रामनगर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मार्च 2026 के पहले नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य

सांसद श्री सिंह ने बाणसागर के ग्राम पंचायत झिन्ना में बनाए जा रहे 6595 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किए जा रहे हर घर में नल से जल योजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बाणसागर से सतनाए मैहरए रीवा और सीधी जिले के सभी गावों और शहरों के हर घर में नल से जल पहुंचाया जाएगाए इन गावों में जल पहुंचाने के लिए एक निर्माण एजेंसी एलएनटी है दूसरी निर्माण एजेंसी केईसी हैए जो सतना और मैहर जिले में पानी पहुंचाएगीए डीबीएल रीवा जिले में तथा एलसीसी सीधी जिले में पानी पहुंचाने के लिए निर्माण कार्यों को कर रही है एलएनटी के कार्य लगभग 90 प्रतिशत केईसी के 70 प्रतिशत डीबीएल के 80प्रतिशत और एलसीसी के 70 प्रतिशत कार्य हो चुके हैं। निर्माण एजेंसी और जल जीवन मिशन के अधिकारियों को समीक्षा बैठक में निर्देशित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि समय सीमा में 2025 पूरा होते.होते अधिकतम मार्च 2026 के पहले सभी घरों में नल से जल पहुंच जाए इस लक्ष्य को लेकर काम करिए।

### ये रहे साथ

निरीक्षण के दौरान रामखेलावन पटेल पूर्व मंत्री, रामखेलावन कोल जिला पंचायत अध्यक्ष, हरीशकांत त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य, गोरेलाल पटेल जिला महामंत्री, नरेंद्र उइके मंडल अध्यक्ष मर्यादपुर, आशुतोष गुप्ता मंडल अध्यक्ष रामनगर, विष्णुकांत पांडे मंडल अध्यक्ष बड़वार, धर्मेंद्र सिंह देवरा हाउस, दिनेश शुक्ला अमरपाटन, रामसुशील पटेल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, कालिका पटेल सांसद प्रतिनिधि, भीम सोनी, ,डवोकेट सत्येंद्र शर्मा, केपी सिंह बैश, नरेंद्र तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष, गंगा गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष, रामवतार बैश भमरहा, केशव बैश पूर्व मंडल अध्यक्ष, रामहित हिंदुस्तानी, रामनरेश पटेल, ,डवोकेट वीरेंद्र पांडे, जानवी तिवारी, राममिलन कोल पार्षद, मनीष शुक्ला, लक्ष्मण कोल जनपद सदस्य, बृजलाल बुनकर, ललित तिवारी, रामकरण पटेल, प्रमोद शुक्ला, एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी, अल्ट्राटेक फैक्ट्री के प्रबंधक, जल जीवन मिशन जीएम उपस्थित रहे।

# सविता सिंह ने बैडमिंटन में रीवा संभाग में लहराया परचम



**जागरण, रामपुर बघेलान।** शास कन्या उच्च मा वि रामपुर बघेलान में पदस्थ शिक्षिका सविता सिंह पहले जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रीवा संभाग स्तरीय बैडमिंटन टीम में जगह बनाई और फिर संभाग स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में नर्मदापुरम संभाग और सिवनी में राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर शासकीय कन्या उच्च मा वि रामपुर बघेलान के साथ सतना जिले का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।शिक्षिका सविता सिंह की इस उपलब्धि पर विष्णु कुमार त्रिपाठी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सतना जिला परियोजना समन्वयक सतना मीना त्रिपाठी जिला क्रीड़ा अधिकारी सतना, सुधांशु द्विवेदी बी ई ओ रामपुर बघेलान, संतोष कुमार पटेल बी आर सीए दसरथ प्रसाद साकेत प्राचार्य कन्या रामपुर बघेलान मृगेंद्र प्रसाद द्विवेदी, विजय वर्मा, राजाराम वर्मा, प्रियंका दुबे, उमेश मिश्रा, छोटेलाल साकेत, मुकेश कुमार साकेत, पुष्पराज सिंह, घनश्याम सिंह, नीरज शुक्ला,रामबली सिंह, अनीता निगम, ज्योती रावत,आत्मा निगम, हीना कौसर, प्रतिमा पांडे, शिवा यादव, राजाराम प्रजापति गरुण कुमार, सुरेश कुमार, परगवा कोल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं शुभ कामनाएं दी।

# जन्मदिन पर पौधा भेट कर दी बधाई



**सतना।** अमरपाटन जनपद उपाध्यक्ष मनोज पटेल के जन्मदिन पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्वमंत्री रामखेलावन पटेल रामपुर बाघेलान विधायक प्रतिनिध विनीत पाण्डेय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तारा विजय पटेल सहित अन्य गणमान्य लोगो ने शिरकत की जनपद उपाध्यक्ष श्री पटेल को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा एवं रामपुर बाघेलान जनपद वन समिति के सभापति नंदकिशोर सिंह पटेल नन्दू ने चीकू का कलमी पौधा भेट कर बधाई दी एवं पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल रमेश पाण्डेय दिवाकर सिंह शैलेंद्र तिवारी शीलू अर्जुन पटेल सतीश पटेल कल्पना सिंह सत्या पटेल राम सिंह लकी रावत लकी रावत नारेद्र पटेल नजीम सौदागर नागेंद्र सिंह सहित सैकडो लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामोदय कैंपस में स्टॉप डैम सहित अनेक जल संरचनाएं सृजित

## स्टॉप डैम का सजीव स्वरूप देखने आते है श्रद्धालु भी



**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कैंपस में स्टॉप डैम सहित अनेक जल संरचनाएं स्थापित की गई है। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की सार्थक पहल पर स्थाई जल संरक्षण के लिए स्फटिक शिला स्थित मुख्य कैंपस में निर्माण इकाई ने अनेक आकर्षक और नयनाभिराम क्रिएशन किए हैं। इसे देखने के लिए चित्रकूट आने वाले श्रद्धालु भी प्रत्येक दिन यूनिवर्सिटी कैंपस में पहुंच रहे हैं।यह जल संरचना विश्वविद्यालय के ग्राम दर्शन विवेकानंद सभागार प्रक्षेत्र में निर्मित की गई है जो कि जल संरक्षण प्रयास का एक सजीव चित्रण ही नहीं जल संरक्षण कार्यों के लिए एक प्रेरणा श्रोत भी है। निदेशक निर्माण इंजी सी पी बस्तानी ने बताया कि भूमि जल के गिरते जल स्तर की समस्या से निबटने के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बोरबेल रिचार्ज , वाटर हार्वेस्टिंग, परकोलेशन पिट, स्टॉप डैम आदि विभिन्न जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इंजी बस्तानी ने बताया कि वर्षा ऋतु में वर्षा जल प्रवाहित होकर नाले के रास्ते मंदाकिनी नदी में बह जाता था। इस जल को रोकने के लिए स्थाई संरचना स्टॉप डैम का निर्माण कराया गया है जिससे वर्षा जल एकत्रित हो जाता है और धीरे धीरे भूमि के अंदर प्रवेश कर भू जल के स्तर में वृद्धि करता है फलस्वरूप बोरवेल कुएं आदि में जल का पुनर्भरण होता रहता है।

# महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए तिथि में की गई वृद्धि

## विद्यार्थी 7 से 10 जुलाई तक कर सकेंगे ऑनलाइन पंजीयन, 21 जुलाई को होगा सीट आवंटन

**जागरण, सतना।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 में, महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए तिथि में वृद्धि की है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातकोत्तर स्तर (पीजी) सत्र 2025-26 में ऑनलाइन प्रवेश अंतर्गत सीएलसी चरण के लिए अद्यतन समय सारणी जारी की गई है। जारी समय सारणी के अनुसार, सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में एवं मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी, 7 से 10 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 7 से 11 जुलाई तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 14 जुलाई को दी जाएगी। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर अंकों की प्रविष्टि 16 से 17 जुलाई तक होगी। विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में सीट का आवंटन 21 जुलाई को होगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 21 से 25 जुलाई तक किया जा सकेगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि तक प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा और प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने की दशा में प्रवेश नहीं माना जाएगा।

# 4 विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ का प्रशिक्षण प्रारंभ



**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आयोग द्वारा बूथ लेवल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण 7 जुलाई से प्रारंभ किया जाकर 17 जुलाई तक पूरा किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में सतना और मैहर जिले के 4 विधानसभा क्षेत्रों 61 चित्रकूट, 63 सतना, 64 नागौद और 65 मैहर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण 7 जुलाई को प्रारंभ किया गया। एसडीएम और रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा के निर्देशन में आयोजित इन प्रशिक्षण सत्रों में बीएलओ को त्रुटि रहित फोटो निर्वाचक नामावली तैयार करने सहित मतदाताओं के नाम जोडने, हटाने और संशोधन इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। बीएलओ द्वारा प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

# एकेएस में शिक्षण अधिगम और अनुसंधान हेतु एआई विषय पर सात दिवसीय एफडीपी का समापन

**सतना।** एकेएस के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शिक्षण अधिगम और अनुसंधान हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 26 जून से 2 जुलाई 2025 तक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों को एआई की मूलभूत समझ और उसके शैक्षणिक एवं शोध कार्यों में उपयोग की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ जी के प्रधान एवं डॉ अखिलेश ए वाऊ भी उपस्थित रहे।अनंत कुमार सोनी ने अपने संबोधन में एआई के बदलते शैक्षणिक परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को तकनीकी रूप से अद्यतन रहने का आह्वान किया। एफ्डीपी के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक एआई टूल्स की जानकारी दी गई जिनमें चैटजीपीटी, क्विलबॉट, ग्रामरली, कैनवाए जेनीएआई, नोटबुक एलएम, जेमिनी, ब्लैकबॉक्स आईए गूगल स्टूडियो आई रिसर्च रैबिट इन सत्रों में सैद्धांतिक जानकारी के साथ.साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के तीन दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रशिक्षण का समापन



**जागरण, सतना।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे भविष्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को दक्ष बनाने हेतु इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सतना शाखा द्वारा तीन दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लेवल का आयोजन होटल आरके रेजीडेंसी में किया गया। इस कोर्स में सीए इंस्टिट्यूट की सतना शाखा के अध्यक्ष सीए विराम जैन ए उपाध्यक्ष सीए संजय अग्रवाल , सचिव सीए रवि प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक कामदार , कार्यकारिणी सदस्य सीए प्रशांत नायक एवं सीए महान गुप्ता सहित सतना एवं रीवा के कुल 60 सीए सम्मिलित हुए । इस कोर्स में प्रमुख रूप से तीन विशेषज्ञ फैकल्टी . सीए राहुल गाभावाला , वाराणासी सीए आशीष सचदेवा ,जयपुर और सीए रोहित प्रधान , जयपुर ने सत्रों का संचालन किया। इन्होंने डेटा एनालिटिक्सए मशीन लर्निंगए जेनरेटिव एआई टूल्स प्रोसेस ऑटोमेशन और अन्य आधुनिक विषयों को बेहद सरल एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से समझाया। प्रतिभागियों को लाइव डेमोए केस स्टडीज़ और हैंड्स.ऑन प्रैक्टिस के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। कोर्स के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने विभिन्न एआई टूल्स का प्रयोग कर तैयार की गई प्रेजेंटेशन और प्रोजेक्ट्स का सजीव प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर तीनों फैकल्टी का सतना शाखा की प्रबंध समिति की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए इंस्टिट्यूट की सतना ब्रांच के चेयरमैन सीए विराम जैन ने बतायाए श्एआई जैसी तकनीक को अपनाना आज की आवश्यकता है। यह कोर्स सीए सदस्यों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ है और आगे भी हम ऐसे उन्नत विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

# शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म अपना हक, पर काम करेगा अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन

**सतना।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन अब अपनी दूसरी फिल्म जो शिक्षा और स्वास्थ्य पर आधारित रहेगी अपना हक पर जल्द ही काम शुरू करने जा रहा है संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल के मार्गदर्शन में सतना जिला संगठन अपनी दूसरी फिल्म, अपना हक पर जल्द ही काम शुरू करने जा रहा है अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की महाराष्ट्र टीम के साथ मिलकर इस कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है इसके लिए सतना जिला संगठन के जिला अध्यक्ष बृजेश गर्ग एवं महाराष्ट्र राज्य के प्रदेश अध्यक्ष प्राचार्य डॉ विनोद हिम्मतराव गायकवाड के संयुक्त प्रयास से फिल्म पर काम किया जा रहा है पूर्व में सतना जिला के संगठन द्वारा बाजार का जूस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रसारण किया गया जो मिलावट पर बनाई गई थी जिसको देखकर उपभोक्ता अपने जीवन से जुड़े हुए हितों की रक्षा कर सकते हैं और न्याय प्राप्त कर सकते हैं इसी उद्देश्य को लेकर की कोई भी उपभोक्ता ठगी का शिकार ना हो वह सुखी और सरल जीवन जी सके उसे न्याय प्राप्त हो सके जिसके लिए संगठन भारत के संपूर्ण राज्यों में विभिन्न विभिन्न माध्यमों से लगातार कार्य कर रहा है और अब अपनी दूसरी फिल्म अपना हक जो शिक्षा और स्वास्थ्य पर आधारित है उस पर काम करने जा रहा है जो जल्द ही शुरू होगा सतना जिला अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 13 एवं 14 जुलाई को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल की मौजूदगी मेंआयोजित प्रेस वार्ता एवं महाराष्ट्र के पदाधिकारी सम्मेलन में इसकी घोषणा की जा सकती है ।

# दलाई लामा विश्व शांति के मजबूत स्तंभ हैं: खरे

## दलाई लामा के जन्मदिन पर विचार संगोष्ठी संपन्न



**जागरण, रीवा।** तिब्बती आध्यात्मिक नेता, नोबल शांति पुरस्कार विजेता परम पावन दलाई लामा जी के 90 वें जन्म दिन के अवसर पर पूनम जनमासा में भारत तिब्बत मैत्री संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष श्रवण प्रसाद नामदेव की अध्यक्षता में एक विचार संगोष्ठी रखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में दलाई लामा जी के 90 वें जन्म दिवस पर उन्हें बधाई देते हुए उनके सुखद दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की गई। संगोष्ठी में भारत तिब्बत के बीच मैत्रीपूर्ण ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर भारत तिब्बत मैत्री संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि महात्मा बुद्ध तिब्बती आध्यात्मिक जीवन दर्शन के प्रेरणा स्रोत हैं। इस नाते तिब्बती जनमानस ने भारत को गुरुदेश के रूप में मान्यता दी है। सन 1959 में चीन के द्वारा तिब्बत को पूरी तरह हड़प लेने के दौरान परम पावन दलाई लामा ने हजारों तिब्बतियों के साथ देश छोड़कर सुरक्षित रूप से भारत में रहकर तिब्बत के अस्तित्व की लड़ाई जारी रखी है। उन्हें तिब्बत मुक्ति साधक के रूप में भारत में लंबा समय व्यतीत करना पड़ा है। भारत तिब्बत के बीच ऐतिहासिक मैक मोहन रेखा को विस्तारवादी चीन नहीं मानता है। देखने को मिलता है कि चीन आए दिन भारत के नेफा और लद्दाख वाले क्षेत्र में जबरन घुसपैठ करता रहता है। चीन की मनमानी के चलते भारत की उत्तरी सीमाओं पर मजबूत प्रतिरोध की जरूरत है। तिब्बत पर कब्जे के बाद से मानसरोवर कैलाश पर्वत की तीर्थ यात्रा के लिए भारत को चीन से अनुमति लेनी पड़ती है। तिब्बत की आजादी और भारत की सुरक्षा के लिए हिमालय बचाओ आंदोलन को गतिशील बनाना होगा। भारत में दलाई लामा की मौजूदगी भारत के लोगों के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में भारत तिब्बत मैत्री संघ, समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, विंध्यांचल जन आंदोलन, समाजवादी कार्यकर्ता समूह के सदस्यों की भागीदारी रही। सगोष्ठी में प्रमुख रूप से दीपक गुप्ता एडवोकेट, रमाशंकर शुक्ल, जमुना प्रसाद नामदेव एवं नारी चेतना मंच की नेत्री इतवरिया की भागीदारी रही।

# पंडित ठाकुर दास शर्मा स्वाधीन का किया पुण्य स्मरण



**रीवा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं अमर शहीदों के पुण्य स्मरण की श्रृंखला में रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित ठाकुर दास शर्मा के पौत्र अवनीश शर्मा के प्रोफेसर कॉलोनी अमहिया स्थित आवास पर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहणकर राष्ट्रगीत का समूह गान किया गया। तत्पश्चात पंडित ठाकुर दास शर्मा स्वाधीन के चित्र में माल्यार्पण कर पुण्य स्मरण किया गया तथा उनके उत्तराधिकारियों अवनीश शर्मा, डॉक्टर अनुराग शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अभिषेक शर्मा अंकुर शर्मा का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उत्तराधिकारी परिवार समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष डा राजा भइया मिश्रा प्रदेश संगठन सचिव डॉक्टर पद्मावती पांडे अभिषेक शर्मा जिला अध्यक्ष प्रसन्न सिंह परिहार पूर्व जिला खाद्य अधिकारी महेंद्र त्रिपाठी महिला शाखा प्रभारी रूपाली सिंह तिवारी, डॉ बी एल भूतिर्या राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शरद दुबे विमल दीक्षित, प्रभात दीक्षित भगत सिंह अनिल सिंह तिवारी देवेंद्र शास्त्री अभिजीत मिश्रा के अतिरिक्त विधायक प्रतिनिधि राजेश पांडे एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल संस्थान में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**रीवा।** सरदार पटेल संस्थान रीवा में कुर्मी समाज एवं सरदार पटेल संस्थान की सामूहिक बैठक संपन्न हुई जिसमें समाज में मृत्यु भोज को बंद किया जाना सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना शिक्षा एवं रोजगार की प्रशिक्षण दिया जाना सरदार पटेल संस्थान में रह रहे छात्रों को बेहतर शिक्षा एवं लाइब्रेरी की व्यवस्था किए जाने आदि पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से संस्थान के उपाध्यक्ष हीरालाल पटेल कुर्मी समाज की अध्यक्ष वीरभद्र सिंह लेखन सिंह डॉक्टर राजमणि पटेल डॉक्टर आरके पटेल प्रवक्ता एडवोकेट राजेंद्र पटेल कालिका प्रसाद पटेल दीनानाथ पटेल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन जरूरी

## ओटीआर नंबर मिलने से भविष्य में ले सकेंगे योजनाओं का लाभ

**जागरण,रीवा।** जाति एवं जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय ढाई लाख रुपए से कम है, उन्हें प्री. मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है। नए नियमों के तहत ऐसे विद्यार्थियों को वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कालरशिप पोर्टल-एनएसपी पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अब अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए पृथक से पुनः ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी। प्रत्येक विद्यार्थी के लिए 30 जुलाई से पूर्ण रजिस्ट्रेशन किया जाना अनिवार्य किया गया है।

**ऐसी होगी प्रक्रिया :** कक्षा 9 वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा ओटीआर नंबर प्राप्त करने की प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में विद्यार्थी को नेशनल स्कालरशिप पोर्टल की वेबसाइट से अथवा मोबाइल पर एनएसपी ओटीआर नंबर एप डाउनलोड कर उसमें आवश्यक जानकारी देकर रेफरेंस नंबर प्राप्त करना होगा। द्वितीय चरण में एनएसपी ओटीआर एप एवं आधार फेस आरडी सर्विस ऐप डाउनलोड कर रेफरेंस नंबर के माध्यम से ओटीआर की प्रक्रिया पूर्ण कर ओटीआर नंबर प्राप्त करना होगा। एपी टॉस्क पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते समय ओटीआर नंबर दिया जाना अनिवार्य है।

# प्रशिक्षु नव आरक्षकों ने पर्यावरण संवर्धन में दिया योगदान



**रीवा।** पुलिस प्रशिक्षण शाला में 1 से 7 जुलाई तक चल रहे हरियाली महोत्सव के अंतर्गत एडीजी प्रशिक्षण राजा बाबू सिंह पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व एवं उपस्थित में पीटीएस के अधिकारियों और प्रशिक्षणार्थियों ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में पौधे भेंट किये। बसामन मामा की रोपणी में 20000 बीज भेंट किए और आसपास के क्षेत्रों में बीजारोपण किया। पूर्वा फॉल के आसपास के मैदानी क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के लगभग 5000 औषधीय और फलदार वृक्षों के बीजों का रोपण किया और 1 लाख बीजों का बिखराव किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु नव आरक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में अपना योगदान दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने और पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में TEENA TEJWANI था। जिसे मै शादी के बाद मै अपना नया नाम HARSHITA JAGMALANI कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम HARSHITA JAGMALANI W/O SANTOSH KUMAR JAGMALANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता.10 MES LINE HEMUKALANI WARD MADHAV NAGAR MURWARA PO. KATNI CEMENT FACTORY DISTI KATNI (M.P.) है।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 08 जुलाई 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.54 अस्त : आज
05.17 उदय : कल

शहर का तापमान
32.0 0 अधिकत
25.0 0 न्यूनतम



# भालू के हमले में तीन लोगों की मौत, दो गंभीर




## भालू के हमले में एक पालतू भैंस की मौत

## ग्रामीणों ने हमला कर भालू को मौत के घाट उतारा



जागरण, सीधी

जिले के संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र के बफर जोन स्थित ग्राम पंचायत बस्तुआ की हरिजन बस्ती में आज सुबह एक भालू ने मौत का तांडव मचाया। भालू के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत हो गई और दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। भालू द्वारा एक पालतू भैंस को भी मौत के घाट उतार दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने पत्थरबाजी कर आदमखोर भालू को भी मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस एवं संजय टाईगर रिजर्व के अधिकारी एवं अमला मौके पर पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 6 बजे बस्तुआ के हरिजन बस्ती निवासी बब्बू यादव पिता गोपाल यादव उम्र 80 वर्ष अपने घर के पास थे। तभी जंगली भालू ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। बब्बू यादव के हो-हल्ला मचाने पर बचाने के लिए पहुंचे दीनबंधु साहू पिता देवशरण साहू उम्र 70 वर्ष और संतोष यादव पिता बब्बू यादव उम्र 43 वर्ष के ऊपर भी भालू ने हमला बोल दिया। भालू के हमले में बब्बू यादव और दीनबंधु साहू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि संतोष यादव को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसने भी दम तोड़ दिया। भालू के हमले के दौरान बचाव में पहुंचे मनीष साहू पिता दीनबंधु साहू उम्र 27 वर्ष और तेजबली सिंह पिता रामा सिंह उम्र 65 वर्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात दोनो को जिला अस्पताल सीधी रेफर कर दिया गया। एक घायल की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल सीधी से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर काफी दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना था कि वन्य जीवों द्वारा अब आबादी क्षेत्र में आकर लोगों पर जानलेवा हमला किया जा रहा है ऐसे में लोगों का सुरक्षित रहना काफी मुश्किल हो चुका है।

> संजय टाईगर रिजर्व के बस्तुआ में आज भालू के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत एवं दो ग्रामीण घायल हो गए हैं। भालू के हमले में एक भैंस की मौत भी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर वह स्वत: मौके पर गए और वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गंभीर रूप से एक घायल को रीवा अस्पताल के लिए रेफर किया गया।
>
> **राजेश कन्ना टी, डीएफओ**
> **संजय टाईगर रिजर्व सीधी**

## मृतक एवं घायलों के परिजनों से मिलने पहुंचे सांसद



जिले के धौहनी विधानसभा क्षेत्र के बस्तुआ में भालू के हमले में मृतक एवं घायलों के परिजनों से मिल कर सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को पीड़ितों तत्काल सहायता के आवश्यक निर्देश दिए। सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि सीधी संसदीय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बस्तुआ में जंगली भालू द्वारा किए गए घातक हमले में बब्बू यादव, उनके पुत्र संतोष यादव तथा दीनबंधु साहू की दुखद मृत्यु अत्यंत पीड़ाजनक है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मनीष साहू एवं तेजबली सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मैं स्वयं घटनास्थल पर पहुंचा और पीड़ित परिवारों से भेंट कर उनकी पीड़ा साझा की। इस दौरान विधायक कुंवर सिंह टेकाम, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल जनपद अध्यक्ष श्यामवती सिंह, मंडल अध्यक्ष पोड़ी अनीता सिंह, एसडीएम आरपी त्रिपाठी, थाना प्रभारी मड़वास भूपेश कुमार वैश, थाना प्रभारी कुसमी कप्तान सिंह, चौकी प्रभारी पोडी डीके रावत एवं चौकी प्रभारी पथरौला भी पीड़ित परिवारों के साथ मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि घायलों के उपचार में कोई कमी न रहे तथा पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाए। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें, शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## ज्योति सिंह ने सीए की परीक्षा की उत्तीर्ण



**जागरण, सीधी।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा चुरहट जिला सीधी के शाखा प्रबंधक शेर बहादुर सिंह बघेल की सुपुत्री कुमारी ज्योति सिंह ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होने 156 अंक अर्जित कर यह कामयाबी पाई है। कुमारी ज्योति सिंह की इस सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित करने वाले उनके निवास में पहुंच रहे हैं। कुमारी ज्योति सिंह आरंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांधी हाई स्कूल से, हायर सेकेण्ड्री की परीक्षा आईपीएस इंदौर, बीकॉम की परीक्षा डीएव्हीव्ही यूनिवर्सिटी इंदौर एवं सीए की परीक्षा इंदौर से उत्तीर्ण की।

## आकृति सिंह सीए की परीक्षा में हुईं उत्तीर्ण



**जागरण, सीधी।** जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम सुअरगात की होनहार बेटी आकृति सिंह ने सीए की परीक्षा में सफलता हांसिल कर अपने परिवार को गौरवान्वित किया है। उक्त सफलता पर पिता अनूप कुमार सिंह बघेल, बाबा श्यामलाल सिंह बघेल, दादी गायत्री सिंह, बड़े दाऊ अनुण सिंह बघेल, चाचा अशोक सिंह बघेल ग्राम सुअरगात (कोठिया) झलवार जिला सीधी ने बेटी आकृति सिंह को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। मध्य प्रदेश में सीए परीक्षा के नतीजे 6 जुलाई को घोषित हुए जिसमें आकृति सिंह बघेल सफल रहीं। संभवत: वह रामपुर नैकिन क्षेत्र की पहली सीए बेटी हैं। जिन्होने समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। घर में खुशी का माहौल है। मम्मी संगीता सिंह, बड़ी मम्मी, चाची, दादी, सभी छोटे-बड़े भाइयों में खुशी की लहर व्याप्त है। शुभकामनाएं देने का सिलसिला भी अनवरत रूप से चल रहा है।

## पदोन्नति नियम 2025 पर 15 तक रोंक

**जागरण, सीधी।** उच्च न्यायालय जबलपुर में मुख्य न्यायधीश विनय सर्राफ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में पदोन्नति नियम 2025 के विरुद्ध सुनवाई की गई। प्राथमिक रूप से खंडपीठ याचिकाकर्ता के तर्कों से सहमत दिखी। न्यायालय ने सरकार को कहा कि 2002 और 2025 के नियमों में क्या फर्क है यह स्पष्ट करे और यह भी कहा गया कि नए नियम लागू करने के पहले सरकार ने उच्चतम न्यायालय से अपनी अपील वापिस क्यों नहीं ली। बेंच ने प्रकरण अगले मंगलवार सुनवाई के लिए लगाया है, साथ ही निर्देशित किया कि तब तक नए नियमों के अंतर्गत पदोनन्ति संबंधी किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पदोन्नति नियम 2002 आरबी राय विरुद्ध मध्य प्रदेश शासन के प्रकरण में 2016 में ही हाई कोर्ट द्वारा निरस्त कर दिया गया था और इस तरह से पदोन्नत हुए कर्मचारियों को पदवनत करने का निर्देश भी दिया। फैसले के विरुद्ध तत्कालीन मध्य प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में चली गई तब से लेकर अब तक मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। दोनों न्यायालयों द्वारा किसी भी प्रकार के पदोन्नतियों पर रोंक न लगाए जाने के बावजूद मध्य प्रदेश सरकार ने अनायास ही सारी पदोन्नतियों पर रोंक लगा दी। तब से अब तक पदोन्नतियों पर यथावत रोंक लगी हुई है। इस अवधि में लाखों कर्मचारी बिना पदोन्नति के सेवानिवृत हो गए। वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों को पदोन्नति करने के लिए नया नियम बनाया जरूर किंतु 2002 के पुराने नियमों को ही आधार बनाकर नया नियम तैयार किया, जिससे व्यथित होकर सामान्य पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारी, कर्मचारियों का संगठन सपाक्स ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। प्रकरण की सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वारा आज उक्त निर्देश दिए गए।

## श्रम विभाग के अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

**जागरण, सीधी।** सहायक श्रम पदाधिकारी आकांक्षा पाठक ने जानकारी देकर बताया है कि बाल श्रम अधिनियम के तहत श्रम विभाग और महिला बाल विकास, पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही दिनांक 4 जुलाई 2025 को सीधी शहर और सेमरिया के बाजार क्षेत्र के समस्त दुकानों, होटलों, ढाबों और अन्य संस्थानों पर समझाइश कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान संस्थान सहित आम जनमानस को टीम का नेतृत्व कर रही सहायक श्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बाल श्रम अधिनियम 1986 के धारा 3 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी कार्य में नियोजित करना या कराना पूर्णत: प्रतिबंधित है।

## प्रभारी मंत्री ने मृतकों के परिजनों को दी आर्थिक सहायता

**जागरण, सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने जिले के बस्तुआ में भालू के हमले से मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने दिवंगत पुण्य आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कष्ट को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रभारी मंत्री ने स्वेच्छानुदान से मृतकों के निकटतम वारिस को 25-25 हजार रुपये तथा घायलों को 10 -10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। घटना के बाद प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा से चर्चा की। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भविष्य के लिए इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के ग्राम बस्तुआ में जंगली भालू के हमले से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है जबकि दो व्यक्ति इसमें घायल हो गए हैं।

## जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित



**जागरण, सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति तथा बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को बाल एवं कुमार श्रम तथा बंधुआ मजदूरी रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण एजेंसी, खनिज विभाग, होटल एवं उद्योग से जुड़े विभाग इस संबंध में सदैव एलर्ट मोड में रहें। श्रम विभाग के अधिकारियों को संस्थानों की नियमित जांच करने तथा बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी को रोकने प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने अधिनियम के प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि संशोधित प्रावधानों के अनुसार 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों का सभी प्रकार के कार्य में नियोजन प्रतिबंधित है। 14 से 18 वर्ष तक के बालकों का नियोजन खतरनाक प्रक्रियाओं में प्रतिबंधित किया गया है। बाल एवं कुमार श्रम करते पाये जाने पर 20 हजार से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना एवं 6 माह तक न्यूनतम सजा का प्रावधान है। परिवार के व्यवसाय में भी रात 7 बजे से सुबह 8 बजे तक कोई बालक कार्य नहीं करेगा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल प्रिया पाठक, चुरहट शैलेष द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा, प्रशांत त्रिपाठी, सहायक श्रम पदाधिकारी आकांक्षा पाठक सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों को की सभी जरूरतें होंगी पूरी: विश्वामित्र



**जागरण, सीधी।** हमारी सरकार ने दिव्यांग जन को विशिष्ट जन की संज्ञा दी है। दिव्यांग बच्चे अब बेसहारा नहीं है सरकार उनकी समस्यायों, आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उनके उत्थान विकास एवं सम्मान के लिए हर आवश्यक कार्य कर रही है। उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने सिहावल में आयोजित दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। आज जनपद सभागार सिहावल में राज्य शिक्षा केंद भोपाल द्वारा विकासखण्ड स्तरीय नि: शुल्क दिव्यांग विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए उपकरण वितरण शिविर का आयोजन क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के माल्यार्पण पश्चात गोपाल साकेत शिक्षक द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बीआरसीसी मुन्नालाल साकेत ने दिव्यांग बच्चों को वितरित किए जा रहे उपकरणों के बारे में जानकारी दिया।

## गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की विशेष निगरानी रखें: कलेक्टर



**जागरण, सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बरसात के महीने में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि बरसात के मौसम में स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। आशा तथा एएनएम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी रखी जाए। उन्हें समय पर टीकाकृत किया जाए तथा आवश्यक दवाइयां एवं पोषण आहार समय पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उनके सुरक्षित प्रसव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। प्रसव की तिथि के आधार पर उनके संपर्क में रहते हुए सभी कार्यवाहियां की जाएं। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लें तथा उनके संतुष्टिपूर्वक निराकरण के प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि विभाग में आने वाली शिकायतों की अनुमानित संख्या के आधार पर प्रति दिवस शिकायतों की मानीटरिंग करें तथा उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण दर्ज करायें। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को उक्त शिकायतों की स्वयं निगरानी करने तथा आगामी एक सप्ताह में लंबित शिकायतों को निरंक करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में पूरी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता बरतने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर दोषी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने बरसात के मौसम में मार्गों के रखरखाव तथा नालियों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान केंद्रित रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल प्रिया पाठक, चुरहट शैलेष द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा, प्रशांत त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के छात्र एवं शिक्षक हुए सम्मानित



**जागरण, सीधी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट सीधी ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल कायम की है। विद्यालय के छात्रों ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अद्भुत प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। उनके इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज रहे। कार्यक्रम में 10 छात्रों एवं 15 शिक्षकों का सम्मान किया गया। 12वीं विज्ञान वर्ग से अभिनव द्विवेदी- प्रथम, श्रृष्टी मिश्रा- प्रथम, प्रवेन्दु गुप्ता - द्वितीय, राहुल साकेत- द्वितीय, वैभवी राय- जीवविज्ञान में शतप्रतिशत रहा। इसी प्रकार बारहवीं- मानविकी में नीतू प्रजापति- प्रथम, आरूषि सिंह- द्वितीय एवं आशीष साकेत- तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही दसवीं में अभिनव रंजन मिश्रा- प्रथम, पदुम महेश प्रजापति- द्वितीय एवं अंश पाण्डेय- तृतीय स्थान अर्जित किया है। 12वीं के शिक्षक जिनका परिणाम उत्कृष्ट रहा सुधीर सरोज, श्रीमती रिचा, श्रीमती नमिता पाण्डेय, विद्युत कुमार एवं सतीश रहाटे तथा दसवीं के शिक्षक जिनका परिणाम उतकृष्ट रहा राज प्रकाश यादव, हेमचंन्द्र, सुबोध कुमार तिवारी, आरके यादव, श्रीमती नमिता पाण्डेय, रूपेश कुमार चौधरी, श्रीमती रिचा एवं संदीप कुमार रैदास को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य और उप प्राचार्य द्वारा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज का सम्मान किया गया। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा छात्रों से प्रेरणात्मक संवाद भी किया गया, जिसमें छात्रों को वैज्ञानिक सोच आधारित अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राज ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा प्राचार्य और उप प्राचार्य को उत्कृष्ट परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. डीके त्रिपाठी द्वारा जिला प्रशासन के समस्त अधिकारयों का आभार प्रकट किया गया और धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी अजीत पाण्डेय, मंगलेश्वर पटेल, विकास नामदेव, गोविन्द का भी विशेष योगदान रहा।






## कॉलेजों में प्रवेश प्रकिया का दो चरण पूरा, सीएलसी जारी

# रीवा और मऊगंज के 18 महाविद्यालयों में 75 प्रतिशत सीटें अब भी खाली

### कई कॉलेजों में अभी यूजी-पीजी मिलाकर नहीं पूरा हुआ 10 का आंकड़ा



जागरण,रीवा

उच्च शिक्षा विभाग की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, इसके दो चरण पूरे हो चुके हैं और सीएलसी चरण शुरू है। सीएलसी चरण के तहत तीसरे राउंड का आवंटन भी कॉलेजों को कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि शासकीय महाविद्यालयों में छात्रों की हितकारी योजनाओं सहित शिक्षा की गुणवत्ता के बड़े दावों के बीच प्रवेश की स्थिति काफी खराब है। हालात यह हैं कि रीवा और मऊगंज के 18 शासकीय महाविद्यालयों में अभी तक मात्र 25 प्रतिशत प्रवेश ही हुआ है। अभी तक 75 प्रतिशत सीटें महाविद्यालय की रिक्त हैं। बता दें कि अब प्रवेश का सीएलसी राउंड जारी है, जिसके लिए सीटों का आवंटन 5 जुलाई को कर दिया गया है लेकिन दो चरणों की प्रक्रिया के बाद इतने कम सीटों में कई बड़े सवाल खड़े कर रहा है। यह स्थिति न केवल कॉलेज प्रशासन के लिए चिंता का विषय है, बल्कि उच्च शिक्षा में छात्राओं की घटती रुचि को भी उजागर करती है।

### मात्र 6742 छात्रों ने लिए प्रवेश

बता दें कि दोनो जिले के 18 शासकीय महाविद्यालयों में कुल यूजी और पीजी मिलाकर 27445 सीटों में प्रवेश होना है, फिलहाल दो चरणों में अभी तक आवेदन के अनुसार 9572 सीटों पर प्रवेश में प्रवेश के लिए आवंटन किया गया था लेकिन इसमें मात्र 6742 छात्रों ने प्रवेश लिया है। 2830 छात्रों ने प्रवेश नहीं लिया। अब तृतीय चरण में भी छात्रों के प्रवेश के लिए सीट का आंवटन हो गया है। हालांकि जिस प्रकार से शासन द्वारा सीटों का प्रवेश के लिए आंवटन किया जा रहा है, उसके हिसाब से अब तक प्रवेश की स्थिति 70 प्रतिशत है जो कि ठीक मानी जा रही है। वहीं कुल सीटों के हिसाब से प्रवेश की स्थिति खराब है।

### कुल कॉलेज में 10 छात्र भी नहीं

जानकारी के मुताबिक अभी जिले के कुछ कॉलेज ऐसे भी हैं, जहां दो चरण होने के बाद छात्रों की संख्या ने 10 का आंकड़ा भी नहीं पाया है। संस्कृत कॉलेज में 5 छात्र, बैंकुंठपुर में 9 छात्रों ने प्रवेश अब तक लिया है। इसी प्रकार गोविंदगढ़ में 20 छात्र व गुढ़ कॉलेज में 38 छात्रों ने प्रवेश लिया है।

### यह है यूजी-पीजी प्रवेश की स्थिति...

| कॉलेज | कुल यूजी-पीजी सीट | अब तक प्रवेश |
|---|---|---|
| मॉडल साइंस कॉलेज | 4230 | 1355 |
| टीआरएस कॉलेज | 7270 | 2055 |
| जीडीसी रीवा | 4210 | 1014 |
| न्यू साइंस कॉलेज | 550 | 99 |
| लॉ कॉलेज | 225 | 131 |
| संस्कृत कॉलेज | 400 | 05 |
| दिव्यगवां कॉलेज | 990 | 247 |
| मऊगंज कॉलेज | 3370 | 941 |
| मनगवां कॉलेज | 400 | 141 |
| नईगढ़ी कॉलेज | 1090 | 122 |
| गुढ़ कॉलेज | 400 | 38 |
| त्योंथर कॉलेज | 870 | 121 |
| गोविंदगढ़ कॉलेज | 150 | 20 |
| देवतालाब कॉलेज | 970 | 317 |
| रायपुर कर्चु.कॉलेज | 150 | 10 |
| सेमरिया कॉलेज | 460 | 87 |
| हनुमना कॉलेज | 450 | 77 |
| बैकुंठपुर कॉलेज | 1260 | 09 |

(नोटः प्रवेश का यह डेटा अग्रणी महाविद्यालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार है।)

# स्कूल एवं कॉलेजों में प्रवेश को लेकर छात्रों की बढ़ रही भीड़

### नवीन सत्र में ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे ज्यादा विद्यार्थी




**जागरण, सीधी।** नए शैक्षणिक सत्र में स्कूल एवं कॉलेजों में प्रवेश को लेकर भीड़ लगातार बढ़ रही है। प्रवेश पाने के लिए छात्र-छात्राएं स्कूल एवं कॉलेजों में आवेदन जमा कर रहे हैं। जमा आवेदनों के आधार पर कई शैक्षणिक संस्थानों से प्रवेश सूची भी जारी हो रही है। जिन छात्र-छात्राओं का नाम प्रवेश सूची में शामिल है उन्हे प्रवेश देने का काम भी चल रहा है। दरअसल नए सत्र में ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश लेने के लिए जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। इसी वजह से अधिकांश स्कूलों एवं कॉलेजों में प्रवेश को लेकर समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। कक्षा 9वीं एवं 11वीं के प्रवेश के लिए उत्कृष्ट विद्यालय में जहां भीड़ बढ़ जाती है। वहीं संजय गांधी महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय में नए प्रवेश को लेकर ज्यादा समस्याएं सामने आती हैं। उक्त शैक्षणिक संस्थानों की पहचान शासकीय होने के साथ ही पठन-पाठन को लेकर भी बेहतर है। इसी के चलते अधिकांश छात्र-छात्रा इसी प्रयास में रहते हैं कि उन्हे उक्त संस्थानों में प्रवेश मिल सके। जिन छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम बेहतर हैं उन्हे नवीन प्रवेश में भी ज्यादा समस्याएं सामने नहीं आती। जिनके परीक्षा परिणाम कम हैं उनके समक्ष नए प्रवेश को लेकर भटकाव निर्मित हो जाता है। निजी शैक्षणिक संस्थाओं में जहां अधिकांश छात्र-छात्राओं को शुल्क देने पर आसानी से प्रवेश मिल जाता है। वहीं उत्कृष्ट विद्यालय, संजय गांधी महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय सीधी में प्राप्त अंक के आधार पर ही प्रवेश दिया जाता है। संजय गांधी महाविद्यालय में जिले के अन्य महाविद्यालयों से भी काफी संख्या में छात्र-छात्रा प्रवेश के लिए पहुंचते हैं। इस वजह से यहां नवीन प्रवेश के लिए प्राप्तांक प्रतिशत भी काफी ज्यादा रहता है। जिन छात्र-छात्राओं को यहां प्रवेश नहीं मिल पाता उनके द्वारा बाद में ज्ञापन देने का सिलसिला भी शुरू किया जाता है। तत्संबंध में कुछ संस्था प्रभारियों ने बताया कि उनके यहां प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या अवश्य ज्यादा है, लेकिन बैठक व्यवस्था सीमित होने के कारण ज्यादा प्रवेश देने में वह लाचार हो जाते हैं। फिर भी यह प्रयास किया जाता है कि ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाय।

### नौवीं में प्रवेश को लेकर ज्यादा भीड़

जिला मुख्यालय में आने वाले अधिकांश विद्यार्थी कक्षा 9 में प्रवेश को लेकर उत्कृष्ट विद्यालय में प्रयास करते हैं। यहां प्रवेश पाने के लिए प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक से मैरिट बनती है। नंबर कम होने पर प्रवेश नहीं मिलता। छात्राओं को उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश न मिलने पर उनके समक्ष सीएम राइज कन्या विद्यालय का विकल्प है। वहां भी छात्राओं की भारी भीड़ होने से मैरिट और सिफारिश चलती है। जिन छात्राओं का यहां से प्रवेश नहीं मिलता तो उनके लिए शासकीय आदर्श कन्या हाईस्कूल का विकल्प है। छात्रों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी खुर्द का विकल्प है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी खुर्द में पठन-पाठन का स्तर भी लगातार सुधार में होने से यहां भी छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ रही है। किंतु यहां भवन का अभाव भी बड़ी समस्या है।

# शिक्षक स्वाभिमान रैली का आयोजन 13 को



**रीवा।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में विवेकानंद पार्क में एक बैठक संपन्न हुई। मीडिया प्रभारी पुष्पेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर पूरे प्रदेश में 13 जुलाई को शिक्षक स्वाभिमान रैली का आयोजन कर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर रीवा को सौंपा जायेगा, जिसकी पूर्व तैयारी हेतु पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जवा ब्लॉक के 338 सहायक अध्यापकों का राज्य शिक्षा सेवा अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक पद पर नियुक्ति कराए जाने, ई-अटेंडेंस बंद कराए जाने, शासकीय सेवकों की भांति ओपीएस लागू कराए जाने, पदोन्नति नियम 2025 अनुसार रिक्त पदों के विरुद्ध वरिष्ठता अनुसार पदोन्नति कराए जाने, सहित बीमा, ग्रेज्युटी का लाभ दिलाए जाने आदि मांगों पर विचार विमर्श किया गया तथा निर्णय लिया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिक्षक उपस्थित होकर शिक्षक स्वाभिमान रैली का सफल आयोजन किया जाय। बैठक में रामायण प्रसाद पाण्डेय को जिला उपाध्यसक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश सिंह, विष्णु शर्मा, संजय सिंह, अर्जुन सिंह, मनीष चंदानन, स्वतंत्र प्रकाश चतुर्वेदी, रजनीश तिवारी, पुष्पराज गिरि, धरणीश द्विवेदी, धीरेश दुबे, बद्री प्रसाद चतुर्वेदी, रामदयाल साकेत, हरगोविंद नामदेव सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# पेयजल, सुविधाघर से वंचित समान स्कूल के विद्यार्थी

### सामने खुला नाला, परिसर में घूमते है जहरीले जंतु, मध्याह्न भोजन कक्ष में रिसता है पानी




**जागरण, रीवा।** शिक्षा प्रशासन के बड़े-बड़े दावों के बाद भी शासकीय स्कूलों की दशा नहीं सुधर पा रही। कई स्कूलें ऐसी हैं जहां बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को विवश हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात तो ये है कि ऐसे स्कूल जिला मुख्यालय में ही मौजूद हैं, जहां सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं, जब शहर के शासकीय विद्यालयों की ये दुर्दशा हैं तो अंचलों के स्कूलों की दशा क्या होगी, इसका सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है। इस लापरवाही का एक और प्रमाण शहर में स्थित शासकीय प्राथमिक कन्या शाला समान के रूप में देखा जा सकता है।

### 40 हजार रुपए आवंटित हुए सुविधाघर के लिए

इस विद्यालय में जारी शिक्षा सत्र में 31 छात्र-छात्राएं दर्ज हैं, जिनके उपयोग के लिए विद्यालय परिसर में सुविधाघर तक नहीं है। यहां पदस्थ शिक्षिकाओं ने बताया कि सुविधाघर के लिए 40 हजार रुपया आवंटित हुआ है, अभी निर्माण शुरू नहीं करवाया गया, वैसे भी 40 हजार रुपए में सुविधाघर कैसे बनेगा ये कहना मुश्किल है। फिलहाल बच्चे परिसर में ही निवृत्त होते हैं। स्कूल में पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है, बच्चों को प्यास बुझाने के लिए घर से बोतल में पानी भरकर लाना पड़ता है। शिक्षिकाएं भी अपनी पानी की बोतल घर से लेकर आती हैं।

### गेट के सामने खुले नाले से घुस आते हैं जहरीले जीव

विद्यालय के सामने खुला नाला है, जिससे यहां आने वाले विद्यार्थियों को कभी भी हानि होने से इंकार नहीं किया जा सकता। नाले की दीवार बनी है, किन्तु स्कूल की बाउंड्री तक नहीं बनाई गई, यहां नाला खुला छोड़ दिया गया, शिक्षिकाओं ने बताया कि स्कूल के गेट के सामने ही नाले को खोल दिया गया था, जिसे स्कूल खुलने के पूर्व ढंकवाया गया, पूर्व में स्कूल परिसर खुला पड़ा था, बाउंड्री बनवाई गई, बाउंड्री बनाने वाले निर्माण के बाद पत्थर, ईंट वगैरह परिसर में ही डाल गए हैं, जिसके चलते गेट के समीप खुले पड़े नाले से जहरीले जीव शाला परिसर घुस आते हैं, शनिवार को भी बच्चों द्वारा यहां सर्प देखा गया, परिसर में आवारा मवेशी भी घुस आते हैं, जो बच्चों को कभी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### वरिष्ठ कार्यालय को दे चुके जानकारी

शिक्षिकाओं ने बताया कि उनके द्वारा यहां व्याप्त अनियमिताओं की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को एक नहीं कई बार दी जा चुकी है, किन्तु उनका निराकरण नहीं किया जा रहा, स्कूल का रंगरोगन होना बाकी है, मध्याह्न भोजन कक्ष में बरसात का पानी रिसता है, जहां बच्चे बैठकर भोजन करते हैं, बरसात होने पर उन्हें अन्य कक्ष या बरामदे में बैठाना पड़ता है। गणवेश के लिए बच्चों की जानकारी भेज चुके हैं, फिलहाल बच्चों की गणवेश राशि जमा नहीं हुई है।

# सीए परीक्षाः देश भर में कीर्तिजा की रही 38वीं रैंक



**रीवा।** राष्ट्रीय श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता बाला व्यंकटेश शास्त्री के अनुज रंगम प्रसाद पाण्डेय की सुपुत्री कीर्तिजा पाण्डेय अपने लगन एवं निष्ठा के बल पर अखिल भारतीय सनदी लेखाकार (सीए) की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही 38 वां स्थान प्राप्त कर अपने कुल परिवार के साथ विन्ध्य वसुंधरा को भी गौरवान्वित किया। कीर्तिजा ने प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा स्प्रिंग डेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल लुधियाना और स्नातक की शिक्षा आर्या कॉलेज लुधियाना से पूर्ण कर इस मुकाम को हासिल किया। कीर्तिजा का यह स्वप्न बचपन से था, जिसे उन्होंने साकार किया। अपनी इस सफलता का श्रेय कीर्तिजा ने अपने गुरुजनों/ शिक्षकों के साथ-साथ माता -पिता और परिजनों को दी है।

# हरे माधव नारायण का प्रकाश उत्सव एवं गुरु मां हेमा देवी पेशवानी का स्मृति दिवस मनाया



**जागरण, रीवा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में हरे माधव सेवा समिति द्वारा हरे माधव नारायण का प्रकाश उत्सव एवं गुरु मां हेमा देवी पेशवानी का स्मृति दिवस मनाया गया जिसमें रीवा एवं कटनी के हरे माधव सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन एवं सत्संग से हुआ। तत्पश्चात केक काटकर खुशियां मनाई गईं एवं प्रसाद वितरण किया गया। वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्ध जनों को गिफ्ट प्रदान किया। कार्यक्रम में अनिल गोपलानी किशोर बड़वानी कैलाश जसूजा श्याम मोटवानी दीपक जगवानी रतन लाल थारवानी लक्ष्मी चंद आहूजा माता में अंजू गोपालानी कीर्ति अरोड़ा साधना होठवानी रिया जसूजा यशिका थारवानी रजनी सीतलानी एवं समस्त यूथ टीम के बाल संस्करण संस्कार के नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे। आज 7 जुलाई को संस्था द्वारा हरे माधव सत्संग एवं भंडारा हरे माधव सत्संग भवन भैरव मार्ग में आयोजित किया जाएगा। अनिल गोपलानी ने रेडक्रॉस चेयर मैन डॉक्टर प्रभाकर चतुर्वेदी को श्रेष्ठ उत्तम सेवा भाव से वृद्धाश्रम संचालन हेतु साधुवाद व धन्यवाद दिया एवं आगे आने वाले समय में वृद्धाश्रम के श्रेष्ठ संचालन में सहयोग प्रदान करने का वचन दिया।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# कारगिल विजय दिवस समारोह 26 जुलाई को

**रीवा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई कारगिल विजय दिवस समारोह 26 जुलाई को आयोजित करेगा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक सैनिक विश्राम गृह में राष्ट्रीय सचिव सार्जेंट रमेश पाण्डेयके मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कार्यकारी अध्यक्ष कैप्टन अनिल कुमार सिंह ने की और संचालन जिला महासचिव कैप्टन बी जी शमा ने किया। बैठक में बताया गया कि 26 वां ऐतिहासिक कारगिल विजय दिवस समारोह और ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम को नमन करने के लिए 26 जुलाई को मानस भवन में सुबह 11.00 बजे से विजयोत्सव पर्व के रूप में मनाया जाएगा। राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेजर जनरल आर के गुप्ता नई दिल्ली, प्रांतीय अध्यक्ष मेजर जनरल निश्चय राउत जबलपुर और ब्रिगेडियर एस बी सिंह भोपाल की आने की स्वीकृति मिल चुकी है। स्थानीय जनप्रतिनिधि जैसे उप मुख्यमंत्री, सांसद व अन्य को आमंत्रित किया जाएगा। जिला महासचिव ने बताया कि रीवा जिले के सभी युद्धों और आतंकवादी घटनाओं में शहादत देने वाले वीर सपूतों की वीर नारियों और वीर माता -पिता के साथ ही सामाजिक व प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सुबेदार मेजर मान सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, संतोष तिवारी, आर एन सिंह, रमेश तिवारी, नायब सुबेदार संतोष मिश्रा, दिलीप कुमार पाण्डेय,बी एल शर्मा,पेटी ऑफिसर गोपी पटेल, सार्जेंट ए पी त्रिपाठी, हवलदार एस के शुक्ला, राकेश द्विवेदी, गिरि शुक्ला, योगेश कुमार तिवारी, देवराज पटेल, आर एल मिश्रा, नायक चंद्रशेखर तिवारी, नन्द लाल सेन एवं अन्य इकाइयों के संयोजक/सचिव उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

**//निविदा सूचना - (3rd CALL) //**

क्रमांक- 753/ई-टेंडर/अमृत-2.0/न.पा.नि./2025 रीवा दिनांक 07.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत प्रतिष्ठित कंपनी/फर्म/एजेन्सियों/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_417478_3 07.07.2025 [THIRD CALL] 563/17.04.2025 | अमृत-2.0 के अंतर्गत रीवा नगर निगम की सीवरेज परियोजना का कार्य। | 18 माह ₹ 423.33 लाख | ₹15000.00 ₹211665.00 | 22.07.2025 18:00 बजे तक |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (सीवरेज)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

**(आशुतोष प्रताप सिंह)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)**

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक SUC/5/25
पेशी दिनांक 06.08.2025

शेर बहादुर सिंह पिता रामपाल सिंह उम्र 65 वर्ष नि. ग्रा. सोहागी तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र. ) वगै. हाल निवास मरारपारा वार्डक्र. 6 दुर्ग, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़।
........ वादीगण/आवेदकगण

बनाम

हर आम व खास
......... प्रतिवादीगण/अनावेदकगण

विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक SUC 05/2025 शेर बहादुर सिंह पिता रामपाल सिंह हाल मुकाम मरारपारा वार्ड क्र. 06 दुर्ग छत्तीसगढ़ का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अनावेदक क्रमांक SUC 05/2025 शेर बहादुर सिंह पिता रामपाल सिंह हाल निवास मरारपारा वार्ड क्र. 06 दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा यायालय श्रीमान् आशुतोष प्रताप सिंह द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत स्वत्व घोषणा आदेश-7, नियम-1 व्य.प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत हर आम व खास के विरूद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06.08.2025 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 06.08.2025 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी। नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 06.08.2025 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

आशुतोष प्रताप सिंह
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड
त्योंथर जिला रीवा म.प्र.

RN-82660

**ट्रांसफर सर्टिफिकेट गुम होने की सूचना**

दिनांक 05 जुलाई 2025 को दोपहर लगभग 02:00 बजे मैं अपने घर से कॉलेज के लिए रवाना हुई थी। रास्ते में कहीं मेरा स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate) गिर गया है, जो श्रुति मिश्रा के नाम से जारी किया गया था। जिस किसी सज्जन को यह प्रमाण पत्र प्राप्त हो, उनसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया इसे निम्नलिखित पते पर पहुँचाने की कृपा करें या नीचे दिए गए संपर्क नंबर पर सूचना दें। आपकी सहायता के लिए हम सदा आभारी रहूंगी।

भवदीय
श्रुति मिश्रा पिता जितेन्द्र प्रसाद मिश्रा
नई बस्ती पडरा, रीवा म.प्र.
मो.: 8120588372

RN-82661

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, रीवा (म.प्र.)
फोन नं. : 9425601523, 9340714903

पत्र क्र. : 622/तशा./परि.यं./म.प्र.पु.आ.अद्यो.वि.नि./2025 रीवा, दिनांक : 07.07.2025

**पुनः संक्षिप्त नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय परियोजना यंत्री, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा के अंतर्गत जीर्ण-शीर्ण शासकीय पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण की अनुमति प्राप्त कर इन भवनों का ध्वस्तीकरण निम्न शर्तों के अनुसार किया जाना है। 1. भवन जो जैसी हालत में है, ध्वस्तीकरण कर सामग्री कार्यस्थल से कार्यादेश दिनांक से 7 दिवस के अन्दर उठाना अनिवार्य होगा। 7 दिवस के अंदर सामग्री नहीं उठाई गई तो उच्चतम बोलीकर्ता से 10 प्रतिशत उच्चतम बोली का प्रत्येक दिन के हिसाब से राशि वसूली की जावेगी। 2. बोली की राशि लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्वयं उपस्थित होकर **दिनांक 15.07.2025 को सायं 2 बजे तक** कार्यालय परियोजना यंत्री, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा में प्राप्त की जावेगी। जिसके अंदर 2 लिफाफे होंगे। पहला लिफाफा में धरोहर राशि तथा दूसरे लिफाफा में बोली की राशि शब्दों एवं अंकों में उल्लेखित करना होगा। 3. धरोहर राशि जिसका ड्राफ्ट (धरोहर राशि) **Project Engineer, M.P. Police Housing & Infra. Dev. Corp. Ltd. Rewa** के नाम राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बोलीकर्ता को जमा करना होगा। ड्राफ्ट निर्धारित राशि का होने पर ही प्राप्त बोली का लिफाफा **दिनांक 15.07.2025 को सायं 4 बजे तक** खोला जावेगा। 4. उच्चतम बोली की राशि उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा जारी एकजाई रूप से कार्यालय परियोजना यंत्री मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा के नाम से 07 दिवस में जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा बोली निरस्त मानी जावेगी और धरोहर राशि राजसात की जावेगी। नीलामी संबंधी समस्त जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | शासकीय भवन का विवरण | न्यूनतम बोली (ऑफसेट प्राईस) की राशि | कोटेशन लिफाफा | कोटेशन जमा करने का स्थान | धरोहर राशि | कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना जिला मऊगंज में पुराने भवन के ध्वस्तीकरण का कार्य। | 2,07,000/- | पंजीकृत डाक द्वारा अथवा कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर | कार्यालय परियोजना यंत्री मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम रीवा तिलकनगर वार्ड नं. 11 (खुटेही), कार्यालय जनपद पंचायत के पीछे, सिरमौर रोड रीवा (म.प्र.) | 10,000/- रुपये | दिनांक 15.07.2025 सायं 2 बजे तक |

म.प्र. माध्यम/120985/2025 परियोजना यंत्री

# अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने की तैयारी रखें : कलेक्टर

## समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जागरण, मंडला ।** जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बैठक में कहा कि जिले में लगातार बारिश हो रही है, जिससे सभी नदी, नाले उफान पर हैं। निचले इलाकों में पानी भर रहा है, ऐसे में अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी पर्याप्त तैयारी रखें। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न जल स्त्रोतों पर बाढ़ का गंदा पानी जाने की आशंका है, ऐसे में दूषित जल से संक्रामक बीमारियों का खतरा है। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर टीमें तैयार रखें। संक्रामक बीमारियों उल्टी, दस्त, डायरिया आदि की सूचना मिलते ही तत्काल मेडीकल टीमें मौके पर रवाना करें। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बहुत से मार्गों में पुल, पुलियों के ऊपर नदी, नालों का पानी आ जाता है ऐसी स्थिति में लोगों को न जाने दें और आवागमन अवरुद्ध रखें।निचली बस्तियों व नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में आश्रय स्थलों की व्यवस्था रखें जिससे आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रखा जा सके। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अतिवृष्टि अथवा बाढ़ के कारण जन हानि, पशु हानि, मकान की क्षति के संबंध में 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट तैयार कर प्रकरण स्वीकृत कराएं। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि राजस्व, पंचायत, पीएचई, ऊर्जा, पीडब्ल्यूडी, ट्राईबल, परिवहन और स्वास्थ्य विभाग की शिकायतें अधिक संख्या में लम्बित हैं, यह सभी विभाग शिकायतों के निराकरण की गति तेज करें। सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग की संतुष्टि का प्रतिशत देखें और उसे बेहतर कराएं। समग्र ईकेवाईसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बुधवार को इसके लिए कैम्प लगाकर मिशन मोड में कार्य किया जाना है। संबंधित अधिकारी इसके लिए तैयारी करते हुए लक्ष्य तय करें एवं सभी संबंधित निकाय इस सप्ताह 85 प्रतिशत का बेंचमार्क प्राप्त करना सुनिश्चित करें। फूड ईकेवाईसी के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि इसमें बहुत कम संख्या में ईकेवाईसी किया जाना शेष है। जिला आपूर्ति अधिकारी एवं जेएसओ एक सप्ताह में 95 प्रतिशत की प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उच्च न्यायालय की अवमानना के प्रकरणों के विषय में कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण में न्यायालय के निर्देशानुसार कम्पलाईंस कराएं। कम्पलाईंस की एक पावती प्रति जिला शाखा में प्रस्तुत करें। इसी प्रकार रिट पिटिशन के प्रकरणों में विभाग प्रमुख गंभीरतापूर्वक समुचित जवाब न्यायालय में प्रस्तुत करें। धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि संबंधित विभाग आधार, जनधन खाता, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, सहकारिता, खाद्यान्न पर्ची, उज्जवला तथा आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं का भेजा जा रहा डाटा फ्रीज करने के पहले क्रॉशचैक करें। चिन्हित 716 ग्रामों का डाटा सभी एसडीएम अंतिम रूप से फाईनल कराएं। ई-ऑफिस के संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जो विभाग ई-ऑफिस में ऑनबोर्ड हो गए हैं वह ऑफलाईन फाईलें बंद करें। साथ ही जो विभाग ऑनबोर्ड नहीं हुए हैं वह 15 जुलाई के पूर्व ऑनबोर्ड होना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी विभाग की फाईल ऑफलाईन स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान कलेक्टर ने बिछिया नगर परिषद में उप चुनाव के लिए कराए जा रहे मतदान के संबंध में एसडीएम बिछिया श्री सीएल वर्मा से जानकारी ली। बैठक में सहस्त्रधारा रोड की मरम्मत, नहरों की मरम्मत, फसल क्षति, आंशिक मकान क्षति, नलजल योजनाओं का परीक्षण प्रतिवेदन, गौ अभ्यारण के लिए भूमि चिन्हांकन, आयुष विभाग के भवन तथा नर्सरी के लिए भूमि चिन्हांकन, बीज वितरण आदि बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## लगातार बारिश में भीमा नाला से बहे बछड़े को नैनपुर पुलिस ने सुरक्षित बचाया



### एसपी श्री सकलेचा करेंगे टीम को पुरस्कृत

मंडला जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के बीच कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा लगातार जल भराव और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में नजर बनाये हुए हैं।सभी राजस्व अधिकारी,पुलिस विभाग का अमला संयुक्त रूप से मोर्चा सँभाले हुए है।एसपी श्री सकलेचा के नेतृत्व में थाना नैनपुर पुलिस क्षेत्र में सतत भ्रमण कर रही है। इसी दौरान भीमा नाला के समीप पुलिस टीम ने देखा कि एक गाय एवं उसका बछड़ा पुलिया पार करते समय तेज बहाव में फंस गए।पानी का स्तर अधिक होने के कारण बछड़ा बहकर नीचे चला गया था।स्थिति की गंभीरता को भाँपते हुए आरक्षक सजल, आरक्षक रंजीत, आरक्षक सुरेश जैतवार एवं उप निरीक्षक विनोद, उप निरीक्षक रमेश, उप निरीक्षक जैनेंद्र तथा प्रधान आरक्षक जगदीश मसराम ने सूझ-बूझ और तत्परता दिखाते हुए तत्काल रेस्क्यू कर उन्होंने बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला और उसकी जान बचाई।पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा ने इस मानवीय पहल के लिए टीम को नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है।

# खटारा बसों एवं डम्परों पर कड़ी कार्यवाही करें : कलेक्टर



## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देश

**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूल बसों के फिटनेस की जांच करें। खटारा बसों एवं डम्फरों पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सीटबेल्ट लगाकर और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रतिदिन एक घंटे का अभियान चलाएं जिसमें लोगों को इसके लिए समझाईश दें। उन्होंने कहा कि लोडिंग तथा अनलोडिंग का समय निश्चित करें, यदि कोई ट्रांसपोर्टर निर्धारित समय के अलावा नियम उल्लंघन करता है तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही करें। आवश्यकता अनुसार एफआईआर भी करें। एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खड़देवरा से रामनगर रोड पर एनएच 30 से मिलने वाले चौराहे के पूर्व स्पीड ब्रेकर बनाएं। इसी तरह सिझौरा और भाई बहन नाला में नेशनल हाईवे से मिलने वाली सड़कों पर ब्रेकर बनाया जाना सुनिश्चित करें। एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में दिए गए निर्देशानुसार चिन्हित ब्लेक स्पॉट पर फ्लेक्स/बोर्ड लगाए गए हैं, उनके फोटो तथा वीडियो साझा करें। एसडीएम मंडला को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शहर में लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी रखें। बैठक के दौरान मार्च 2025 तक के हिट एण्ड रन के प्रकरण, कैशलेस स्कीम की एसओपी, घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि, सीवर लाईन, जबलपुर मार्ग की मरम्मत सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला परिवहन अधिकारी श्री बिमलेश गुप्ता, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम के साथ लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मध्यप्रदेश सड़क निर्माण प्राधिकरण, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अमान्य जीएसटी बिल पर 2.36 लाख का भुगतान

## सरपंच ने निजी खाते में लिए 1.50 लाख रू . सांठगांठ से चल रहा तेंदुमेर मोहतरा लूट का खेल

**जागरण, डिंडोरी ।** इन दिनों डिंडौरी जिले के ग्राम पंचायतों के विकास हेतु भेजी जा रही पांचवें और 15वें वित्त आयोग की राशि अब सरपंच-सचिव की निजी संपत्ति में बदलती दिख रही है। विकास योजनाओं के नाम पर जारी करोड़ों की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है।जिससे ग्रामीण क्षेत्र आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।ताजा मामला जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुमेर मोहतरा का आया है जहां सरपंच—सचिव की जोड़ी के द्वारा किए गए भारी वित्तीय अनियमितताओं का मामला उजागर हुआ है। बता दें कि सरपंच ओंकार सिंह धुर्वे और सचिव कमल सिंह पट्टा पर आरोप है कि उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से प्राप्त राशि का दुरुपयोग किया है।सूत्रों के अनुसार, पंचायत में बिना जीएसटी नंबर, धुंधले व अमान्य बिलों के आधार पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया। विशेष रूप से 5वें वित्त आयोग की राशि में ?2.36 लाख की अमान्य जीएसटी नंबर फर्जी फर्म को भुगतान किया गया, जो नियमों का खुला उल्लंघन है।भ्रष्टाचार का मामला यहीं नहीं रुक इससे एक कदम आगे बढ़ कर सरपंच—सचिव के द्वारा 15वें वित्त आयोग की राशि में किया गया है। पंचायत के विकास कार्यों हेतु जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) के तहत अधिकृत बैंक खाते से खर्च की जानी थी। इसके विपरीत, सरपंच और सचिव ने मिलकर इस राशि को निजी खाते में ट्रांसफर कर भुगतान किया। दस्तावेजों के अनुसार, ?8,500, ?30,450, ?8,500, ?16,750, ?50,000, ?5,000 और ?9,000 की राशि निजी खाते में स्थानांतरित की गई।इतना ही नहीं, फोटोकॉपी जैसे सामान्य कार्यों के नाम पर भी मनमाना भुगतान हुआ, जिससे नियमनिकाय व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब मिलीभगत से, अपने चहते फर्मों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके ।

# अनुकंपा नियुक्ति शासन की सेवा के दौरान दिवंगत हुए लोगों के परिवार को आर्थिक संबल देने का एक प्रयास है : मंत्री संपतिया उइके



**जागरण, मंडला ।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान मृत्यु हो जाने पर कर्मचारी के परिवार पर आर्थिक संकट आ जाता है। जिन्होंने अपने परिवार के मुखिया को खोया उसका दर्द परिजन ही समझ सकते हैं। अनुकंपा नियुक्ति शासन की सेवा के दौरान दिवंगत हुए लोगों के परिवार को आर्थिक संबल देने का एक प्रयास है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जिला योजना भवन में आयोजित तृतीय स्मृति सुमन शिविर को संबोधित कर रहीं थी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

मंत्री श्रीमती उइके ने अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर रहे सभी नव नियुक्ति कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप शासन के नीतिगत प्रावधानों के अनुसार अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें। यह आपके लिए अंतिम पड़ाव नहीं है, आगे और पढ़ाई करते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर आप सभी उच्च पदों को भी प्राप्त कर सकते हैं। तृतीय स्मृति सुमन शिविर में कुल 9 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई। जिसमें श्री विपिन उद्दे को सहायक ग्रेड-3 जिला राजस्व स्थापना कार्यालय, श्री जितेन्द्र वैष्णव को सहायक ग्रेड-3 जनजातीय कार्यविभाग मंडला, श्री मनीष कुमार नेताम को चतुर्थ श्रेणी जनजातीय कार्यविभाग मंडला, श्री शक्तिकुमार श्रीवास को चतुर्थ श्रेणी जनजातीय कार्यविभाग मंडला, कु. आसमा परवार को चतुर्थ श्रेणी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मंडला, श्री वेदप्रकाश कुर्वेती को चतुर्थ श्रेणी कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता मंडला, श्री दुष्यंत तेकाम को चतुर्थ श्रेणी उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंडला, श्री अजयसिंह बघेल को ग्राम पंचायत सचिव तथा श्री विकास चौहान को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर नवीन नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

## ई-अटेंडेंस प्रणाली के खिलाफ एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

**छतरपुर ।** शिक्षा विभाग ने प्रदेश भर के शिक्षकों के लिए फरमान जारी किया है कि वह हमारे शिक्षक ऐप को डाउनलोड करें और इसके माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करें। अन्य विभागों की तुलना में सबसे ज्यादा अगर किसी को परेशान किया जाता है तो वह शिक्षा विभाग का शिक्षक है। नियमित विद्यालय जाकर शैक्षणिक कार्य में लगे शिक्षक हेतु तमाम प्रकार के नियम बनाए जा रहे हैं। ई-अटेंडेंस प्रणाली के खिलाफ आज मंगलवार को शाम 5 बजे से 6 बजे तक कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए शिक्षक मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजेंगे। राज्य शिक्षक संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष राम प्रकाश बाजपेई ने बताया कि ई-अटेंडेंस प्रणाली लागू होने से प्रदेश भर के शिक्षकों में गहरा आक्रोश है। संगठन द्वारा हर जिला स्तर पर इसका विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को शाम पांच से 6 बजे तक जिले के सभी शिक्षक प्रदर्शन करते हुए अपना विरोध जताएंगे और इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। राज्य शिक्षक संघ ने अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया है।

## नगरपालिका ने सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत स्कूल में चलाया जागरुकता कार्यक्रम

**छतरपुर ।** नगरपालिका छतरपुर द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक स्वच्छता जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नगर पालिका की स्वच्छता अभियान टीम ने विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। यह अभियान नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं सीएमओ माधुरी शर्मा के निर्देश पर स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया के नेतृत्व में नगरपालिका की स्वच्छता अभियान टीम ने स्कूलों में जाकर बच्चों को हाथ धुलने की विधि बताई गई, घर की स्वच्छता, पड़ोस की स्वच्छता, शौचालय की स्वच्छता, स्वच्छ नाली व जल निकास एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल के बारे में जानकारी दी गई। घर में स्वच्छता बनाए रखने, घरों के आसपास या घरों की छत पर टायर, गमले आदि में बारिश का पानी इकट्ठा न होने दे, शौचालय उपयोग करने के बाद दूसरे छात्रों के उपयोग हेतु स्वच्छ रखे, किसी भी तरह की सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न स्वयं करे न किसी अन्य को करने दे सभी को कपड़े का थैला एवं कागज के थैले का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। साथ ही कचरे के लिए डस्टबिन का उपयोग हमेशा करे, जैसे गीले व सूखे कचरे के दो अलग-अलग डस्टबिन रखने तथा अपने घरों में साफ सफाई के प्रति माता पिता को जागरूक करे और अगर कोई गंदगी फैलाते दिखता है तो उन्हें रोके-टोके।

## एमसीबीयू से वैदिक गणित में डिप्लोमा कर पाएं रोजगार




**जागरण, छतरपुर ।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में कुलगुरु प्रोफेसर शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में इस अंचल के विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से अनेक पाठ्यक्रम संचालित किय जा रहे हैं। इन्हीं पाठ्यक्रम में शामिल एक डिप्लोमा इन वैदिक मैथमेटिक्स भी संचालित हो रहा है। इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित के प्रश्नों को शीघ्र एवं सही हल निकाल सकते हैं तथा इससे विद्यार्थियों को ज्योतिष विज्ञान के अध्ययन एवं जानकारी में भी मदद मिलेगी इस समय प्रवेश प्रक्रिया चल रही है जो भी प्रवेश लेना चाहे लिंक पर जाकर प्रवेश ले सकते हैं। किसी प्रकार की परेशानी होने पर हेल्प डेक्स से या डॉक्ट एन पी प्रजापति विभाग अध्यक्ष वैदिक गणित से संपर्क कर सकते हैं।

## जमीनी विवाद में पुलिस के सामने चले लाठी-डंडे

**छतरपुर ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम अतानिया में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट की घटना हुई। विवाद को शांत करने पहुंची पुलिस के सामने यह मारपीट हुई, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्राम श्यामरी के पास अतानिया में यादव समुदाय के दो परिवारों के बीच जमीन के कब्जे को लेकर विवाद शुरू हुआ। स्थिति तब बिगड़ गई जब एक पक्ष ने दूसरे गांव से 50 से अधिक लोगों को बुलाकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से हुई इस मारपीट में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। विवाद को रोकने पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस के सामने हमलावरों ने आक्रमण किया। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और हिंसक झड़प साफ दिखाई दे रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में लिया है और पीड़ितों की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

## शिक्षकों की स्थानांतरण सूची में गड़बड़ी पर शिक्षक संगठन ने कलेक्टर को सुधार करने लिखा पत्र

**जागरण, डिंडोरी ।** शासकीय शिक्षक संगठन जिला डिंडौरी के अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या को पत्र लिखकर जिले में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण (स्थानांतरण) में संशोधन की मांग की है। संगठन की ओर से बताया गया है कि जारी स्थानांतरण सूची में गंभीर त्रुटियाँ पाई गई हैं — जिनमें कुछ सेवानिवृत्त शिक्षकों के नाम शामिल हैं तथा एक ही शिक्षक का दो स्थानों पर स्थानांतरण दर्शाया गया है। पत्र में यह भी आग्रह किया गया है कि पति-पत्नी शिक्षकों के स्थानांतरण को समायोजित कर एक ही स्थान पर पदस्थ किया जाए, जिससे पारिवारिक जीवन पर विपरीत प्रभाव न पड़े। संगठन ने कलेक्टर से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन शिक्षकों के मामले में पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, जिन्हें कार्यग्रहण में कठिनाई आ रही है।सूत्रों के अनुसार, जिले में स्थानांतरित 25ल शिक्षकों ने पहले ही अपने नवीन स्कूलों में पदभार ग्रहण कर लिया है। साथ ही जिन शालाओं में अब तक शिक्षक शून्य थे, वहाँ अब शिक्षकों की नियुक्ति संभव हो पाई है। जिले में सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग वासनिक एवं कलेक्टर नेहा मारव्या सिंह के नेतृत्व में निरंतर आदिवासी क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जीर्णशीर्ण भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करें : कलेक्टर

## राशन हितग्राही राशन दुकान पर जाकर ई-केवायसी कराएं सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में लापरवाही पर कई अधिकारियों को शोकॉज कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न



**जागरण, छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम एवं निकायों के सीएमओ और जनपदों के सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि शीघ्र संबंधित थानों से खातमा रिपोर्ट लगवाकर राहत राशि स्वीकृत करें जिससे प्रकरणों का जल्द भुगतान हो। कलेक्टर ने जून माह की सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की खराब ग्रेडिंग एवं लंबित शिकायतों में सीएमएचओ को सुधार लाने के स्पष्ट निर्देश दिए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने कृषि विभाग की सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायत में एसडीओ राजनगर की नॉन अटेंडेंड शिकायत होने पर 1 दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की लंबित शिकायतों में सुधार लाने के लिए सभी सीईओ को निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में महिला बाल विकास विभाग की लंबित शिकायतों के संबंध में जानकारी ना दे पाने पर एपीओ की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए तहसीलदार घुवारा एवं बिजावर को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए और रैंकिंग में सुधार के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा सुधार नहीं होने पर वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। इसके अलावा बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर सीएमओ हरपालपुर की 1 दिन की वेतन राजसात करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जीर्णशीर्ण भवनों में डीपीसी, डब्ल्यूसीडी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को ध्वस्त योग्य भवनों के शीघ्र अप्रूव कराकर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के लिए भेजने के निर्देश दिए। निकायों के सीएमओ को भी चिन्हित जीर्णशीर्ण भवनों के मरम्मत एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी जीर्णशीर्ण भवन ना होने के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें ,इसके बाद भी यदि कोई दुर्घटना होती है तो स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सभी फाइलें ई ऑफिस के माध्यम से ही भेजने के निर्देश :** ई ऑफिस प्रणाली की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कोई भी फिजिकल फाइल नहीं भेजेगा। सभी सामान्य प्रकार की फ़ाइल ई ऑफिस पर ही भेजें, साथ ही जीर्णशीर्ण भवनों की सभी फाइल भी ई ऑफिस पर ही भेजें। कलेक्टर ने सागर कबरई एनएच 34 प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए एसडीएम बड़ामलहरा, बिजावर, महाराजपुर एवं छतरपुर को अंश निर्धारण बढ़ाने और जल्द भुगतान कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने केन बेतवा प्रोजेक्ट में बिजावर अनुभाग में परिसंपत्तियों के पारित अवॉर्ड की राशि में भुगतान बढ़ाने के एसडीएम को निर्देश दिए।

**सीईओ और सीएमओ को डुप्लीकेट समग्र के डिलीशन के निर्देश :** कलेक्टर ने आधार से समग्र ई केवाईसी की समीक्षा करते हुए जनपद सीईओ एवं सीएमओ को एक आधार में दो या अधिक लंबित समग्र लिंक होने पर डिलीशन किए जाने के निर्देश दिए। राशन पोर्टल पर पंजीकृत समग्र ई केवाईसी में सभी सीईओ एवं सीएमओ को बिना केवाईसी वाले व्यक्ति की राशन दुकान पर ही ई केवाईसी कराएं।सभी एसडीएम कैंप के आदेश निकालकर जिनकी ई केवाईसी नहीं हुई उनकी ई केवाईसी कराएं।

## अन्नपूर्णा रामलीला समिति मनाएंगी 75वां अमृत महोत्सव

**छतरपुर ।** शहर की श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति गल्ला मंडी द्वारा 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 13 जुलाई को एक भव्य ध्वज यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए बीती रात समिति ने नगर के प्रमुख धार्मिक और सामाजिक संगठनों के साथ एक वृहद बैठक की, जिसमें इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य बनाने पर चर्चा हुई। आयोजन समिति ने बताया कि श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति पिछले 74 वर्षों से लगातार रामलीला का आयोजन करती आ रही है, और 2025 में इसका 75वां वर्ष विशेष रूप से अमृत महोत्सव महायज्ञ के रूप में मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत 13 जुलाई को दोपहर 3 बजे मोटे के महावीर मंदिर से एक विशाल ध्वज यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा छत्रसाल चौक, महल रोड, और चौक बाजार होते हुए रामचरितमानस मैदान पहुंचेगी। यात्रा के दौरान अन्नपूर्णा मंदिर और रामलीला भवन के शिखर पर ध्वज चढ़ाया जाएगा। जिले के बड़ामलहरा, बक्सवाहा, बिजावर, राजनगर, चंदला, लवकुशनगर, हरपालपुर और नौगांव जैसे क्षेत्रों से धर्मप्रेमी ध्वज लेकर मोटे के महावीर मंदिर में एकत्रित होंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष दृगेंद्र देव सिंह चौहान ने सभी धर्मप्रेमियों से इस ध्वज यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने और सुझाव साझा करने का आग्रह किया। यह आयोजन छतरपुर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को और समृद्ध करेगा।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# भारत ने खेल भावना में दिखाई परिपक्वता

> पहलगाम जैसी आतंकी घटना का सामना करने के बावजूद भारत ने खेल भावना को बनाए रखकर परिपक्वता का सबूत दिया है। सरकार का यह फैसला ही दोनों देशों के बीच के अंतर को सामने ला देता है।

इस समय भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कार्रवाई कीं। लेकिन जब बात खेल की होती है, तो यह तनाव अंतरराष्ट्रीय मानकों और प्रतिबद्धताओं से टकरा जाता है। अगले महीने बिहार के राजगीर में आयोजित होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम को खेलने की अनुमति मिलने के पीछे भी कुछ ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय खेल सिद्धांतों और भारत की वैश्विक खेल छवि की चिंता छुपी हुई है। दरअसल, 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट खेला जाएगा, जिसमें कई एशियाई देशों की टीमों के साथ पाकिस्तान की हॉकी टीम भी शामिल होगी। सरकार ने पाकिस्तान की हॉकी टीम और निशानेबाजों को भारत आने की अनुमति दे दी है। भारत को हॉकी के एशिया कप और एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है। इसके अलावा शूटिंग में आईआईएसएफ जूनियर विश्व कप भी होना है। दोनों देशों के बीच तनाव को देखते हुए यह असमंजस बना हुआ था कि पाकिस्तान इन इवेंट्स में हिस्सा ले पाएगा या नहीं, लेकिन भारत ने जिम्मेदारी भरा परिचय दिया। सरकार का यह फैसला ही हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच के अंतर को सामने ला देता है। ऑपरेशन सिंदूर चलाते वक्त भी भारत ने यही कहा कि उसकी लड़ाई केवल आतंकियों से है, आम लोगों से नहीं। पाकिस्तानी इस्टैब्लिशमेंट के किए की सजा उसके खिलाड़ियों को देना सही नहीं होगा। भारत का कदम इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन और ओलिंपिक कमिटी की नीतियों के अनुरूप है, जो खेल में निष्पक्षता और सहभागिता पर जोर देते हैं। खेल को राजनीति से नहीं मिलाया जा सकता। वैसे भी मेजबान होने के नाते भारत पर जिम्मेदारी ज्यादा है। उसे इन इवेंट्स में सभी प्रतिभागी देशों को समान मौके उपलब्ध कराने चाहिए और उसने यही किया। आईओसी और एफआईएच जैसी संस्थाओं के नियम बेहद कड़े हैं। पाकिस्तान को अनुमति नहीं देने पर खुद भारत के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं। ईरान ने अपने खिलाड़ियों को इजराइल का सामना करने से मना किया और इसके चलते 2021 में इंटरनेशनल जूडो फेडरेशन ने उस पर बैन लगा दिया था। खुद पाकिस्तान ने जब 2019 में प्रो लीग हॉकी के पहले तीन मैचों से नाम वापस लिया, तो अंतरराष्ट्रीय संस्था ने उसे पूरे टूर्नामेंट से ही बाहर कर दिया था।

हालांकि, भारत-पाक के बीच राजनीतिक तनाव को देखते हुए यह संदेह बना हुआ था कि पाकिस्तान को वीजा मिलेगा या नहीं। लेकिन अब खेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ सूत्र ने स्पष्ट किया है कि भारत सरकार पाकिस्तान की टीम को वीजा देने के पक्ष में है, क्योंकि यह मामला द्विपक्षीय मुकाबले का नहीं, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का है। खेल लोगों को जोड़ने का माध्यम बन सकता है। सरकारों के स्तर पर न सही, आम लोगों के स्तर पर संबंध सुधारने की हर पहल का स्वागत होना चाहिए।

# पहाड़ों की संवेदनशीलता को समझना भी जरूरी

जलवायु संकट

**पंकज चतुर्वेदी**



> गंभीरता से देखें तो इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं। दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगें बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे।

सुंदर, शांत, सुरम्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों कुदरत ने रौद्र रूप धारण किया है। छोटे से राज्य का बड़ा हिस्सा अचानक आई तेज बरसात और जमीन खिसकने से त्रस्त है तो जहां आपदा आई नहीं वहां के लोग भी आशंका में जी रहे हैं। आषाढ़ में मानसून की पहली बौछार के साथ ही कई जिलों, विशेषकर कुल्लू और धर्मशाला में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इससे कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। कुल्लू और धर्मशाला जिलों में अनेक जगह बादल फटने की घटनाएं हुईं, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई है और अनेक लापता हैं। पिछले एक हफ्ते में कम से कम 30 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। कांगड़ा के खनियारा क्षेत्र में इंदिरा हाइड्रो प्रोजेक्ट के पास फ्लैश फ्लड में 20 मजदूर बह गए, जिनमें से कुछ के शव बरामद हुए हैं, बाकी की तलाश जारी है। कुल्लू की सेंज घाटी में तमाम पर्यटक फंसे हुए हैं। यहां बादल फटने से एक ही परिवार के तीन लोग बह गए। धर्मशाला-चतरो-गगल मार्ग और अपर शिमला क्षेत्र में त्यूणी-हाटकोटी मार्ग जैसे कई प्रमुख मार्ग भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अभी तो सावन-भादों आगे हैं।

दुखद यह कि वैज्ञानिकों द्वारा इस बारे में दी गई ढेर सारी चेतावनियां फाइलों में बंद हैं। सरकारी महकमे अपने ढर्रे पर काम कर रहे हैं जबकि पहाड़ जलवायु परिवर्तन के विविध कुप्रभावों से ग्रस्त हैं।

इसी साल 14-15 फ़रवरी को आईआईटी, बॉम्बे में सम्पन्न दूसरे इंडियन क्रायोस्फीयर मीट में आईआईटी रोपड़ के वैज्ञानिकों ने एक शोधपत्र प्रस्तुत कर बताया था कि हिमाचल राज्य का 45 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। 5.9 डिग्री और 16.4 डिग्री के बीच औसत ढलान वाले और 1,600 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्र विशेष रूप से भूस्खलन और बाढ़ दोनों के लिए प्रवण हैं। इस बैठक में दुनियाभर के लगभग 80 ग्लेशियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। इतनी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद न समाज चेता और न ही सरकार। नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, इसरो द्वारा तैयार देश के भूस्खलन नक्शे में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों को बेहद संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। देश के कुल 147 ऐसे जिलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से मंडी को 16वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़ा और चेतावनी फाइल में सिसकती रह गई। यही हाल शिमला का हुआ जिसका स्थान इस सूची में 61वें नम्बर पर दर्ज है। प्रदेश में 17,120 स्थान भूस्खलन संभावित क्षेत्र अंकित हैं, जिनमें से 675 बेहद संवेदनशील मूलभूत सुविधाओं और घनी आबादी के करीब हैं। भूस्खलन की दृष्टि से किन्नौर जिला को सबसे खतरनाक माना जाता है। बीते साल भी किन्नौर के बटसेरी और न्यूगलसरी में दो हादसों में ही 38 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद किन्नौर जिला में भूस्खलन को लेकर भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण के विशेषज्ञों के साथ-साथ आईआईटी, मंडी व रुड़की के विशेषज्ञों ने अध्ययन किया है। अगर समय पूर्व चेतावनी देने के तंत्र की माकूल व्यवस्था की गई होती तो शायद जान-माल का इतना नुकसान नहीं होता। वैसे बादल फटना कोई सामान्य मौसमी घटना नहीं है। जलवायु परिवर्तन की वजह से ऐसी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ रही है।

हिमाचल सरकार की डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेल द्वारा प्रकाशित एक 'लैंडस्लाइड हैज़ार्ड रिस्क असेसमेंट' अध्ययन ने पाया कि बड़ी संख्या में हाइड्रोपावर स्थल पर धरती खिसकने का खतरा है। लगभग 10 ऐसे मेगा हाइड्रोपावर प्लांट, स्थल मध्यम और उच्च जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों में स्थित हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सर्वेक्षण कर भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित किए हैं। चेतावनी के बाद भी किन्नौर में, एक हजार मेगावाट की करचम और 300 मेगावाट की बासपा परियोजनाओं पर काम चल रहा है। एक बात और समझनी होगी कि वर्तमान में बारिश का तरीका बदल रहा है और गर्मियों में तापमान सामान्य से कहीं अधिक पर पहुंच रहा है। ऐसे में मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने की राज्य की नीति को एक नाजुक और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में लागू किया जा रहा है। यदि गंभीरता से देखें तो इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं।

दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगें बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे, तब हिमाचल की जल धाराओं पर छोटे-बड़े बिजली संयंत्र लगाकर उसे विकास का प्रतिमान निरुपित किया जा रहा था। कहने को तो प्रदेश के 50 स्थानों पर आईआईटी, मंडी द्वारा विकसित आपदा पूर्व सूचना यंत्र लगाये गए हैं। लेकिन आपदाएं बताकर नहीं आतीं। कई शोध पत्र कह चुके हैं कि हिमाचल प्रदेश में अंधाधुंध जल विद्युत परियोजनाओं से चार किस्म की दिक्कतें आ रही हैं।

पहला इसका भूवैज्ञानिक प्रभाव है, जिसके तहत भूस्खलन, तेजी से मिट्टी का ढहना शामिल है। यह सड़कों, खेतों, घरों को क्षति पहुंचाता है। दूसरा प्रभाव जलभूवैज्ञानिक है जिसमें देखा गया कि झीलों और भूजल स्रोतों में जल स्तर कम हो रहा है। तीसरा नुकसान है- बिजली परियोजनाओं में नदियों के किनारों पर खुदाई और बह कर आये मलबे के जमा होने से वनों और चरागाहों में जलभराव बढ़ रहा है। ऐसी परियोजनाओं का चौथा खतरा है, सुरक्षा में कोताही के चलते हादसों की संभावना।

हमें उन परियोजनाओं से बचना है, जो हिमालय पहाड़ के मूल स्वरूप पर खतरा हों। जलवायु परिवर्तन पूरे एशिया में चरम मौसमी घटनाओं को बढ़ा रहा है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में तीव्र हीटवेव, तूफान और बाढ़ का भारत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। जलवायु परिवर्तन संचार पर येल प्रोग्राम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में 71 फीसदी भारतीयों ने गंभीर हीटवेव का एहसास किया, जबकि आधे से अधिक लोगों ने सूखा, जल प्रदूषण या कृषि हानि का सामना किया।


जलवायु परिवर्तन के कारण केरल में वायनाड भूस्खलन जैसी घटना, जिसमें 220 से अधिक लोगों की मौत हुई थी, में दस फीसदी अधिक वृद्धि हुई। हिमालय में अनियमित मानसून और ऊंचाई पर बादल फटने की घटनाएं-जो कभी दुर्लभ थीं-अब अधिक होने लगी हैं, जिससे हिमनद झीलें भर गई हैं और उनकी नाजुक हिमोढ़ दीवारें अस्थिर हो गई हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण मानवीय और आर्थिक क्षति बहुत होती है। आपदा रोधी बुनियादी ढांचा गठबंधन का अनुमान है कि वैश्विक बुनियादी ढांचा नुकसान का 70 फीसदी (प्रतिवर्ष 800 अरब डॉलर) जलवायु से संबंधित है तथा भारत जैसे देश इससे असमान रूप से प्रभावित हैं।

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि हिमालयी क्षेत्र में तेजी से बदलते मौसम के मिजाज को समझने की जरूरत है। बचाव के क्या रास्ते हो सकते हैं, इस पर विचार करना होगा। यह जलवायु संकट का ही परिणाम है कि अब पहाड़ों पर भी गर्मी पड़ रही है और मानसून में बादल फटने की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि नमी बढ़ने और गर्म हवा के तेजी से ऊपर उठने के कारण बादल फट रहे हैं और तबाही मचा रहे हैं।ऐसे में चट्टानें, मिट्टी और पेड़ बहते हुए जब नीचे की ओर तेजी से आते हैं, तो रास्ते में आने वाली हर चीज को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। कृषि भूमि तो बर्बाद होती ही है, सड़कें और पुल भी ध्वस्त हो जाते हैं और जानी नुकसान भी होता है। हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में बार-बार बादल फटने की घटनाएं गंभीर चेतावनी है, जिसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

# पहली प्राथमिकता हो हवाई यात्रियों का भरोसा बहाल करना

एयरलाइंस सुरक्षा

**कमलाकर सिंह**



> एयर इंडिया और इंडिगो तथा स्पाइस जेट जैसी देश की प्रमुख एयरलाइनों में जब इस प्रकार की घटनाएं होती हैं, तो इससे यात्री के विश्वास पर गहरा असर पड़ता है और यह पूरे विमानन तंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी बन जाती है। ज़रूरत है कि यात्रियों का भरोसा पुनः बहाल किया जाए और हर दुर्घटना को सीख बनाकर भविष्य को सुरक्षित बनाया जाए।

हाल ही में भारत में कुछ बड़ी विमान दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें अहमदाबाद में एयर इंडिया की एक फ्लाइट का हादसा विशेष रूप से चर्चा में रहा। यह विमान 12 जून को अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद रिहायशी इलाके में गिर पड़ा, जिससे भारी जानमाल का नुकसान हुआ। इससे पहले एक अमेरिकी एयरलाइंस का विमान अमेरिकी सेना के हेलिकॉप्टर से हवा में टकरा गया था, जिसमें 67 लोगों की जान चली गई थी। एक दिन पूर्व ही चीन से जापान जा रहा जापान एयरलाइन का विमान बोइंग 737 एयर टर्बुलेंस में फंस कर 26000 फीट नीचे आ गया,यात्रियों में अफरा तफरी मच गई पायलट ने किसी तरह विमान में काबू पाया और ओसाका में इमरजेंसी लैंडिंग कराई। भारत में ही बीते सप्ताह इंडिगो एयरलाइंस से जुड़ी कुछ चिंताजनक घटनाएं सामने आईं। एक मामले में तकनीकी खराबी के चलते विमान को उड़ान भरने से ठीक पहले रोका गया, वहीं एक अन्य फ्लाइट को इंजन ओवरहीटिंग की आशंका के कारण आपातकालीन जांच से गुजरना पड़ा। अभी हाल ही में गोवा से पुणे के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइस जेट के क्यू 400 विमान की विंडो का फ्रेम तेज हवा में उखड़ गया। एयर इंडिया और इंडिगो तथा स्पाइस जेट जैसी देश की प्रमुख एयरलाइनों में जब इस प्रकार की घटनाएं होती हैं, तो इससे यात्री के विश्वास पर गहरा असर पड़ता है और यह पूरे विमानन तंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी बन जाती है। इन घटनाओं के पीछे क्या कारण हो सकते हैं? इस पर अमेरिका के ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर और पूर्व पायलट शॉन प्रुचनिकी ने कुछ अहम बिंदु सामने रखे हैं। उनका कहना है कि कई बार विमान निर्माण कंपनियों में गुणवत्ता मानकों से समझौता किया जाता है और दोषपूर्ण विमानों को भी पास कर दिया जाता है। पूर्व पायलट ने यह भी चिंता जताई कि आजकल कई एयरलाइंस कम अनुभव वाले पायलटों की नियुक्ति कर रही हैं, जो सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। हाल की घटनाओं ने यात्रियों का भरोसा डगमगाया है। यदि हम इन समस्याओं का सक्रिय समाधान नहीं तलाशते, तो भविष्य में और भी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने तकनीक के बेहतर इस्तेमाल पर ज़ोर दिया जिससे पायलटों की सहायता और सुरक्षा दोनों बढ़ाई जा सके। इन घटनाओं का असर आम यात्रियों के मानसिक निर्णयों पर भी पड़ रहा है। स्वयं मेरे साथ भी ऐसा हुआ – मैं पिछले हफ़्ते दिल्ली जाने का विचार कर रहा था, लेकिन इन हादसों के चलते मेरे मन में भी संकोच और असमंजस पैदा हो गया कि क्या मैं हवाई यात्रा करूं या नहीं। भोपाल से दिल्ली जाने वाली केवल दो ही प्रमुख एयरलाइंस एयर इंडिया व इंडिगो हैं, और दोनों को लेकर हाल में कुछ तकनीकी दिक्कतें सामने आई हैं। नतीजतन, मुझे अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी। इस प्रकार यात्रियों का यह मानसिक असमंजस एयरलाइंस कंपनियों के लिए एक नई चुनौती है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा की गई जांचों में यह भी सामने आया है कि कई मामलों में एयरलाइनों और हवाई अड्डों की ओर से आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन सही ढंग से नहीं हो रहा। विमानों की मरम्मत के दौरान सुरक्षा प्रक्रियाओं की अनदेखी, इंजीनियरों द्वारा कुछ खराबियों का दस्तावेजीकरण न किया जाना और उड़ान सिमुलेटरों में पुराने सॉफ़्टवेयर का उपयोग जैसी बातें चिन्ताजनक हैं। साथ ही, रिपोर्ट की गई तकनीकी खराबियाँ बार-बार सामने आना निगरानी और सुधार प्रक्रिया की कमजोरियों को दर्शाता है। इन सबके बीच सरकार और विमानन कंपनियां भी अपनी भूमिका निभा रही हैं। अब ज़मीन पर गतिविधियों, विमान संचालन और नियमों के पालन पर करीबी नजर रखी जा रही है और चूक की स्थिति में एयरलाइनों को त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। भारत में विमानन उद्योग ने बीते वर्षों में तेज़ी से विकास किया है। हालांकि भले ही कुछ हालिया घटनाएं चिंता का कारण बनी हों, लेकिन उनसे सीख लेकर सुधार की प्रक्रिया भी लगातार चल रही है। भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में विमानन क्षेत्र सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। ज़रूरत है कि यात्रियों का भरोसा पुनः बहाल किया जाए और हर दुर्घटना को सीख बनाकर भविष्य को सुरक्षित बनाया जाए। यह समय है जब केवल तकनीकी सुधारों पर ही नहीं, बल्कि पायलट प्रशिक्षण, मानव संसाधन विकास और एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम को भी नई दिशा देने की आवश्यकता है। यदि हम ठोस और समयबद्ध कदम नहीं उठाते, तो आने वाला समय और अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है। लेकिन यदि हम सजग रहें, सुधार करें –तो न केवल हवाई यात्रा फिर से भरोसेमंद बनेगी, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी एक सुरक्षित विकल्प सिद्ध होगी।

प्रसंगवश

# सत्ता से जुड़ाव की वजह से बुलंद होते हैं अपराधियों के हौसले

> पश्चिम बंगाल में एक के बाद एक सामने आते मामलों से यह साफ है कि सत्ता से जुड़ाव, चाहे सीधा हो या परोक्ष, अपराधियों के हौसले बुलंद करता रहा है।

पश्चिम बंगाल में हाल के सालों में सामने आए दुष्कर्म के तीन बड़े मामलों ने सिर्फ कानून व्यवस्था पर ही नहीं, बल्कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राजनीतिक संरचना पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इन मामलों में शामिल कई आरोपियों के सीधे तौर पर या छात्र राजनीति के जरिए टीएमसी से जुड़े होने का मामला सामने आ रहा है।

जून 2025 में एक प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया, जिसने राज्यभर में आक्रोश की लहर दौड़ा दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कॉलेज के सीनियर छात्र मोनोजित मिश्रा ने पहले उसे अपने झांसे में लिया और फिर सुनियोजित तरीके से दोस्तों प्रमित मुखोपाध्याय और जैब अहमद के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

इतना ही नहीं, इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई, जिसका इस्तेमाल पीड़िता को ब्लैकमेल करने के लिए किया गया। जांच में सामने आया कि मोनोजित और प्रमित का जुड़ाव तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) से रहा है, जो टीएमसी की छात्र इकाई है। कॉलेज में टीएमसीपी के बैनर तले आयोजित कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय मौजूदगी के वीडियो भी सामने आए।

आरजी कर कॉलेज की मेडिकल छात्रा के साथ गैंगरेप के मामले का आरोपी संजय रॉय, एक सिविक वॉलंटियर के रूप में 2019 में कोलकाता पुलिस से जुड़ा था। लेकिन उसने 'सही कनेक्शनों' का उपयोग कर खुद को पुलिस वेलफेयर सेल में ट्रांसफर करवाया और आरजी कर अस्पताल में लगातार पोस्टिंग पाई। जांच में सामने आया कि रॉय लंबे समय से अस्पताल परिसर में ही रह रहा था। महिला वार्डों तक उसकी बेरोकटोक पहुंच थी। यहीं एक महिला से बलात्कार का आरोप उस पर लगा, जिसने न सिर्फ पुलिस की विफलता को उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि किस तरह एक व्यक्ति राजनीतिक और प्रशासनिक छत्रछाया में लंबे समय तक अपराध करता रहा। संदेशखाली यौन उत्पीड़न और जमीन कब्जा कांड भी सत्ता की आड़ में सुनियोजित शोषण के रूप में सामने आया। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र में सामने आया यह मामला सत्ता और अपराध के गठजोड़ का सबसे वीभत्स उदाहरण बनकर उभरा। यहां गांव की कई महिलाओं ने खुलकर सामने आकर आरोप लगाया कि वर्षों से उन्हें शारीरिक शोषण और जमीन हथियाने के काले धंधे का सामना करना पड़ रहा था।

इस नेटवर्क का संचालन करने वाले तीन मुख्य आरोपी शाजाहान शेख, शिबाप्रसाद हाज़रा और उत्तम सरदार तृणमूल कांग्रेस से जुड़े रहे हैं। शाजाहान को स्थानीय टीएमसी नेता और सत्ता का प्रभावशाली चेहरा माना जाता था। वहीं शिबाप्रसाद पंचायत पद पर रहा, जबकि उत्तम सरदार को टीएमसी कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता था। पीड़ित महिलाओं के मुताबिक अगर वे विरोध करतीं तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती और उनके परिवारों पर केस दर्ज करा दिए जाते। यह मामला राष्ट्रीय सुर्खियों में तब आया जब एक पीड़िता ने आत्महत्या कर ली, जिसके बाद राज्य सरकार पर दबाव बढ़ा।


**कैसे बुलंद होता है बलात्कारियों का हौसला :** सवाल यह नहीं है कि आरोपी कौन हैं, सवाल यह है कि सत्ता उनके पीछे क्यों खड़ी है ? टीएमसी ने इन मामलों हमेशा यही कहा है कि क़ानून अपना काम करेगा लेकिन सवाल इसलिए उठते हैं कि क़ानून खुद जब इन आरोपियों के हाथ में कठपुतली बनकर घूम रहा हो तो फिर काम कौन करेगा? मगर एक के बाद एक सामने आते मामलों से यह साफ है कि सत्ता से जुड़ाव, चाहे सीधा हो या परोक्ष, अपराधियों के हौसले बुलंद करता रहा। दरअसल हर बार चुनाव में ममता बनर्जी की ऐतिहासिक जीत बंगाल में हर व्यक्ति को तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा रखने के लिए काफी है क्योंकि अगर आप सत्ता से दूर हुए या सत्ता के विरोध में खड़े हुए तो फिर सिर्फ़ राजनीति के दलदल में ही नहीं फँसेंगे बल्कि सामान्य जिंदगी भी जीना मुश्किल हो सकता है।

जीवन दर्शन

# शुकराना उनका, जो हर पल जीवन रचते हैं

सूरज की पहली किरण, तारों की छांव, धूप की गर्मी, रात की शीतलता, चाय की गर्माहट और बच्चों की फूलों-सी खिलखिलाहट - हर दिन क्या कुछ नहीं ले आता हमारे लिए। छोटी-छोटी बातें, जो वाकई में इतनी भी छोटी नहीं होतीं। हमारे जीवन को सजाने के लिए इनमें से हर एक चीज को बहुत मेहनत से तैयार किया है दिव्य शक्तियों ने। ये उपहार हैं शक्तियों के अद्भुत समन्वय, संतुलन और सहजता के। सोचिए, उमस भरी गर्मी में अचानक से ठंडी हवा का छू जाना क्या बस ऐसे ही हो जाता हैड़ पृथ्वी की गति, सूरज के ताप, विज्ञान और भूगोल - एक झोंके के लिए इतना सब साधती है प्रकृति। तो क्यों न इसके लिए शुकराना अदा किया जाए - कृतज्ञता जताई जाए उन सबके लिए, जो हमें मिल रहा है। इस शुकराने में ही छिपा है असली आनंद। विभिन्न सभ्यताओं में वैसे भी परंपरा है प्रकृति को धन्यवाद देने की - खेतों में फसलों के लिए, पेड़ों पर फलों के लिए, भोजन के लिए, बारिश के लिए। भारत में पोंगल, मकर संक्रांति, लोहड़ी, बिहू, छठ जैसे व्रत-त्योहार हैं, तो अमेरिका में थैंक्स गिविंग डे - जापानी नई फसल के लिए शुकराना करते हैं नीनामेसाई से, तो यहूदियों के रिवाज में है सुकोट। आइए, इसी परंपरा को आगे बढ़ाएं और कहें - शुक्रिया पृथ्वी, जो आप अपने एक्सिस पर घूमती हैं। यह गति न होती, तो जीवन थम जाता। न दिन होता और न रात। धरती का घूमना प्रतीक है जीवन की निरंतरता का - और इस बात का कि वक्त कभी थमता या थकता नहीं। शुकराना सूरज का, जिसका हर दिन आसमान में चमकना केवल खगोलीय घटना नहीं, मानवता के लिए वरदान है। इसकी किरणों में ही वे कारण छिपे हैं, जिन्होंने इस ग्रह को जीवंत किया। सूरज की रोशनी दरअसल ऊर्जा का पावर हाउस है। इसमें मौजूद ऊर्जा से पोषण, रोशनी और ऊष्मा मिलती है। ये किरणें ही पेड़-पौधों को अपना खाना तैयार करने की ताकत देती हैं यानी धरती पर जीवन का मुख्य आधार और सोलर एनर्जी के रूप में ऊर्जा का अथाह भंडार ।धन्यवाद चंद्रमा और उसके साथी वे सितारे, जिन्होंने रात को भी इतना खूबसूरत बना दिया। चांद की वजह से ही अंधेरा कभी पूरी तरह अपना कब्जा नहीं जमा पाता। सूरज से रोशनी का कुछ कतरा लेकर खुशी-खुशी हम पर न्योछावर कर देता है चांद। उसने सदियों राहगीरों को रास्ता दिखाया और धरती का बैलेंस बनाया। पृथ्वी हो, सूरज, चांद या फिर कोई और ग्रह-उपग्रह, नक्षत्र-तारा - सब हैं अपने में ताकतवर और विशिष्ट ऊर्जा से भरे हुए। इसके बाद भी इनकी शक्तियां मिल-जुलकर यूं काम करती हैं, जिससे हमें हर रोज जीवन का अनमोल उपहार मिलता रहे। इनको पहचान कर और उनका शुकराना कर हम उन शक्तियों को महसूस व आत्मसात कर सकते हैं। तो अगली बार जब बारिश की बूंदों से, हवा से, सुबह से या शाम से सामना हो, कहिएगा - धन्यवाद।

॥गीता॥



**श्लोक**

**यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति।**
**शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यःस मे प्रियः॥**

**भावार्थ**

जो न कभी हर्षित होता है, न द्वेष करता है, न शोक करता है, न कामना करता है तथा जो शुभ और अशुभ सम्पूर्ण कर्मों का त्यागी है। वह भक्तियुक्त पुरुष मुझको प्रिय है।

## संक्षिप्त खबरें

### नौ सूत्रीय मांगों को लेकर धरना देगा कर्मचारी मंच

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच की बैठक रविवार को खेल परिसर 74 बंगला भोपाल में प्रांता अध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रस्ताव पारित करके निर्णय लिया गया कि 9 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 20 जुलाई को अंबेडकर जयंती मैदान तुलसी नगर भोपाल में धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि बैठक में 9 सूत्री ज्ञापन तैयार किया गया। स्थाई कर्मियों को सातवां वेतनमान का लाभ दिया जाए, दैवेभो कर्मचारियों को नियमित किया जाए, सुरक्षा श्रमिकों को कुशल श्रमिक का वेतन दिया जाए एवं पीएफ सुविधा का लाभ दिया जाए, स्थाई कर्मी दैवेभो कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिकों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाए, 10 साल की सेवा पूरी कर चुके दैनिक वेतन भोगी एवं सुरक्षा श्रमिकों को स्थाई कर्मी योजना का लाभ दिया जाए, समस्त अनियमित कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान किया जाए, अनियमित कर्मचारियों का शोषण बंद किया जाए, दैवेभो एवं सुरक्षा श्रमिकों को 11 माह का एरियार भुगतान किया जाए और स्थाई कर्मी दैवेभो कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिकों को अवकाश सुविधा एवं मेडिकल सुविधा का लाभ देने आदि मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

### 50 पुलिस कर्मियों के तबादले

**जागरण, भोपाल।** पुलिस महकमे में एक बार फिर बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। देर रात पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने 50 पुलिसकर्मियों के तबादले के आदेश जारी किए। तबादलों की इस सूची में 6 उप निरीक्षक ( सब इंस्पेक्टर), 8 असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (एएसआई), 23 प्रधान आरक्षक ( हेड कांस्टेबल) और 13 आरक्षक ( कांस्टेबल ) शामिल हैं। यह तबादले प्रशासनिक दृष्टि से किए गए हैं। पुलिस विभाग में लगातार हो रहे फेरबदल को लेकर चर्चाएं तेज हैं। गौरतलब है कि इससे पहले पिछले गुरुवार को भी 48 पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन भेजा गया था। लगातार हो रहे इन तबादलों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार और अनुशासन बनाए रखने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

### पहले से भव्य निकलेगी महाकालेश्वर की सवारी

**विसं भोपाल ।** मुख्यमंत्री की मंशानुरूप भगवान महाकालेश्वर की सवारी और अधिक भव्य रूप में निकाली जाएगी। आगामी श्रावण-भादो-मास में भगवान महाकालेश्वर की निकलने वाली सवारियों की अलग-अलग थीम होगी और पहली सवारी वैदिक उद्घोष की थीम पर होगी। सावन माह में प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की जाएगी जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियाँ भी होगी। भगवान महाकालेश्वर की प्रथम सवारी 14 जुलाई, द्वितीय सवारी 21 जुलाई, तृतीय सवारी 28 जुलाई, चतुर्थ सवारी 4 अगस्त, पंचम सवारी 11 और राजसी सवारी 18 अगस्त को निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश अनुसार इस बार सवारियों में विशेष आयोजन किए जाएंगे।

### नियुक्तियों पर विवाद: हिंदी विवि में विकलांग आरक्षण की अनदेखी

**भोपाल।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में 13 असिस्टेंट प्रोफेसर पदों पर हुई नियुक्तियों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विश्वविद्यालय पर आरोप है कि इन भर्तियों में न केवल विकलांगों के लिए आरक्षित पदों की अनदेखी की गई, बल्कि संविधान द्वारा निर्धारित रोस्टर व्यवस्था का भी पालन नहीं किया गया। यह मामला वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार को हिंदी विश्वविद्यालय में कार्यपरिषद की बैठक रखी गई है। बैठक के एजेंडे को प्रोफेसरों की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने के बिंदु को शामिल नहीं किया गया है, ताकि कार्यपरिषद के सदस्यों को इस संबंध में विचार विमर्श करने का मौका नहीं मिल सके।

# जारी होते-होते आधी रह गई स्थानांतरण सूची

## डेढ़ दर्जन अधिकारियों के दायित्व बदले जाने थे, महज नौ का हुआ तबादला

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** एक पखवाड़े से जिस स्थानांतरण सूची का मंत्रालय से लेकर मैदानी अधिकारियों को इंतजार था, वह रविवार को जारी होते-होते आधी रह गई। तकरीबन डेढ़ दर्जन अधिकारियों के दायित्व बदले जाने थे, लेकिन महज 9 अधिकारियों के ही तबादला आदेश जारी हो पाए। इनके अलावा एक दर्जन से ज्यादा कलेक्टर के भी तबादले किए जाने थे, वह सूची भी रोक दी गई है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा एक बड़ी प्रशासनिक सर्जरी को लेकर पिछले 15 दिनों से कवायद की जा रही थी। इनमें से कुछ ऐसे विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को बदलने को लेकर मंथन किया जा रहा था, जिन्हें लेकर उनके विभागीय मंत्रियों ने नाराजगी जताई थी। सूत्रों का कहना है कि रविवार को जो सूची जारी हुई है, उसमें उच्च शिक्षा जैसे विभाग में बदलाव कर दिया है। सबसे अहम चर्चा नगरीय विकास एवं आवास विभाग में बदलाव को लेकर हो रही है। यहां से सामान्य प्रशासन विभाग भेजे गए संजय कुमार शुक्ल विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पंसदीदा अधिकारी माने जाते हैं। जब विजयवर्गीय इंदौर के महापौर थे, तब शुक्ल वहां आयुक्त थे, तभी से दोनों के बीच काम का अच्छा तालमेल था।



### मंडलोई का सीएस से बेहतर तालमेल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के एसीएस पद से हटाए गए डॉ. राजेश राजौरा के स्थान पर नीरज मंडलोई को सीएम की टीम में शामिल किया गया है। कहा जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से डॉ. राजौरा और मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ बेहतर तालमेल का अभाव था। डा. राजौरा मुख्यमंत्री के पसंद के अधिकारी है,ऐसे में वो उन्हें किसी भी तरह की कंट्रोवर्सी में नहीं लाना चाहते थे। इसलिए उन्हें हटाकर नीरज मंडलोई को अपनी टीम में शामिल करा दिया। मंडलोई उन आईएएस अधिकारियों में शामिल है,जिनका मुख्य सचिव के साथ बेहतर तालमेल है। ऐसे में सीएम सचिवालय को सीएस के पास मुख्यमंत्री के निर्देशों और संदेश को पहुंचाने में पहले से ज्यादा अब ज्यादा आसानी होगी।

| अधिकारी का नाम, वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|
| 1. डॉ. राजेश कुमार राजौरा (1990), अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश तथा उपाध्यक्ष, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग एवं प्रबंध संचालक, नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड एवं वि.क. अ-सह-सदस्य (पुनर्वास), नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण | 1. (1) अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग (2) उपाध्यक्ष, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं प्रबंध संचालक, नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड एवं वि.क.अ.-सह-सदस्य (पुनर्वास), नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, भोपाल तथा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग (अतिरिक्त प्रभार) |
| 2. संजय दुबे (1993), अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग एवं अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सा.प्र.वि. (मा.अ.प्र.) तथा विधिक एवं सतर्कता प्रकोष्ठ एवं अपर मुख्य सचिव (समन्वय) तथा अध्यक्ष, कर्मचारी चयन मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) | 2. (1) अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग (2) अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (अतिरिक्त प्रभार) |
| 3. नीरज मंडलोई (1993), अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग | 3. अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, एसीएस, ऊर्जा विभाग तथा एसीएस, लोक सेवा प्रबंधन विभाग (अतिरिक्त प्रभार) |
| 4. संजय कुमार शुक्ल (1994). अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा अपर मुख्य सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा अपर मुख्य सचिव, विमानन विभाग (अतिरिक्त प्रभार) | 4. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, अपर मुख्य सचिव, सा.प्र.वि. (मा.अ.प्र.) तथा विधिक एवं सतर्कता प्रकोष्ठ एवं अपर मुख्य सचिव (समन्वय), तथा अध्यक्ष, कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) |
| 5. डीपी आहूजा (1996), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग तथा प्रमुख सचिव, आयुष विभाग (अतिरिक्त प्रभार) | 5. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग तथा प्रमुख सचिव, आयुष विभाग (अतिरिक्त प्रभार) |
| 6 एम. सेलवेन्द्रन सचिव किसान कल्याण, कृषि विकास विभाग तथा सचिव कार्मिक (अति. प्रभार) | 6. सचिव कार्मिक, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग |
| 7. निशांत वरवड़े (2003), आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश, भोपाल | 7. सचिव मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग |
| 8. प्रबल सिपाहा (2009), वि.क.अ.-सह-सचिव,, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इन्दौर | 8. आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश, भोपाल |
| 9. राखी सहाय (2015), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम | 9. सचिव मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर |

# वन ग्राम पंचायतों को और मिलेंगे अधिकार : सीएम

**पेसा एक्ट क्रियान्वयन समिति की बैठक में सीएम ने दिए निर्देश**

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार पेसा एक्ट के क्रियान्वयन को परिणाममूलक बनाने के लिए ग्राम पंचायतों को अधिकार संपन्न बनाने की तैयारी में है। इसमें सरकार पेसा मोबीलाइजर्स की नियुक्ति और उन्हें हटाने का अधिकार ग्राम पंचायतों को दिया जाएगा। यह संकेत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को अपने निवास पर पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए गठित की गई राज्य-स्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष समिति तथा कार्यकारी समिति की बैठक में दिए। समत्व भवन में अधिकारियों की मौजूदगी में सीएम ने कहा कि मोबीलाइजर्स को अपने दायित्वों के प्रति पूरी निष्ठा दिखानी होगी और अब यह देखना ग्राम पंचायतों का होगा कि जिन उद्देश्यों को लेकर मोबीलाइजर्स की नियुक्ति की गई थी, उनके द्वारा उसका अनुसरण किया जा रहा है या नहीं। सीएम ने कहा कि सरकार वनवासियों के साथ खड़ी है। सभी वनवासियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें और उनके जीवन में विकास का प्रकाश लाने की दिशा में काम करें। वनवासियों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रबंध किए जाएं। सीएम ने ककहा कि जनजातीय वर्ग के अध्ययनरत एवं रोजगार कर रहे बच्चों का सामाजिक सम्मेलन बुलाएं, जिसके जरिए सरकार इन बच्चों को उन तक पहुंचने वाले लाभ का फीड-बैक भी लेगी और जिन्हें क्या जरूरत है, उन तक सरकार की योजनाएं तथा सुविधाएं भी पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वो वनाधिकार के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का तेजी से निराकरण कर 31 दिसंबर 2025 तक पेंडेसी जीरो स्थिति में लेकर आए। वनाधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए महाराष्ट्र सरकार के जलयुक्त शिविर अभियान की तरह समन्वय पर आधारित मॉडल राज्य भी में अपनाया जाए।

**एक्शन प्लान से होगा गांवों का विकास:** सीएम ने कहा कि वन क्षेत्र के सभी गांवों के विकास के लिए प्रस्ताव दिए जाएं। यह कार्य एक्शन प्लान बनाकर किया जाए। जनजातियों के पारम्परिक ज्ञान को उनके विकास के लिए बनाई जा रही नीति निर्माण में भी शामिल किया जाए। इसी तरह सामुदायिक आजीविका के साधनों पर फोकस कर जनजातियों की नकद आय के साधन बढ़ाने की दिशा में उन्हें दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# दिखावे की कमेटियां, जांच के नाम पर हो रही लीपापोती

## पीडब्ल्यूडी: प्रदेश के पुल और पुलियों का निर्माण जांच के दायरे में लेकिन अफसर कर रहे अनदेखी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** जबलपुर और भोपाल के अलावा प्रदेश के अन्य शहरों के पुल और पुलिया जांच के दायरे में आ रहे हैं। उक्त पुल और पुलियों पर कमेटियों की नजर नहीं पहुंच रही है, जो जर्जर हो रहे हैं या उनके निर्माण कार्य में गड़बड़ी हो रही है। प्रमुख सचिव जांच करने कमेटियां गठित कर देते हैं। अधिकारी एक दूसरे के क्षेत्र में स्वागत सत्कार कराकर लौट आते हैं। गत वर्ष तत्कालीन एसीएस नीरज मंडलोई ने हर परिक्षेत्र के लिए कमेटियां गठित की थीं। कमेटियों ने इंजीनियरों पर दिखावे के लिए छोटी-मोटी कार्रवाई कर है। कमेटी की नजर जबलपुर के आरओबी पर नहीं पड़ी। भोपाल के अंबेडकर और ऐशबाग आरओबी की तकनीकी गलतियों पर नजर नहीं गई। यहां तक कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग स्वयं इंजीनियर होने के बाद भी क्षेत्र में निरीक्षण करते रहे, लेकिन उनकी नजर ऐशबाग आरओबी की डिजाइन पर पड़ी। अब ऐशबाग आरओबी पूरे देश में अनोखी बनाबट के कारण वायरल हो रहा है। इसके निर्माण में आधा दर्जन से ज्यादा इंजीनियर निलंबित हो चुके हैं। निलंबित हुए दो सीई और शेष इंजीनियर ने मुख्यालय में अपनी उपस्थिति ही दर्ज नहीं कराई है। शासन को उन्हें निलंबित किए एक सप्ताह से ज्यादा का समय बीत गया है, लेकिन वे अभी तक विभाग से गायब बने हुए हैं।

### प्रदेश में पीडब्ल्यूडी के चल रहे हैं 500 करोड़ के प्रोजेक्ट

राज्य में पीडब्ल्यूडी के करीब 500 करोड़ के प्रोजेक्ट पर निर्माण कार्य चल रहे हैं। देश में 81 हजार किलोमीटर सड़कों का नेटवर्क है। इसमें नौ हजार 315 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग, 12 हजार 568 किलोमीटर स्टेट हाईवे, 25 हजार 420 किलोमीटर मुख्य जिला मार्ग और 33 हजार 697 किलोमीटर ग्रामीण सड़के शामिल हैं। उनके निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी ने ठेकेदारों को ठेके दे रखे हैं। प्रदेश में चल रहे प्रोजेक्ट अपनी दिशा में सही कार्य नहीं कर रहे हैं। उनकी गुणवत्ता में समझौता किया जा रहा है। इससे आमजन को मिलने वाली राहत ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगी। 2023 में पीएस रहते हुए सुखबीर सिंह ने आदेश जारी करते हुए स्टेट क्वालिटी मानिटर्स का गठन किया था। इसमें सात टीमें गठित की गई थी, जिसने कार्य भी तेजी से किया था। अब यह व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। पीएस सिंह ने दोबारा से पीडब्ल्यूड की कमान संभाल ली है। इससे निर्माण कार्यों में सुधार करने के लिए वे स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स को संजीवनी देकर जीवित कर सकते हैं। इसे लेकर विभाग में चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### ऐसे कार्य करता था मॉनिटर्स

स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स को सड़कों, पुलों एवं भवनों के निरीक्षण के लिए एक पूर्वनिर्धारित रोस्टर के अनुसार भेजा गया था। इस रोस्टर में स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के कमेटी बनाकर इन्हें साप्ताहिक आधार पर परिक्षेत्र एवं संभाग आवंटित किये जायेंगे और निरीक्षण के लिए भेजा जाता था।

### सीएम राइज स्कूलों के निर्माण कार्य को दी गई थी रफ्तार

पूर्व के आदेश में पीएस सिंह ने प्रमुख अभियंता कार्यालय एवं सड़क विकास निगम द्वारा विशेष मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण के कार्यों के निरीक्षण को प्राथमिकता दी थी। परियोजना संचालक कार्यालय एवं भवन विकास निगम द्वारा सीएम राइज स्कूलों को प्राथमिकता दी गई थी, जिसके कारण आज सीएम राइज स्कूल के भवन बनते हुए दिखाई दे रहे हैं।



# जयंती पर भाजपा नेताओं ने डॉ. मुखर्जी को किया याद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा नेताओं ने रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी 125वीं जयंती पर याद किया। नेताओं ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक स्व मुखर्जी सच्चे राष्ट्रभक्त थे। वे प्रबल राष्ट्रवाद के प्रखर प्रणेता और सदैव राष्ट्रहित चिंतन में जीने वाले मुखर विचारक थे। डॉ मुखर्जी केवल एक राजनीतिज्ञ नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टि वाले राष्ट्रनायक थे। उनका जीवन राष्ट्र प्रेम, आत्मबलिदान और सेवा भावना की प्रेरणा देता है। उन्होंने भारतीय जनमानस की आवाज को बड़ी मुखरता से तत्कालीन सरकार के सामने रखा। उन्होंने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का नारा देकर राष्ट्रीय एकता की आधारशिला को शिद्दत से मजबूत किया। स्व. डॉ. मुखर्जी देश की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के पक्षधर थे। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए नई दिशा, नये विचार दिये। उनके विचारों और मूल्यों को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम में भोपाल सांसद आलोक शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, भाजपा के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति, राहुल कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# 1.20 लाख विद्यार्थियों को यूजी और 36 हजार को बीएड की सीटें आवंटित

**12 को जारी होगा पीजी की सीटों का आवंटन**

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के एक हजार 200 निजी और सरकारी कालेजों की स्नातक (यूजी) की सीटों पर एक लाख बीस हजार विद्यार्थियों को सीटों का आवंटन कर दिया है। विद्यार्थी दस जुलाई तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। इसी तरह एनसीटीई को करीब दस कोर्स में 36 हजार विद्यार्थियों को सीटों का आवंटन किया गया है।

विभाग ने स्नातकोत्तर (पीजी) के आवंटन को अभी रोक दिया है। इसमें करीब 25 हजार विद्यार्थियों का आवंटन होना है। विभाग अभी तक सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम और दूसरे चरण की काउंसलिंग में करीब एक लाख 82 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश दे चुका है। दूसरे राउंड में यूजी में करीब 40 हजार और पीजी में करीब 18 हजार विद्यार्थियों ने फीस जमा कर प्रवेश लिया था। एनसीटीई कोर्स के तीसरे राउंड में विद्यार्थी दस जुलाई तक प्रवेश लेने के लिए आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टीसी, माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होकर लिंक एनिशिएट कराएंगे। इसके बाद वे फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। विद्यार्थियों को 11 जुलाई तक फीस जमा करने के लिए मौका दिया गया है। फीस जमा नहीं करने की दशा में विद्यार्थियों के प्रवेश को अमान्य कर दिया जाएगा।

### रिजल्ट में अटके प्रवेश

प्रदेश का कोई भी विवि यूजी के अंतिम वर्ष का रिजल्ट जारी नहीं कर सका है। इसके कारण बीएड की सीटों पर प्रवेश देने में विभाग को परेशानी आ रही है। जबकि विभाग ने दूसरे वर्ष के आधार पर बीएड सहित अन्य कोर्स में अस्थायी प्रवेश देने की व्यवस्था की है। अंतिम रिजल्ट आने पर विद्यार्थी पास हो जाता है, तो उसके प्रवेश को मान्य कर दिया जाएगा। फेल होने की स्थिति में प्रवेश अमान्य कर दिए जाएंगे। वहीं एनसीटीई कोर्स में प्रवेश देने के लिए विभाग ने एमपी आनलाइन को हटाकर एसआरआईटी बैंगलुरु को ठेका दिया है। एसआरआईटी प्रवेश प्रक्रिया का सहजता से काउंसलिंग नहीं करा पा रहा है। इसके कारण विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। विद्यार्थी होने के बाद भी विभाग उक्त कोर्स में प्रवेश नहीं दे पा रहा है।

**एनसीटीई कालेजों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| प्रदेश में कालेज | 775 |
| प्रदेश में कुल सीट | 67 हजार |
| प्रथम राउंड में प्रवेश | 14 हजार |
| दूसरे राउंड में आवंटन | 12 हजार 220 |
| तीसरे राउंड में आवंटन | 36,000 |

| कोर्स | सीट | प्रवेश |
|---|---|---|
| बीएड | 58977 | 26219 |
| बीएबीएड | 3450 | 1199 |
| पीबीएड | 150 | 66 |
| एमपीएड | 325 | 218 |
| बीईएलएड | 100 | 24 |
| एमएड | 3160 | 724 |
| बीपीएड | 1550 | 570 |
| बीएससीबीएड | 2800 | 790 |
| बीएड-एमएड | 250 | 68 |

**यूजी-पीजी में सीटों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| यूजी सीटें | 5,54,9017 |
| पहले राउंड में आवंटित | 1,51,878 |
| पीजी सीटें | 1,94,8257 |
| पहले राउंड में आवंटित | 47,150 |
| यूजी दूसरे राउंड में आवंटन | 58000 |
| पीजी दूसरे राउंड में आवंटन | 22000 |
| सीएलसी यूजी | 1,20,000 |

**विभाग मौन** | एमपीपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर के नतीजे एक माह पहले कर चुका है घोषित

# चयनित असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति लटकी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा शासकीय महाविद्यालयों के लिए विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर घोषित चयन परिणामों को एक महीने से अधिक समय बीत चुका है। इसके बावजूद उच्च शिक्षा विभाग की ओर से न तो दस्तावेज सत्यापन शुरू किया गया है, न ही नियुक्ति की दिशा में कोई आधिकारिक प्रक्रिया आगे बढ़ी है। कई विषयों के रिजल्ट जारी, फिर भी प्रक्रिया ठप है। इतिहास, वाणिज्य, संस्कृत, गणित, भौतिक विज्ञान सहित कई विषयों के चयन परिणाम जारी हो चुके हैं। प्रदेश के कई सरकारी कॉलेजों में लंबे समय से नियमित शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। अधिकांश संस्थानों में गेस्ट फैकल्टी के सहारे पढ़ाई संचालित हो रही है, जिससे छात्रों की गुणवत्ता आधारित शिक्षा प्रभावित हो रही है। ऐसी स्थिति में जब योग्य और चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध हैं, तब भी नियुक्ति में हो रही देरी समझ से परे है। अभ्यर्थियों ने वर्षों की मेहनत और प्रतियोगी परीक्षा प्रक्रिया से गुजरकर सफलता प्राप्त की है, लेकिन उन्हें अब तक कोई दिशा-निर्देश नहीं मिल पाया है कि आगे की प्रक्रिया कब शुरू होगी।

### उच्च शिक्षा की चुप्पी चिंता का विषय

चयन परिणाम घोषित होने के बाद विभाग की ओर से कोई आधिकारिक समय-सारणी या सूचना जारी नहीं की गई है। इससे चयनित अभ्यर्थियों में निराशा और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि विभाग नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण नहीं करता, तो इससे न केवल छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी, बल्कि राज्य की उच्च शिक्षा की साख पर भी सवाल उठेंगे। वहीं नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि मध्यप्रदेश का कोई भी शासकीय कॉलेज या विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर की टॉप रैंकिंग में स्थान नहीं बना पाया है। इसका एक मुख्य कारण योग्य फैकल्टी की कमी और नियुक्तियों में अनावश्यक देरी भी मानी जा रही है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संस्कृत का रिजल्ट आए 151 दिन और गृह विज्ञान के परिणाम आए 147 दिन बीत जाने के बाद भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया।

### चयनित अभ्यर्थियों की अपील

- नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र शुरू किया जाए।
- दस्तावेज सत्यापन की तारीखें घोषित की जाए।
- पूरे कार्य को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए।

**इन विषयों के आ चुके हैं रिजल्ट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ईंग्लिश | (200/194) | भूगर्भशास्त्र | (7) |
| कॉमर्स | (124) | पेंटिंग | (6) |
| गणित | (124) | सैन् विज्ञान | (5) |
| हिंदी | (116/112) | सांख्यिकी | (5) |
| इतिहास | (77/72) | मराठी | (4) |
| होम साइंस | (42) | म्यूजिक वोकल | (2) |
| विधि | (29) | संस्कृत प्राच्य | (2) |
| भूगोल | (23) | डांस | (2) |
| उद्रू | (19) | म्यूजिक वाद्य | (2) |
| साइकोलोजी | (18) | बायो केमेस्ट्री | (1) |
| संस्कृत | (17) | पर्यावरण सांइस | (1) |
| फिलॉसफी | (12) | संस्कृत साहित्य | (1) |
| संगीत | (8) | **टोटल** | **747** |

**इनके इंटरव्यू बचे**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाइब्रेरियन | (255) | राजनीति | (80) |
| केमेस्ट्री | (160) | समाजशास्त्र | (80) |
| स्पोर्ट आफिसर | (129) | केमेस्ट्री फिजिकल | (1) |
| फिजिक्स | (115) | केमेस्ट्री ओरगेनिक | (1) |
| जंतुविज्ञान | (115) | संस्कृत ग्रामर | (1) |
| अर्थशास्त्र | (104) | **टोटल** | **1041** |

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई ...

को देश के अन्य राज्यों में भी इस तरह का विशेष पुनरीक्षण लागू करने से रोका जाए, वहीं एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आशंका जताई है कि मतदाता सूची से नाम हटने पर नागरिकता तक खतरे में पड़ सकती है। ऐसे में यह विवाद विपक्षी राजनीति के लिए बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है, जो आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की रणनीति का अहम औजार साबित हो सकता है। बिहार से उठा यह विवाद अब राष्ट्रीय राजनीति की आग बनता दिख रहा है। याचिकाओं में निर्वाचन आयोग की अधिसूचना को संविधान विरोधी और अल्पसंख्यकों, दलितों और प्रवासी मजदूरों के खिलाफ बताया गया है। राजद सांसद मनोज झा की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट में दलील पेश करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जो समयसीमा तय की गई है, वह बेहद असंभव है। उन्होंने कहा कि नवंबर में संभावित विधानसभा चुनावों से पहले इतने बड़े स्तर पर पुनरीक्षण करना न सिर्फ व्यावहारिक रूप से कठिन है, बल्कि इससे लाखों लोग वोटिंग से वंचित हो सकते हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि बिहार में करीब 8 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 4 करोड़ को इस प्रक्रिया के तहत नए दस्तावेज देने होंगे। यदि कोई 25 जुलाई तक दस्तावेज नहीं देता, तो उसका नाम सूची से हटा दिया जाएगा, जो संविधान के अनुच्छेद 325 और 326 का उल्लंघन है।

### लुधियाना में मिले 15,606...


उपलब्ध हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मध्यप्रदेश सरकार ने अपनी उद्योग अनुकूल नीतियों को दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि हमने उद्योगपतियों को कई सौगातें दी हैं। टेक्सटाइल्स सेक्टर के इंडस्ट्रियल वर्कर्स की सैलरी में मध्यप्रदेश सरकार 5 हजार रुपए की अतिरिक्त मदद देगी।

### नहीं देंगे प्रमोशन...

ने एम नटराजन तथा जरनैल सिंह मामले में आदेश जारी किए थे कि आरक्षित वर्ग को प्रमोशन में आरक्षण तब दिया जाये, जब उनके वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं हो। इसके अलावा उनके प्रशासन से किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा उत्पन्न नहीं होना चाहिए। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने एक अन्य मामले में आदेश दिए हैं कि एससी-एसटी वर्ग के क्रीमी लेयर वाले कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण नहीं दिया जाए। सरकार के पास आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों के प्रतिनिधित्व का डाटा उपलब्ध नहीं है। पुराने नियम के अनुसार ही नए नियम की आड़ में प्रमोशन में आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। याचिका की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता की ओर से अंडरटेकिंग दी गई कि आरक्षण प्रदान करते हुए कर्मचारियों को प्रमोशन देने के आदेश प्रदेश सरकार जारी नहीं करेगी। युगलपीठ ने प्रदेश सरकार सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी सिंह तथा अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु ने पैरवी की।

आईएसएस से शुभांशु की नई तस्वीरें आईं सामने

# 7 खिड़कियों वाले कपोला से देखा पृथ्वी का नजारा



**टेक्सास, जेएनएन।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इसमें शुभांशु 7 खिड़कियों वाले कपोला मॉड्यूल से पृथ्वी के भव्य नजारा देख रहे हैं। कुछ तस्वीरों में उन्हें फोटोग्राफी करते हुए भी देखा गया। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु समेत 4 एस्ट्रोनॉट ने 25 जून को कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। करीब 28 घंटे के सफर के बाद 26 जून को शाम 4.01 बजे आईएसएस पहुंचे। शुभांशु को 9 दिन पूरे हो चुके हैं। वे आईएसएस पर पहुंचने वाले पहले भारतीय और 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। वो एक्सियम-4 मिशन का हिस्सा हैं, जिसकी एक सीट के लिए भारत ने 548 करोड़ रुपए चुकाए हैं। यह एक प्राइवेट स्पेस फ्लाइट मिशन है, जो अमेरिकी स्पेस कंपनी एक्सियम,



नासा और स्पेसएक्स की साझेदारी से हो रहा है। यह कंपनी अपने स्पेसक्राफ्ट में निजी अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस भेजती है। शुभांशु इंडियन एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स के तैयार किए 7 प्रयोग आईएसएस में करेंगे। इनमें ज्यादातर बायोलॉजिकल स्टडीज हैं। वे नासा के साथ 5 अन्य प्रयोग करेंगे, जिसमें लंबे अंतरिक्ष मिशनों के लिए डेटा जुटाएंगे।

पीएम मोदी 17वें ब्रिक्स समिट शामिल होने पहुंचे ब्राजील, राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से गले मिले, पहली बार 11 सदस्य बैठक में शामिल

# दुनिया को नई व्यवस्था की जरूरतः पीएम

**रियो डी जेनिरो, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ब्रिक्स समिट में एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। पीएम मोदी ने कहा, '20वीं सदी में बनाई गईं वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। 20वीं सदी के टाइपराइटर 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।' ब्राजील के रियो डी जनेरियो शहर में 17वीं ब्रिक्स समिट हो रही है। इसमें पीएम मोदी शामिल हुए हैं। वे ब्राजील में आज से अपने 3 दिनों के दौरे पर हैं। इस बार ब्रिक्स का एजेंडा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सही इस्तेमाल, क्लाइमेट एक्शन, ग्लोबल हैल्थ जैसे मुद्दे हैं।



### आकाश डिफेंस सिस्टम पर डील की संभावना

मोदी की ब्राजील यात्रा पर भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ फेलिक्स हैक्जिंस्की दा नोब्रेगा ने बताया कि भारत ब्राजील को आकाश डिफेंस सिस्टम, गश्ती जहाज बेचने पर चर्चा कर सकता है। दोनों देशों में स्कॉर्पीन क्लास की पनडुब्बी के प्रबंधन पर एमओयू हो सकता है, क्योंकि ब्राजील ने फ्रांसीसी पनडुब्बियां भी खरीदी हैं। उन्होंने कहा,मोदी की ब्राजील यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में काफी तेजी आई है। जब मोदी जी-20 समिट के लिए ब्राजील में थे, तो ब्राजील के राष्ट्रपति-मोदी ने 2000 करोड़ के बिजनेस टारगेट का लक्ष्य रखा था, जिस पर अब और भी जोर दिया जाएगा।

### ब्रिक्स की जरूरत और भविष्य

सोवियत संघ के पतन के बाद और 2000 के शुरुआती सालों में दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पश्चिमी देशों का दबदबा था। अमेरिका का डॉलर और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं जैसे आईएमएफ फैसले करती थीं। इस अमेरिकी दबदबे को कम करने रूस, भारत, चीन और ब्राजील ब्रिक के तौर पर साथ आए, जो बाद में ब्रिक्स हो गया। इनका मकसद ग्लोबल साउथ यानी विकासशील और गरीब देशों की आवाज को मजबूती देना था। 2008-2009 में जब पश्चिमी देश आर्थिक संकट से गुजर रहे थे। तब ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही थी। आर्थिक संकट से पहले पश्चिमी देश दुनिया की 60 से 80 फीसदी अर्थव्यवस्था को कंट्रोल कर रहे थे, लेकिन मंदी के दौर में ब्रिक्स देशों की इकोनॉमिक ग्रोथ से पता चला कि इनमें तेजी से बढ़ने, पश्चिमी देशों को टक्कर देने की क्षमता है। 2009 में रूस में हुई बैठक में ब्रिक्स देशों ने मल्टीपोलर वर्ल्ड की कल्पना की गई, जहां पश्चिमी देशों की आर्थिक पकड़ कमजोर हो।

### पश्चिमी देशों के लिए ब्रिक्स एक चुनौती

ब्रिक्स देशों में पिछले कई सालों से स्विफ्ट पेमेंट सिस्टम की तर्ज पर अपना पेमेंट सिस्टम बनाने की चर्चा होती रही है। हालांकि, इसे लेकर अभी तक कोई सहमति बन नहीं पाई है और न ही कोई ठोस कदम उठाए गए हैं। 2023 में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने एक समिट के दौरान कहा था कि ब्रिक्स संगठन के देशों को व्यापार के लिए एक नई करेंसी बनाने की जरूरत है। उन्होंने सवाल उठाया था कि हम क्यों डॉलर में ट्रेड कर रहे हैं।

### जिनपिंग, पजशकियान नहीं पहुंचे, पुतिन वीसी से जुड़ेंगे

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में ब्रिक्स देशों के नेताओं की बैठक में 11 सदस्य देशों के नेता शामिल होंगे। संस्थापक देशों में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसमें शामिल नहीं हो रहे हैं। 2013 में चीन का राष्ट्रपति बनने के बाद शी जिनपिंग पहली बार इस समिट में शामिल नहीं हो रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल होने नहीं पहुंचे। वे वीडियो लिंक के जरिए जुड़ेंगे। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान भी समिट में शामिल होने के लिए नहीं पहुंचे हैं।

अपना प्रतिनिधिमंडल भेजेगा इजराइल, हमास भी चर्चा को राजी, ट्रंप से मिलेंगे नेतन्याहू

# इजराइल-हमास सीजफायर पर कतर में होगी बातचीत

**तेल अवीव, जेएनएन।** इजराइल गाजा में सीजफायर पर कतर में बातचीत के लिए प्रतिनिधि भेजेगा। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार रात इसकी घोषणा की। इजराइल ने बुधवार, 2 जून को गाजा में सीजफायर प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हमास ने भी शनिवार को कहा कि वो इजराइल के साथ 60 दिन के युद्धविराम प्रस्ताव पर तुरंत बातचीत के लिए तैयार है। यह प्रस्ताव कतर की तरफ से दिया गया था। इजराइल-हमास पहले भी कई बार समझौते के करीब पहुंचे थे, लेकिन आखिरी समय में सहमति टूट गई थी। यह वार्ता ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मुलाकात से पहले हो रही है। इससे पहले ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में हमास को चेतावनी देते हुए कहा था, मुझे उम्मीद है कि हमास इस सौदे को स्वीकार कर लेगा, वरना उनके लिए हालात और खराब हो जाएंगे।

### नेतन्याहू जंग खत्म करने को लेकर असमंजस में



ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ इस युद्धविराम की मध्यस्थता कर रहे हैं। हालांकि, इजराइली पीएम नेतन्याहू जंग खत्म करने को लेकर असमंजस में हैं, उनकी गठबंधन सरकार के दक्षिणपंथी सदस्य इसे स्वीकार करने पर सरकार गिराने की धमकी दे रहे हैं। हमास के नए नेता इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद ने जंग खत्म करने, गाजा से इजराइली सेना की वापसी, कैदियों की रिहाई, रि-डेवलप की मांग कर रहे हैं।

**सीजफायर प्रस्ताव के मुख्य बिंदुः** 10 जीवित इजराइली बंधकों की रिहाई होगी। 18 मृत इजराइली बंधकों के शव भी लौटाए जाएंगे। 60 दिनों का युद्ध विराम होगा, जिसमें जंग को स्थायी तौर पर खत्म करने पर बातचीत होगी।

### ईरान-इजरायल युद्ध शुरू के बाद पहली बार दिखे खामेनेई

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शनिवार को इजरायल और ईरान के बीच 12 दिवसीय युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। आशूरा की पूर्व संध्या पर एक शोक समारोह में भाग लिया। युद्ध के दौरान खामेनेई की अनुपस्थिति से पता चलता है कि ईरानी नेता, जो सभी राज्य मामलों पर अंतिम निर्णय लेते हैं, एक बंकर में एकांतवास में थे। किसी भी सार्वजनिक बयान के बारे में तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं थी।

# मंदिर में महिलाओं से रेप-हत्या के आरोप

● पूर्व सफाईकर्मी बोला-लाशें जलाने-दफनाने को मजबूर किया, इनकार करने पर पीटा

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक के धर्मस्थल मंदिर के प्रशासन से जुड़े कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगे हैं। मंदिर में काम कर चुके एक दलित सफाईकर्मी ने दावा किया कि इन्होंने उसे कई महिलाओं और बच्चियों की लाशें जलाने और दफनाने के लिए मजबूर किया। इन महिलाओं के साथ बलात्कार कर हत्या की गई थी। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व सफाईकर्मी ने कहा कि वह 1998 से 2014 के बीच मंदिर में काम करता था। उसने तस्वीरों और दफन किए गए अवशेषों के सबूत पुलिस को सौंपे हैं। उसने कहा, मैं अब आगे आ रहा हूं, क्योंकि पछतावा और पीड़ितों को न्याय दिलाने की भावना मुझे चैन से जीने नहीं दे रही। मैं पुलिस को उन सभी स्थानों पर ले जाने को तैयार हूं जहां शव दफनाए गए थे। इस खुलासे के बाद धर्मस्थल थाने में 3 जुलाई को मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण के. ने बताया कि गोपनीय रूप से अदालत की अनुमति के बाद शिकायत दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ने अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। सफाईकर्मी ने कहा कि 1998 में उसके सुपरवाइजर ने पहली बार कहा कि इन लाशों को चुपचाप निपटा दो। जब उसने इनकार किया तो उसे बेरहमी से पीटा गया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। उसके मुताबिक, 2010 में एक 12-15 साल की स्कूली लड़की की लाश उसे मिली जो स्कूल यूनिफॉर्म में थी, लेकिन स्कर्ट और अंडरगारमेंट गायब थे। शरीर पर बलात्कार और गला घोंटने के निशान थे।

**▸▸ वकील बोले-सुप्रीम कोर्ट के वकील को शिकायत और सबूत सौंपेः** मामले की वकालत कर रहे वकील ओजस्वी गौड़ा और सचिन देशपांडे ने कहा कि आरोपी का नाम अभी उजागर नहीं किया गया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के वकील केवी धनंजय को शिकायत और सबूत सौंपे जा चुके हैं ताकि अगर शिकायतकर्ता को कुछ हो जाए तो सच्चाई छुप न सके।

## अमेरिका के टेक्सास में भारी बारिश, बाढ़ से 51 मौतें

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ से 51 लोगों की मौत हो गई। नदी के पास लड़कियों का एक समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया, जबकि लगभग 27 लड़कियां लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि टेक्सास के सैन एंटोनियो से लगभग 15 इंच (38 सेमी) तक बारिश हुई। महज 45 मिनट में नदी का लेवल 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गया, जिससे घर और गाड़ियां बह गईं। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया-बाढ़ का खतरा अभी भी बरकरार है। रेस्क्यू टीमें काम कर रही है। जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन शामिल है। अभी तक 850 से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर टेक्सास में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण बच्चों की मौत पर दुख जताया।

पटना पहुंचे बाबा बागेश्वर बोले- कहा, 'सनातन खतरे में नहीं'

# राजनीति नहीं 'राम नीति' के चक्कर में बिहार आएः शास्त्री

**पटना, जेनएन।** बाबा बागेश्वर ने कहा कि सनातन खतरे में नहीं है, लेकिन इस पर बार-बार हमले हो रहे हैं। वोपटना में सनातन महाकुंभ में शामिल होने पहुंचे थे। गांधी मैदान में पहले अनुमति नहीं मिली थी, क्योंकि बीच में अव्यवस्था होने का डर था। बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि बिहार से उनका गहरा नाता है। उन्होंने कहा -'सनातन खतरे में तो नहीं, लेकिन बार-बार सनातन पर हमले हो रहे हैं।' उन्होंने यह भी कहा, बिहार का कर्ज वे कभी नहीं भूल सकते, क्योंकि दुनिया में एक साथ बैठकर 12 लाख से अधिक लोगों ने बिहार के तड़ित पालि मठ में कथा सुनी थी।

### बिहार ने ज्ञान, माता सीता और नीति दी



बाबा बागेश्वर ने बिहार की भूमि को बार-बार प्रणाम किया। उन्होंने कहा, बिहार ने ज्ञान, माता सीता और नीति दी है। बिहार में शिक्षा भी दी गई है। बाबा बागेश्वर ने कहा कि वे किसी राजनीति के चक्कर में नहीं आते, बल्कि राम नीति के चक्कर में आए हैं। वे चाहते हैं कि देश में सभी जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित हों और तिरंगा लहराएं। उन्हें जैसे ही बिहार आने की सूचना मिली, वे तुरंत आ गए क्योंकि बिहार से उनका आत्मीय नाता है।

## पटना में सनातन महाकुंभ शुरू देशभर से संत और श्रद्धालु पहुंचे

### कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजन

रविवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आध्यात्मिक नजारा देखने को मिला, जब शहर में पहली बार सनातन महाकुंभ का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर से संत, श्रद्धालु और गणमान्य लोग पहुंचे। परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित महाकुंभ का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे कर रहे हैं, और इसमें बड़े पैमाने पर धार्मिक प्रवचन, वैदिक मंत्रोच्चार और भजन शामिल हैं। बागेश्वर धाम के आध्यात्मिक गुरु धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और काशी, हरिद्वार, उज्जैन, अयोध्या, वृंदावन, नासिक और दक्षिण भारत के धार्मिक केंद्रों से 500 से अधिक संत और पीठाधीश्वर उपस्थित हैं।

# 13 साल पुराने झगड़े पर काजोल ने तोड़ी चुप्पी...

**मुंबई, जेएनएन।** बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल इस वक्त अपनी फिल्म 'मां' को लेकर सुर्खियों में हैं। बॉक्स ऑफिस पर उस मूवी ने खास तो नहीं किया, लेकिन एक्ट्रेस के इंटरव्यू चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार' और वाईआरएफ की फिल्म 'जब तक है जान' के क्लैश के बारे में बात की। दोनों की बॉक्स ऑफिस पर 2012 में टक्कर हुई थी। इस दौरान हुए तनातनी में एक्ट्रेस फंस गई थीं। उन्होंने अब इसी झगड़े पर चुप्पी तोड़ी और बताया कि वह हेल्पलेस महसूस कर रही थीं। काजोल ने एक इंटरव्यू में पति अजय और यशराज फिल्म्स के बीच विवाद में फंसने पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, 'झगड़े हमेशा मुश्किल होते हैं, खासकर जब वो कुछ समय तक सुलझ नहीं पाते।' काजोल ने कहा, 'उस प्वॉइंट पर जब आपके सामने ऐसी स्थिति हो, तो दोनों पार्टीज खुद के लिए खड़ी होती हैं। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो दोनों साइड से कनेक्टेड था, खुद को हेल्पलेस महससू कर रही थी। आपको इंतजार करना होगा कि समय बीते जिससे मनमुटाव कम हो जाए। चीजें फिर से ठीक हो सकें।' एक्ट्रेस ने कहा कि बदलाव न तो अच्छा ह और न बुरा। वह एक ऐसी चीज है जो स्थिर है।

### अजय देवगन ने कर दिया था केस

दोनों फिल्मों के क्लैश को लेकर विवाद हुआ। अजय ने वाईआरएफ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। 'जब तक है जान' को अलॉट हुई स्क्रीन्स की संख्या को लेकर एक्टर नाखुश थे। दोनों एक ही दिन 13 नवंबर को थिएटर में उतारी गई थीं। ऐसे में काजोल का रिश्ता अजय और आदित्य चोपड़ा दोनों से ही था। वह किसी भी तरफ से बोल नहीं सकती थीं।



## ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 को ठीक करने 40 इंजीनियर पहुंचे



**तिरुअनंतपुरम, जेएनएन।** ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 को ठीक करने ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम रविवार को भारत पहुंची। टीम तय करेगी कि विमान की मरम्मत यहीं हो सकती है या वापस यूके भेजना होगा। पहले ब्रिटेन की इस टीम को 2 जुलाई को आना था। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। 918 करोड़ रुपए का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनियाभर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है। ब्रिटिश सेवा में लाइटनिंग के नाम से जाना जाने वाला एफ-35 मॉडल फाइटर जेट का शॉर्ट टेक ऑफ/वर्टिकल लैंडिंग (एसटीओवीएल) वैरिएंट है, जिसे शॉर्ट-फील्ड बेस और एयर कैपेबल जहाजों से ऑपरेट करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## चीन के उड़ान मार्ग खोलने से क्षेत्रीय बेचैनी बढ़ेगी : ताइवान

**ताइपेई।** ताइवान ने रविवार को चीन द्वारा ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरने वाले एक संवेदनशील विमानन मार्ग को खोलने के कदम की निंदा करते हुए चेतावनी दी कि इस बदलाव से दोनों पक्षों के बीच तनाव और क्षेत्रीय बेचैनी बढ़ सकती है। ताइवान के शीर्ष चीन नीति निकाय ने बीजिंग की आलोचना की, जब उसके नागरिक विमानन प्राधिकरण ने संवेदनशील जलमार्ग के ऊपर एक और पश्चिम से पूर्व की ओर जाने वाला संपर्क मार्ग खोला। ताइवान की मुख्यभूमि मामलों की परिषद ने कहा कि चीन ने दोनों पक्षों की आम सहमति और ताइवानी जनता की राय की पूरी तरह अवहेलना की है। यथास्थिति को बदलने और क्रॉस-स्ट्रेट और क्षेत्रीय बेचैनी को बढ़ाने के लिए एकतरफा कार्रवाई का उपयोग किया है। बीजिंग ने जनवरी 2024 में ताइवान जलडमरूमध्य के माध्यम से एम-503 उत्तर-से-दक्षिण मार्ग को समायोजित किया और कुछ महीने बाद दो पश्चिम से पूर्व की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग खोले। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने कहा कि पश्चिम से पूर्व की ओर जाने वाले नए मार्ग का उद्देश्य उड़ानों की संख्या में वृद्धि के कारण उत्पन्न दबाव को कम करना है।

**खोज** | वैज्ञानिकों ने खोजा नया सुपर अर्थ, पृथ्वी से है दोगुना बड़ा

# धरती के बाद दूसरे ग्रह पर मिला पानी!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वर्षों से धरती के अलावा दूसरे ग्रह पर पानी की तलाश कर रहे वैज्ञानिकों की भविष्य में यह तलाश पूरी हो सकती है। मोरक्को की एक ऑब्जर्वेटरी के वैज्ञानिकों ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की सैटेलाइट की मदद से धरती के जैसे एक 'सुपर अर्थ' की खोज की है। नया ग्रह धरती से करीब 154 प्रकाश वर्ष दूर है। वैज्ञानिकों ने इसे टीओआई-1846बी नाम दिया है। यह आकार में भी पृथ्वी से दोगुना बड़ा और चार गुना ज्यादा भारी है। वैज्ञानिकों ने कहा कि इस ग्रह पर पानी मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया है कि इसकी उम्र 7.2 अरब साल हो सकती है। वहीं इसे अपने सोलर सिस्टम के तारे का चक्कर पूरा करने में करीब 4 दिन लगते हैं। अनुमान है कि यहां का एक्सपेक्टेड टेम्प्रेचर 568.1 केल्विन है।

वैज्ञानिकों की तरफ से टीओआई-1846बी की पुष्टि के लिए टीआईएसएस के अलावा ग्राउंड बेस्ड कलर फोटोग्राफी, हाई रिजॉल्यूशन इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक का इस्तेमाल किया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस सुपर-अर्थ पर भरपूर पानी हो सकता है। हालांकि, इसकी सटीक जानकारी के लिए अभी और अध्ययन की जरूरत है। वैज्ञानिकों ने बताया कि टीओआई-1846बी की संरचना जानने के लिए रेडियल वेलोसिटी (आरवी) का इस्तेमाल होगा। रेडियल वेलोसिटी के जरिए बेहतर तरीके से यह पता लगाया जा सकेगा कि ग्रह पर पानी मौजूद है या नहीं है।



### साल 2025 में दूसरे सुपर अर्थ की हुई खोज

साल 2025 की शुरुआत में वैज्ञानिकों ने एचडी 20794 डी नाम के एक सुपर-अर्थ की खोज की थी। यह पृथ्वी से छह गुना ज्यादा भारी है। इस ग्रह की सतह पर भी पानी होने का अनुमान है। यह धरती से 20 प्रकाश वर्ष दूर है। सबसे खास बात यह है कि पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने के तरह ही एक तारे की परिक्रमा करता है। हालांकि, पृथ्वी की तरह इसका ऑर्बिट गोल नहीं है। इसलिए ऐसा कहना काफी मुश्किल है कि इस ग्रह पर जीवन की संभावना हो सकती है।

# एम्स पहुंचने वाले मरीजों व उनके परिजनों को प्राकृतिक वातावरण पहुंचाएगा सुकून

**भोपाल।** एम्स भोपाल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अब अच्छे इलाज के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण भी उपलब्ध होगा। दरअसल एम्स में चिकित्सा, शिक्षा और शोध के साथ अब एक स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। एम्स प्रबंधन का कहना है कि संस्थान का लक्ष्य केवल एक चिकित्सा केंद्र के रूप में कार्य करना नहीं है, बल्कि समाज के समक्ष एक ऐसे ग्रीन कैंपस का आदर्श प्रस्तुत करना भी है, जो सतत विकास और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक हो। इसी उद्देश्य के तहत एम्स भोपाल परिसर में वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन, सौर ऊर्जा पैनल की स्थापना और ऊर्जा दक्षता जैसे कई स्थाई गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। इन पहलों में संस्थान के विभिन्न विभागों, अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही है। परिसर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाए रखने सभी स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। इस बारे में एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और हरित वातावरण का निर्माण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एम्स भोपाल न केवल चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार के लिए जाना जाता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी सामाजिक जम्मिेदारी को गंभीरता से निभा रहा है। हमारा प्रयास है कि एम्स भोपाल का परिसर रोगियों, आगंतुकों और कर्मचारियों के लिए एक स्वास्थ्यवर्धक वातावरण प्रदान करे और पर्यावरणीय चेतना के क्षेत्र में समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बने। प्रो. सिंह ने यह भी बताया कि संस्थान की टीम निरंतर पौधारोपण अभियानों, स्वच्छता गतिविधियों और ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाकर कैंपस को एक ग्रीन केंपस के रूप में विकसित करने में जुटी हुई है।



# शालाओं के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों में एक वर्ष में व्यय राशि का विवरण प्रस्तुत करें : कलेक्टर

## टीएल बैठक में ग्राम पंचायत स्तरीय शिविरों में प्रगति लाने के दिए गए निर्देश

**जागरण, पन्ना**

कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के अध्ययन एवं मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत शालाओं में सभी जरूरी व्यवस्थाएं दुरूस्त की जाएं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों के माध्यम से भी आगे बढ़ने का बेहतर माहौल मिले। सभी शिक्षक एवं संस्था प्रमुख नियमित रूप से छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं प्रगति की मॉनिटरिंग कर आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन भी प्रदान करें। शैक्षणिक संवर्ग द्वारा दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में यह बात कही। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को गत एक वर्ष में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकासखण्डवार एवं शालावार विभिन्न विकास कार्यों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर में मदवार व्यय राशि के संबंध में अवगत कराने के निर्देश दिए तथा स्कूल पर व्यय राशि की वास्तविक उपयोगिता के दृष्टिगत प्रति परीक्षण कराने की बात भी कही। साथ ही विद्यालयों में पेयजल के लिए जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्व में हैण्डओवर नल कनेक्शन के निरंतर सही संधारण और इस सुविधा के बेहतर उपयोग के लिए संबंधित शिक्षक की जिम्मेवारी तय करने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर श्री कुमार ने बैठक के दौरान गत सप्ताह सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले




विभिन्न विभागों के 29 अधिकारियों को पूर्व तैयार नोटिस का वितरण कराया तथा 10 जुलाई तक अपेक्षित प्रगति न होने पर संभागायुक्त को अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव प्रेषित करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी इस सप्ताह अनिवार्य रूप से अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को कर्त्तव्यों के प्रति पाबंद कर शिकायतों का संतोषप्रद निराकरण करना सुनिश्चित करें। साप्ताहिक समयावधि पत्रों एवं जनसुनवाई पत्रों का भी समय सीमा में अपेक्षानुरूप निराकरण किया जाए। न्यायालयीन प्रकरणों में समय सीमा में जवाबदावा दाखिल करें।

### ग्राम पंचायत स्तरीय शिविरों में पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ

टीएल बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 जुलाई तक समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित समस्त चिन्हांकित पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाए। इस दौरान गत 15 से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विभागीय अधिकारियों द्वारा निराकृत एवं पोर्टल पर अग्रेषित आवेदनों के बारे में जानकारी लेकर किन्ही कारणोंवश छूटे लोगों को ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर में अनिवार्य रूप से लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना में निरंतर रूप से नवीन पंजीयन किया जाए। वनाधिकार के लाभ सहित वित्तीय सेवाओं और बीमा योजना का लाभ भी जरूरतमंद हितग्राही को मिले। सभी जनपद पंचायत सीईओ को शिविरों में आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ प्रदान करने सहित अनिवार्य रूप से महिलाओं के सिकल सेल परीक्षण के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

टीएल बैठक में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को माहवार लक्ष्य मुताबिक हितग्राहीमूलक प्रकरणों के वितरण तथा अधीनस्थ स्टॉफ को सौंपे गए लक्ष्यानुसार कार्यों की प्रगति का विश्लेषण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही बैंक स्तर पर किसी भी समस्या पर तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए। समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी प्रगति की समीक्षा भी की गई।

### निरंतर सुनिश्चित हो ई-ऑफिस का उपयोग

कलेक्टर ने कहा कि जिला मुख्यालय पर संचालित शासकीय विभागों द्वारा ई-ऑफिस के जरिए शासकीय कार्यों का संपादन सुनिश्चित किया जाए। समस्त पत्राचार एवं नस्तियों के ऑनलाइन जनरेशन सहित विभिन्न आवेदनों का प्रेषण भी ई-ऑफिस से हो। अब तक 16 विभागों द्वारा ऑनबोर्ड होने बावत् आवश्यक जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागों के अधिकारियों सहित लिपिकीय स्टॉफ के तत्काल वांछित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अब जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कार्यालयो में भी ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। विकासखण्ड व तहसील स्तरीय अन्य शासकीय कार्यालयों में भी यह व्यवस्था शीघ्र शुरू होगी। इस संबंध में राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारियों को ई-मेल आईडी क्रिएशन एवं ईएमडी के लिए डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को ई-ऑफिस के निरंतर उपयोग की सलाह दी गई। साथ ही चेताया गया कि लंबी अवधि तक ई-ऑफिस लॉग इन नहीं होने पर शासन द्वारा ई-मेल आईडी को लॉक कर दिया जाएगा और इसके पुनः संचालन पर असुविधा हो सकती है।

**संभावित बाढ़ आपदा के दृष्टिगत मुस्तैद रहे अमला :** कलेक्टर ने कहा कि वर्षाकाल में किसी भी संभावित बाढ़ आपदा के दृष्टिगत तत्परतापूर्वक आवश्यक राहत बचाव कार्यों के लिए संबंधित विभाग का अमला सदैव मुस्तैद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सहित राशन एवं दवाओं का वितरण भी समय पर हो। पुल-पुलिया की स्थिति और बांध के जल स्तर की निरंतर निगरानी रखी जाए। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के लिए खाद्यान्न उठाव सहित प्रति माह की 25 तारीख तक पोर्टल पर आवश्यक फीडिंग और 4, 5 एवं 6 तारीख को अन्न उत्सव में अधिकतम हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित हो।

# दलित महिला सरपंच ने पंचायत सचिव पर लगाए गंभीर आरोप, सौंपा ज्ञापन



## पिपरिया दौन की सरपंच ममता बाई चौधरी ने जनपद सीईओ और अध्यक्ष से की कार्यवाही की मांग, सात दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**पवई।** पवई जनपद पंचायत पवई की ग्राम पंचायत पिपरिया दौन की दलित महिला सरपंच ममता बाई चौधरी पति मनोज कुमार चौधरी ने पंचायत सचिव चंद्रभान सिंह राजपूत के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरपंच ने आरोप लगाया कि सचिव उनके साथ लगातार दुर्व्यवहार करता है, अपशब्द कहता है और पंचायत कार्यों में बाधा डालता है। सरपंच का आरोप है कि सचिव खुलेआम कहता है कि उसने पैसे देकर पोस्टिंग करवाई है और पंचायत वही चलाएगा। इसके साथ ही पीएम आवास योजना और गल्ला पर्ची जैसे कार्यों में 5000 रुपये रिश्वत की मांग करने का भी आरोप लगाया गया। सरपंच ने बताया कि वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रही हैं और अब पंचायत कार्य करना मुश्किल हो गया है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष भी दलित महिला सरपंच के समर्थन में मौजूद रहीं और उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सात दिन में सचिव के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो ग्रामीणों सहित आंदोलन किया जाएगा।

जनपद अध्यक्ष ने सचिव के खिलाफ राज्य महिला आयोग और अनुसूचित जाति आयोग को पत्र भेजने की बात भी कही। साथ ही उन्होंने सचिव की नियुक्ति को विधि विरुद्ध बताते हुए उनका स्थानांतरण अन्यत्र करने की मांग जिला कलेक्टर से की है। यह मामला अब प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है और सभी की निगाहें अब जिला प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ प्रशिक्षण का लिया जायजा

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के समस्त तीन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस क्रम में आज जिला मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय एवं छत्रसाल शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचकर बीएलओ के प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी बीएलओ को बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर दायित्वों के निर्वहन के लिए कहा। साथ ही प्रशिक्षण की महत्ता से अवगत कराते हुए त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करने सहित नामावली में नाम जोड़ने, हटाने एवं त्रुटि सुधार इत्यादि कार्यों व निर्धारित फॉर्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बीएलओ को प्रशिक्षण का सामान्य परिचय देकर सभी दायित्वों के बारे में आयोग द्वारा प्रदत्त पीपीटी के जरिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर्स ने बीएलओ की भूमिका, जिम्मेदारी, कर्त्तव्य सहित विभिन्न फार्म भरने व त्रुटियों के निराकरण की प्रक्रिया भी बताई। उल्लेखनीय है कि आयोग के निर्देशानुसार गत दिवस भोपाल में राज्य, जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इसके उपरांत जिला स्तर पर रविवार, 29 जून को विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। अब इन मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पन्ना, पवई एवं गुनौर विधानसभा क्षेत्र के निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## वर्षा ऋतु में गौवंश को बीमारी से बचाव के संबंध में सलाह

### पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक ने जारी किए निर्देश

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. एन.के. गुप्ता द्वारा वर्तमान वर्षा ऋतु के दृष्टिगत गौवंश को बीमारी से बचाव के संबंध में आवश्यक सलाह जारी की गई है। इस संबंध में पशुपालक एवं गौशाला संचालकों को सूखा एवं सुविधाजनक आवास व्यवस्था के लिए कहा गया है। साथ ही जल भराव और कीचड़ की स्थिति उत्पन्न न होने के लिए भी जरूरी सावधानी बरतने तथा संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण कराने की सलाह दी गई है। गौवंश को पर्याप्त चारा व भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित पशुओं के बीमार होने पर तत्काल निकट के पशु चिकित्सालय व पशु चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराने के लिए भी सूचित किया गया है।

# पवई तहसील के समस्त कोटवारों ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**पवई।** पवई तहसील के समस्त कोटवारों ने प्रदेश कोटवार संघ के आवाहन पर अपनी ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नायब तहसीलदार शिवम् गौतम को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को सभी कोटवार इकट्ठा होकर तहसील कार्यालय पहुंचे और शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज्ञापन दिया। जिस ज्ञापन में लेख किया गया है की शासन द्वारा जो वर्दी मुहैया कराई जा रही है,वह घटिया किस्म की है, उन्हें वर्दी न देकर राशि को उनके खाते में भेजा जाए,साथ ही हर वर्ष 500 रूपये वेतन वृद्धि की जाए एवं कोटवारों के रिटायर होने पर जो एक लाख की राशि की घोषणा की गई थी उसको पूरा किया जाए,इसी तरह अन्य मांगों का लेख ज्ञापन में किया गया है। उन्होंने कहा है कि यदि मांगे पूरी नहीं होती तो वह 15 दिवस के भीतर पूरे मध्य प्रदेश के कोटवार भोपाल में पहुंचकर तिरंगा लेकर आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष बृजेंद्र दहायत एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के कोटवार मौजूद रहे।



## प्रधान जिला न्यायाधीश एवं न्यायाधीशगणों द्वारा किया गया पौधरोपण

**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायाधीशगणों द्वारा पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। वृक्ष जहां हमें एक ओर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वहीं दूसरी ओर नकारात्मक जलवायु परिवर्तन से हमारी रक्षा भी करते हैं। वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार हैं और मानव एवं समस्त प्राणियों के जीवनदाता हैं। जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सदस्यों व न्यायालय के कर्मचारियों सहित अधिवक्ताओं द्वारा भी वृक्ष रोपित किए गए।

## जिले में 407 मिमी औसत वर्षा दर्ज, अमानगंज में सर्वाधिक

**पन्ना ।** जिले में इस वर्ष एक जून से अब तक 407 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जबकि गत वर्ष उक्त अवधि में 151.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अमानगंज में सर्वाधिक वर्षा 551.6 मिमी एवं सबसे कम वर्षा 309.4 मिमी सिमरिया में दर्ज की गई है। पन्ना में 378.3 मिमी, देवेन्द्रनगर में 356.3 मिमी, गुनौर में 461.9 मिमी, पवई में 373 मिमी, शाहनगर में 378.4 मिमी, रैपुरा में 437.2 मिमी और अजयगढ़ में 416.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**पन्ना।** अजयगढ़ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव नवअंकुर संस्थाओं के अध्यक्ष सचिव की मासिक समीक्षा बैठक जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ में आयोजित कि गई। विकास खण्ड समन्वयक क्षमा खरें द्वारा विगत माह किए गए कार्यों कि बिंदुवार समीक्षा कि गई एवं आगामी कार्ययोजना बनाई, जिसमें स्कूल चले हम अभियान में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को शाला में प्रवेश,एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण, नवांकुर सखी कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक सेक्टर में 5,5 ग्रामों में 100 महिलाओं को कार्यक्रम में जोड़ने हेतु कार्ययोजना तैयार कराई । स्वच्छता शपथ दिलाई।बैठक मे वरिष्ठ समाजसेवी जयराम पाठक भोला प्रसाद गौतम नवांकुर संस्था प्रमुख साहिब सिंह चंदेल भरत मिश्रा महेंद्र कुमार यादव,परामर्शदाता सुशील कुमार राजपूत महेंद्र कुशवाहा एवं प्रस्फुटन समितियो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दक्षिण पन्ना वन विभाग का वन महोत्सव पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**पन्ना।** सलेहा आज दिनांक 07 जुलाई 2025 को दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र सलेहा के रेंज कार्यालय परिसर में वन महोत्सव 2025 के अंन्तर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र सलेहा के समस्त स्टाफ के साथ सलेहा की सरपंच, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलेहा के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को वृक्षों के संरक्षण एवं उनके महत्व की जानकारी दी गई। परिक्षेत्र अधिकारी श्री हरि सिंह गोंड ने सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा करने का आग्रह किया ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संवर्धन में सहभागिता का संकल्प लिया।




## एक पेड़ मॉ के नाम, कलेक्टर ने रोपा पौधा



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत बायपास रोड पर पौधा रोपा। इसके माध्यम से पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षा और बेहतर पारिस्थिकी संतुलन के लिए भी वृक्षों की मौजूदगी आवश्यक है। जिला कलेक्टर द्वारा आम नागरिकों से भी अभियान में सहभागिता कर पौधारोपण की अपील की गई है।

# स्मार्ट मीटर बना पवई के उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत लाखों यूनिट की रीडिंग से करोड़ों के बिल का अंदेशा

**पवई।** नगर में बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर सुविधा मुसीबत बनती जा रही है। नगर के कई वार्डों में हाल ही में लगाए गए स्मार्ट मीटरों में रीडिंग संबंधी गंभीर गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। इन मीटरों में लाखों यूनिट की खपत दर्ज हो रही है, जिससे करोड़ों रुपये के बिजली बिल बनने की संभावना जताई जा रही है। इससे उपभोक्ता जहां भयभीत हैं, वहीं बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। वार्ड क्रमांक 12 निवासी रेखा सोनी के घर लगे स्मार्ट मीटर में महज 27 दिनों में 12 लाख 64 हजार यूनिट की खपत दर्ज हुई है, जबकि वास्तविक खपत इससे बहुत कम है। वहीं, वार्ड क्रमांक 14 निवासी मोहम्मद सलीम के मीटर में 12 लाख 93 हजार यूनिट की खपत दर्ज की गई है।




झंडा बाजार निवासी बल्लू सोनी के अनुसार उनके मीटर में 88 लाख यूनिट से अधिक की रीडिंग दर्ज हुई है।

सूत्रों के अनुसार नगर में करीब डेढ़ दर्जन उपभोक्ताओं के मीटर में इस तरह की गड़बड़ी सामने आई है। इससे स्मार्ट मीटरों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब उनकी वास्तविक खपत इतनी नहीं है, तो इस तरह की गड़बड़ी तकनीकी लापरवाही को उजागर करती है। बिजली विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, जिससे लोगों में रोष और असंतोष बढ़ता जा रहा है। उपभोक्ताओं की मांग है कि जल्द से जल्द इन मीटरों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और गलत रीडिंग से उत्पन्न बिलों को रद्द किया जाए।

# बाप-बेटे की साथ एक साथ जलीं चिताएं

## 1 दिन पहले बेटे की सिर कटी लाश मिली थी, पिता का कैंसर से निधन



**टीकमगढ़।** जिले के विजयपुर गांव में एक युवक की सिर काटकर हत्या कर दी गई। मृतक 32 साल का अखिलेश कुशवाहा है। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि घटना की जांच के लिए सोमवार को सागर रेंज आईजी हिमानी खन्ना घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। रविवार को मिली लाश में सिर धड़ से अलग था। सिर को एक चबूतरे पर लगे झंडे के नीचे रखा गया था। इस वजह से नरबलि की आशंका जताई जा रही है।

**बाप का कैंसर से निधन, एक साथ जली दो चिताएं :** दुखद संयोग यह रहा कि मृतक के पिता गोला कुशवाहा का भी रविवार सुबह कैंसर से निधन हो गया था। देर रात दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। परिवार में मृतक की मां मानसिक रूप से कमजोर हैं। उनके 3 और 17 वर्ष के दो भाई भी हैं। कुशवाहा समाज के अध्यक्ष आनंद कुशवाहा ने बताया कि मृतक परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के भाई सुनील खटीक ने अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपए की मदद की है। पुलिस ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## मवई टोल प्लाजा पर मारपीट



**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ से 10 किलोमीटर दूर मवई टोल प्लाजा पर रविवार देर रात मारपीट हो गई। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि टोल प्लाजा के चार से पांच कर्मचारियों ने दो युवकों की जमकर पिटाई की। कर्मचारियों ने लात, घूंसों और डंडों से युवकों को पीटा। देहात थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में अभी तक विवाद का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आश्चर्यजनक रूप से दोनों पक्षों में से किसी ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव का कहना है कि उन्होंने सीसीटीवी वीडियो देखा है, लेकिन अब तक इस मामले में किसी भी पक्ष में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वीडियो के आधार पर घटना के बारे में पता लगाया जा रहा है।

# टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर केले से भरा ट्रक पलटा

## हाइवा भी फंसा, पुलिस ने जेसीबी की मदद से जाम हटाया, कमानी पट्टा टूटने से हादसा

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर भगवंतपुरा तिगैला के पास सोमवार दोपहर 3 बजे एक ट्रक हादसे का शिकार हुआ। कच्चे केलों से भरे आयशर ट्रक का कमानी पट्टा टूट गया। ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं। घटना के समय एक हाइवा ट्राला क्रॉसिंग कर रहा था। गीली सड़क की वजह से वह किनारे धंस गया। दोनों ट्रकों के बीच से निकलने की जगह नहीं बची। इससे हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों को पैदल चलने और बाइक निकालने में भी परेशानी हुई। स्थानीय लोगों ने दिगौड़ा पुलिस को सूचना दी।



प्रधान आरक्षक अभय वर्मा, आरक्षक जगभान रजक, अमित अहिरवार और पायलेट मेहबूब खान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जेसीबी की मदद से फंसे हुए हाइवा को निकाला। फिर जाम में फंसे वाहनों को एक-एक कर निकाला गया। जाम की स्थिति एक घंटे से अधिक रही। इस दौरान हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सीएम हेल्प लाइन में लंबित प्रकरणों का तत्परता के साथ करें निराकरण : कलेक्टर

## जन कल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लक्ष्य के अनुसार दिलाएं लाभ



**जागरण, बैढ़न**

सीएम हेल्प लाईन मे लंबित प्रकरणो का तत्परता के साथ निरारकण किया जाना विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करे तथा तथा शासन की जन कल्याणकारी योजनओ के लाभ से पात्र हितग्राहियो के लक्ष्य के अनुसार लाभान्वित कराना सुनिश्चित करे उक्त आशय का निर्देश कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला समयावधि पत्रो की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियो को दिया। कलेक्टर ने 100 दिवस की लंबित शिकायतो के साथ साथ समाधान विंदु में चिन्हित शिकायतो सहित जन सुनवाई मे प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो के निराकरण की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी सीएम हेल्प लाईन मे 100 दिवस से अधिक अवधि की लंबित शिकायतो का एक संप्ताह के अंदर निराकरण कराये साथ ही समाधान विंदु एवं जन सुनवाई में प्राप्त आवेदनो का विभागीय अधिकारी रूचि लेकर निराकरण कराने के पश्चात पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने कहा कि एक संप्ताह के अंदर जिले की रैकिंग में सुधार कर अव्वल नम्बर पर लाए साथ ही यह सुनिश्चित करे कि शिकायतो का निराकरण संतुष्टि के आधार पर ही किया जायें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि बर्षात के समय होने वाली बिमारियो को दृष्टिगत रखते हुयें जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में पर्याप्त मात्रा में दवाईयो की उपलंब्ध सुनिश्चित कराये। तथा जिला चिकित्साय में में साफ सफाई बेहतर रखे साथ ही सभी चिकित्सक समय पर ओपीडी में उपस्थित रहे। उन्होने उपायुक्त सहकारिता को निर्देश दिए कि किसानो को खाद की कमी न रहे किसानो की आवश्यकता अनुसार यूरिया डीएपी उपलंब्ध कराये। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि अपने दल के साथ खाद वितरण केन्द्रो का भ्रणम कर खाद की उपलंब्ध सुनिश्चित रहे इसकी मानीटरिंग भी करे। उन्होने राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिए कि अभिलेख दुरूस्ती के साथ साथ राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणो का समय पर करे। वही छात्रावासो में छात्रो को प्रवेश देने के निर्देश देने के साथ ही सभी विद्यालयो में वंचित छात्रो का प्रवेश शत प्रतिशत कराने का निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारी को दिया । कलेक्टर ने महिला विकास अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चो को चिन्हित कर लक्ष्य के अनुसार एनआरसी में भर्ती कराये। तथा टीकाकरण से वंचित बच्चो का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने वनाधिकार पट्टो के प्रकरणो की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि वनाधिकार के लंबित प्रकरणो का समय पर निराकृत कर समय पर लाभान्वित कराये। साथ ही सभी विभागीय अधिकारी केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पात्र हिग्राहियो को लक्ष्य के अनुसार दिया जाना सुनिश्चित करे। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण के कार्य सम्पादित कराये। साथ ही अंकुर एप पौधो को दर्ज करना भी सुनिश्चित करे। वृक्षारोपण स्थल का चयन सिप्री एप के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि फलदार पौधां सहित बास आदि प्रमुख वृक्षो का रोपण कराए नादियो के उदगम स्थल पर भी पौधारोपण कराया जाये। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा राजेश शुक्ला नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# आपदा प्रबंधन दल जल भराव क्षेत्रों की लगातार करते रहे मॉनीटरिंग : कलेक्टर

**जागरण, बैढ़न।** जिले मे लगातार हो रही बर्षा को दृष्टिगत रखते हुयें कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने आपदा प्रबंधन दलो को निर्देश दिए है कि लगातार जल भराव वाले क्षेत्रो की मानीटरिंग करते रहे है। ताकि जिले में जल भराव बाढ़ के कारण कोई अप्रिय घटना घटिन न होने पायें। उन्होने राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिए कि राजस्व एवं पुलिस दल संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर लगातार चिन्हित जल भराव क्षेत्रो की सूचना से हर समय अपडेट रहे। अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखे। कलेक्टर ने चितरंगी क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी से सोन नदी के बाढ़ प्रभावित वाले क्षेत्र के वास्तु स्थिति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि सोन नदी के बाढ़ से प्रभावित होने वाले गावो में हर पल निगरानी बनाये रखे। जहा पर बाढ़ आने की संभावना है ऐसे स्थलो पर निवास करने वाले नागरिको को पहले से ही चिन्हित सुरंक्षित स्थानो पर ले जाने की व्यवस्था बनाकर रखे। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में भी नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र के जल भराव वाले प्रभावित स्थलो की लगातार मानीटरिंग कराते रहे। नाले नालियो को उचित साफसफाई कराये ताकि कही पर भी जल भराव कि स्थिति निर्मित न होने पायें। कलेक्टर ने 24 घण्टे कंट्रोल रूम संचालित करने के निर्देश दिए।

# रसोई गैस सब्सिडी का दुरुपयोग रोकने ई-केवाईसी जरूरी

**जागरण, रीवा।** एलपीजी गैस कनेक्शन के लिए सरकार द्वारा ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार के इस कदम का उद्देश्य एलपीजी सब्सिडी के दुरुपयोग को रोकना और फर्जी कनेक्शनों को खत्म करना है। एलपीजी ई-केवाईसी प्रक्रिया के तहत ग्राहकों को अपने आधार कार्ड के जरिए अपनी पहचान की पुष्टि करनी होगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल वास्तविक उपभोक्ताओं को ही एलपीजी सिलेंडर मिल रही है और सब्सिडी का सही तरीके से उपयोग हो रहा है। एलपीजी ई-केवाईसी की शुरुआत के साथ सरकार का उद्देश्य पारदर्शिता लाना और रसोई गैस वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना है। एलपीजी गैस ई-केवाईसी एक इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी प्रक्रिया है, जिसके तहत ग्राहकों को अपने आधार कार्ड और बायोमेट्रिक डेटा का उपयोग करके अपनी पहचान सत्यापित करनी होती है।

# वित्तीय सेवाओं की सुनिश्चितता हेतु बैंकों द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

**जागरण, बैढ़न।** लीड बैंक प्रबंधक ने जानकारी देते अवगत कराया है कि वित्तीय समावेशन योजनाओं की पहुंच बढ़ाना और देश भर में 2.64 लाख ग्राम पंचायतों में वंचित क्षेत्रों में औपचारिक वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु 1 जुलाई से 30 सितंबर तक समस्त बैंकों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि जिले मे अभियान के दौरान मौजूदा निष्क्रिय पीएमजेडीवाई खातों को सक्रिय करने के लिए पुनः केवाईसी सत्यापन किया जाएगा। प्रधानमंत्री जन धन योजना पीएमजेडीवाई के तहत बैंकिंग सुविधा से वंचित वयस्कों के लिए बैंक खाते खोलना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पीएमजेजेबीवाई और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पीएमएसबीवाई अटल पेंशन योजना एपीवाई के तहत नामांकन कार्य भी किए जाएंगे। इसके साथ बैंकों में चलाई जा रही वित्तीय समावेशन योजनाओं के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ाना तथा आम जनता को सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रेरित भी किया जायेगा। जिसके संबंध मे कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा एलडीएम को निर्देश दिए गए कि जिले मे संचालित सभी बैक निर्धारित तिथियो में ग्राम पंचायतो में शिविर लगाकर हितग्राहियो को लाभान्वित कराये साथ ऐसे हितग्राही जिनका अभी तक बैको में खाता नही खुला है उकना खाता खोला जाना भी सुनिश्चित करे। कलेक्टर द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि एलडीएम अपने स्तर से अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाना सुनिश्चित करे।

## चौकी खुटार को मिली बड़ी सफलता प्रतिबंधित 30 शीशी कप सिरप जब्त

**जागरण, बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन नगर पुलिस अधीक्षक पी.एस.परस्ते के मार्गदर्शन में एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह परिहार की सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी खुटार को प्रतिबंधित 30 शीशी कप सिरप जप्त हुई है। जानकारी के मुताबिक आज चौकी प्रभारी खुटार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक ऑटो वाहन में ग्राम परसौना की ओर से प्रतिबंधित नशीली कप सिरप लेकर बिक्री हेतु आ रहे हैं। उक्त सूचना पर चौकी खुटार पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आटो वाहन को रोका जिसमें से दो नफ्र विधि विरुद्ध बालकों के कब्जे से 30 शीशी प्रतिबंधित नशीली कप सिरप आटो वाहन सहित बरामद की गई। अपराध क्र.118/ 25 धारा 8/21 22 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर दोनो बालकों को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में सउनि मुनींद्र देव पांड प्रआर गणेश मीना आर गजराज सिंह रावेन्द्र सिंह अभिषेक सिंह गौरव यादव रमेश यादव व राजेश कुमार की सराहनीय भूमिका रही है।

# सरकारी भूमि पर घोषित ग्राम पंचायत का हो विलोपन : हेमंत मिश्र



**जागरण, शक्तिनगर।** स्थानीय परियोजनाओं द्वारा अधिग्रहित भूमि पर आबाद ग्राम सभाओं का हो विलोपन जिससे पुनर्वास बस्तियों का विकास संभव हो पाएगा। उक्त विचार ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति के साप्ताहिक योजना बैठक की अध्यक्षता कर रहे हेमंत मिश्र ने कहा कि सरकारी अधिग्रहित भूमि पर ग्राम सभा की घोषणा से ग्राम पंचायत एवं परियोजना प्रबंधन में गतिरोध रहता है जिससे यथोचित पुनर्वास बस्तियों का विकास कार्य बाधित होता है। पंचायत द्वारा परियोजनाओं की अधिग्रहित भूमि पर अनधिकृत रूप से कार्य कराया जाता है जिसका परियोजना प्रबंधन द्वारा विरोध किया जाता रहा है इस गतिरोध के कारण विकास कार्य बाधित होते हैं। चुकी पंचायती राज अधिनियम के तहत सरकारी निकाय की भूमि पर ग्राम सभा द्वारा कोई विकास कार्य नहीं कराया जा सकता है। सरकारी निकाय की भूमि पर परियोजनाओं द्वारा ही सामाजिक नैगमिक दायित्व सीएसआर के अंतर्गत पुनर्वास बस्तियों में विकास कार्य कराए जा सकते हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी सोनभद्र को पत्र प्रेषित किया गया है जिस पर सहायक विकास अधिकारी द्वारा आख्या प्रसिद्ध करते हुए कहा गया है कि शासन स्तर से ही करवाई कराया जाना संभव है। विस्थापित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी ने योजना बैठक में अवगत कराया की ग्राम पंचायत के विलोपन के संबंध में शासन स्तर से कार्रवाई नहीं होती है तो न्यायालय में प्रकरण पंजीकृत कराया जाएगा। विस्थापित संगठन के साप्ताहिक योजना बैठक में प्रमुख रूप से राख एवं कोयला परिवहन से हो रहे प्रदूषण एवं सड़क की दुर्दशा तथा दुर्घटना पर रोक लगाई जाने के लिए व्यापक योजना बनाई गई। परियोजना के विस्थापित परिवारों को परियोजनाओं में रोजगार के लिए भी योग्यता अनुसार प्रतिबद्ध किए जाने की योजना पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर विस्थापित संगठन के जंग बहादुर चौबे शैलेंद्र चौबे चिंतामणि जायसवाल नंदलाल भारती बृज बिहारी यादव योगेंद्र सिंह पटेल अमरकेश पाण्डेय शालिग्राम विश्राम प्रसाद वर्मा राजकुमार पटेल गणेश मिश्रा पंकज शुक्ला अशोक चौबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पुरानी सड़क पर आवागमन बहाल, गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

**जागरण, रीवा।** बायपास के चौड़ीकरण का प्रस्ताव काफी समय पूर्व पारित हो चुका था, किन्तु कार्य का शुभारंभ करने में देरी के चलते वर्षाकाल में बायपास के चौड़ीकरण का कार्य निर्माणाधीन है, जानकारों की मानें तो अभी इसे तैयार होने में काफी समय लग सकता है, अभी तो यहां खनन का कार्य ही चल रहा है, इसके बाद कब भराव किया जाएगा, कब सड़क निर्मित होगी कहा नहीं जा सकता। कहीं-कहीं पुल भी निर्मित होना है, पुराने बायपास में आवागमन बहाल है, किन्तु कई जगह उखड़ी सड़क व असमतल होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं घट रही हैं, वाहनों में टूट-फूट भी समस्या बनी हुई है, यानी जब तक बायपास का चौड़ीकरण नहीं होता, यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को पूर्वानुसार ही समस्याओं से जूझना पड़ेगा। यहां से गुजरने वाले वाहन चालक रमेश चौहान, नूर मोहम्मद, प्रकाश पांचाल ने बताया कि वे लोग लंबे समय से इस मार्ग पर ट्रक लेकर आ रहे हैं, यह बायपास काफी संकरा बना हुआ है, जिससे ओवरटेक के दौरान कई बार वाहन बगल से रगड़ खा जाते हैं तो कई बार आगे चल रहे वाहन को बचाने में दुर्घटना घट जाती हैं।

# धौहनी के जंगल में संदिग्ध हालत में मिला युवती का शव

## पति के मुताबिक एक्सीडेंट से हुई मौत, परिजन लगा रहे हैं हत्या का आरोप





**जागरण, बैढ़न।** जिले के सरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत धौहनी के जंगल में आज एक महिला के शव मिलने से सनसनी फैल गई इस घटना में युवती के पति को मामूली चोटे आई युवक और युवती दोनों इंदौर से बरका सिंगरौली जा रहे थे पति इस घटना को जहां हादसा बता रहा है वहीं महिला के परिजन साजिश के तहत हत्या का आरोप लग रहे हैं मिली जानकारी के अनुसार महिला के गले पर दबाने और नाखून के निशान है इसलिए मामला संदिग्ध हो गया है वहीं सराई थाना पुलिस के मुताबिक रिया राय और दिलीप जायसवाल के बीच 2019 से प्रेम संबंध था रिया ने दिलीप के ऊपर रेप का केस भी दर्ज कराया था इसमें दिलीप 3 माह जेल में रहा फिर रिया ने हीं दिलीप की जमानत कराई थी दिलीप के जेल से बाहर आने के बाद सितंबर 19 में दोनों ने जबलपुर में कोर्ट मैरिज कर ली तब से दोनों एक साथ रह रहे थे एक महीने पहले रिया दिलीप को लेकर अपने भाई के पास इंदौर चली गई और वहां से 4 जुलाई को अपने गांव बरका सिंगरौली के लिए रवाना हुए थे जहां आज यह घटना घटित हो गई।

**परिजनों ने लगाया प्रेम जाल में फंसा कर हत्या करने का आरोप :** इस मामले में रिया की मां रेनू राय ने आरोप लगाया कि मेरी बेटी की हत्या उसके पति दिलीप ने हीं की है पहले उसने बेटी को प्रेम जाल में फंसा कर कोर्ट मैरिज की वही रिया के भाई रिकी राय का आरोप है कि दिलीप इंदौर में रहते हुए मेरी बहन को लगातार प्रताडित करता रहा और परिवार से बातचीत करने पर भी रोक लगाता रहा हालांकि इस मामले में सरई पुलिस का मानना है कि कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है और पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही जानकारी आ पाएगी।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई समय-सीमा बैठक

**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन कर जिले के विभिन्न विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक में एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समय सीमा की बैठक में राजस्व, खनिज, कृषि, खाद्य, पर्यटन, शिक्षा, महिला बाल विकास, पंचायत, वन विभाग, विद्युत सहित अन्य प्रमुख विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन कर जिले के विभिन्न विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में राजस्व, खनिज, कृषि, खाद्य, पर्यटन, शिक्षा, महिला बाल विकास, पंचायत, वन, विद्युत सहित अन्य प्रमुख विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले के प्रशासनिक कार्यों में गति लाने और जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीर रुख अपनाते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के समस्त तहसीलदार और एसडीएम को फार्मर रजिस्टी कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं आगामी राजस्व बैठक में तुलनात्मक चार्ट के साथ फार्मर रजिस्टी प्रस्तुत करेंगे ताकि सरलता से कार्य पूर्ण किये जा सके।

# दो दिन में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे : डी.के शर्मा

## नगर निगम आयुक्त ने किया नगरीय क्षेत्र के क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण

**जागरण, बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डी.के शर्मा ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो मोहल्लो में जाकर मोहल्लो की सड़को नालियो आदि का निरीक्षण किया गया। निगमायुक्त के द्वारा गनियारी में पहुचकर सीवरेज लाईन डालने के समय क्षतिग्रस्त मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होने संबंधित संविदाकार पर नाराजगी जाहिर करते हुयें निर्देश दिए कि जेसीबी से सड़क पर जमा कीचड़ को साफ कराएं और तत्काल मुरुम व गिट्टी डालकर रोलिंग कराते हुए सड़क को दुरुस्त करें। उन्होने निर्देश दिए कि सिवरेज निर्माण के समय क्षतिग्रस्त सभी सड़कों पर यह कार्य दो दिनों के भीतर हो जाना चाहिए। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि निर्माण के दौरान जाम हो चुकी नालियों की भी साफ सफाई कराये ताकि बारिस के दौरान पानी निकासी बनी रहे। उन्होने संबंधित वार्ड के सहायक यंत्री को निर्देश दिए कि सड़को की मरम्मत की लगातार मानीटरिंग करे तथा मरम्मत पूर्ण होने के पश्चात इसका पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करे। इस कार्य अगर लापरवाही बरती गई तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिए कि वार्डो मोहल्लो के नाले नालियो को तीव्र गति साफाई कराये ताकि बारिस के के दौरान कही भी जल जमाव की स्थिति निर्मित न होने पाये। साथ ही संबंधित वार्ड के उपयंत्रियो को निर्देशित किया गया किया गया वार्डो महोल्लो के जो सड़के क्षतिग्रस्त हो गई उनका तत्काल मरम्मत प्रारंभ करे ताकि आम लोगो को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होने ट्रामा सेंटर के समीप क्षतिग्रस्त सड़का का निरीक्षण कर मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक यंत्री एस.एन द्विवेदी उपयंत्री अनुज सिंह सहित संबंधित संविदाकार उपस्थित रहे।

# जो जीता वही कोल इंडियन : त्रिपाठी

## सीवीओ सीआईएल ने एनसीएल बीना में कॉर्पोरेट विजिलेंस पर दिया व्याख्यान







**जागरण, सिंगरौली।** आज सीवीओ सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की बीना परियोजना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारी क्लब बीना में कॉर्पोरेट विजिलेंस विषय पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान के दौरान सीवीओसीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बीना ककरी कृष्णशिला और खड़िया परियोजना के अधिकारियों को संबोधित किया। एनसीएल की विश्व स्तरीय खनन प्रणाली की सराहना करते हुए उन्होंनें कहा कि सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की यह अनुषंगी कंपनी मशीनीकरण डिजिटलीकरण के साथ.साथ अन्य सभी मानकों पर उत्कृष्टता हासिल कर रही है। कोल इंडिया स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में स्वर्णा ड्रैगलाइन जैसे अत्याधुनिक मशीन का नियोजन इसकी बानगी है। अपने संबोधन में सीवीओ सीआईएल ने उपस्थित अधिकारियों को कोल इंडिया में चेंज एजेंट् बनने के लिए अभिप्रेरित करते हुए कहा कि कंपनी के हित में साहसिक निर्णय लेना वक्त की मांग है। उन्होंने प्रत्येक कोल इंडियन को विजिलेंस ऑफिसर की संज्ञा देते हुए कहा कि प्रत्येक कोल इंडियन एक विजिलेंस ऑफिसर है क्योंकि सतर्कता एक विभाग नहीं बल्कि हर कर्मी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। जब हर कर्मी सचेत सजग और नैतिक रहेगा तभी संगठन की नींव मजबूत होगी। इसके अलावा श्री त्रिपाठी ने उपस्थित सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ भी दिलायी। नैतिक संकल्प को बड़े बदलावों के लिए अपरिहार्य बताते हुए उन्होंने सभी से कोल इंडिया को सशक्त सजग और सतर्क बनाते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन का समापन करते हुए कहा कि अंधकार से लड़ने का संकल्प कोई कर लेता है तो एक अकेला जुगनू भी सब अंधकार हर लेता है इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक तकनीकी सुनील प्रसाद सिंह मुख्य सतर्कता अधिकारी एनसीएल हिमांशु जैन महाप्रबंधक सतर्कता उमाकांत यादव महाप्रबंधक बीना आर. के. सिंह महाप्रबंधक कृष्णशिला दीपक सक्सेना महाप्रबंधक खड़िया के डी जैन महाप्रबंधक ककरी पी के जाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व श्री त्रिपाठी ने बीना स्थित अत्याधुनिक स्वर्णा ड्रैगलाइन मशीन के संचालन का निरीक्षण किया। उन्होंने मशीन की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन करते हुए इसे कुशल सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल कोयला खनन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। खदान में कार्यरत कर्मियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि जो जीता वही कोल इंडियन जिससे कर्मचारियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। सीवीओ सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बीना परियोजना में निर्माणाधीन 9.5 मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाले सीएचपी कोल हैंडलिंग प्लांट की प्रगति की भी समीक्षा की । साथ ही उन्होंने एनसीएल की मशीनीकृत हरित और पर्यावरण हितैषी कोयला प्रेषण पहलों की सराहना की। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए श्री त्रिपाठी ने अधिकारी क्लब बीना में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नीम का पौधा रोपण किया।

## मैदान से हटकर

# युजवेंद्र चहल की गर्लफ्रेंड महविश ने कहा-जलो मत



भारतीय गेंदबाज युजवेंद्र चहल के साथ डेटिंग की खबरों के बीच आरजे महविश पर सबकी नजरें बनी रहती हैं। ऐसे में वह कहीं भी जाती हैं, तो सुर्खियों में छा जाती हैं। खासकर, उनके फैशनेबल अंदाज को लोग खूब पसंद करते हैं। महविश ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज पोस्ट की, जिसमें वे पिंक और वाइट स्कर्ट- टॉप में बेहद हसीन लग रही थीं। इस पोस्ट में उनका कैप्शन था, क्योंकि जिस प्यार की मुझे जरूरत थी वो मेरे अंदर था। लेकिन, लोगों की नजरें इस प्यार से हटकर टॉप पर लिखी बात पर जाकर ठहर गईं, जिसके बाद बस महविश के लुक के चर्चे होने लगे। दरअसल महविश ने जो टॉप पहना था, उस पर कुछ ऐसा लिखा था कि लोगों ने धनश्री के मजे ले लिए और साथ ही महविश संग चहल की लव लाइफ पर भी कमेंट किए। इस टॉप पर पिंक कलर से कोट, 'डोन्ट बी जेलस' लिखा था, जिसकी लोगों ने अलग- अलग थ्योरी निकाल ली। महविश की फोटोज सामने आने के बाद से ही लोग तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। कुछ लोगों ने महविश के टॉप पर लिखी जलन वाली बात को क्रिकेटर की एक्स वाइफ धनश्री वर्मा से भी जोड़ दिया और कमेंट्स किए। हाल ही में कपिल शर्मा के शो में चहल ने डेटिंग लाइफ पर इशारों- इशारों में कमेंट किया, तो फैंस महविश संग उनके रिश्ते को कंफर्म मान रहे हैं। क्योंकि क्रिकेटर ने गर्लफ्रेंड की बात आने पर कह दिया था कि अब तो पूरा इंडिया जान गया है। (जेएनएन)

## खेल एक नजर

### यूरोप टूर : भारत-ए का पहला मुकाबला आयरलैंड हॉकी टीम से

**आइंडहोवन (नीदरलैंड), जेएनएन।** भारत-ए पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को आयरलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम का यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष टीमों के साथ मुकाबला होगा और इसका उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव प्रदान करना है। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली इस टीम का नेतृत्व संजय कर रहे हैं, जिनका मानना है कि यूरोप का दौरा टीम के लिए शानदार अवसर है। शुरुआती मैच से पहले कप्तान ने कहा, यूरोप का दौरा हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। इस दौरे पर कुछ बहुत कठिन मैच होंगे और हम इन टीमों के खिलाफ खुद को परखने के लिए उत्सुक हैं। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं और इस दौरे से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। भारत-ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के साथ दो-दो, जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के साथ एक-एक मैच खेलेगी।

### मुंबई से अलग हुए पृथ्वी शॉ महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय बल्लेबाज और मुंबई के पूर्व खिलाड़ी पृथ्वी शॉ आगामी घरेलू सत्र के लिए सोमवार को महाराष्ट्र की टीम के साथ जुड़ गए। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने इसकी घोषणा की। शॉ ने किसी और राच्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए पिछले महीने मुंबई क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की थी, जिस पर उसकी संचालन समिति ने मुहर लगा दी थी। शॉ को खराब फिटनेस और अनुशासन संबंधी मुद्दों के कारण मुंबई की लाल गेंद टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने मुंबई के लिए अपना पिछला मैच मध्य प्रदेश के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के आक्रामक बल्लेबाज शॉ आधिकारिक तौर पर मुंबई क्रिकेट संघ से अलग हो गए हैं और वह आगामी घरेलू सत्र में महाराष्ट्र क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा, इस रणनीतिक बदलाव को भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण विकास के रूप में देखा जा रहा है, जिससे महाराष्ट्र की टीम और मजबूत होगी।



### सरे के लिए काउंटी क्रिकेट खेलेंगे साई किशोर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर ने सरे के लिए काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन में खेलने के लिए करार किया है। 28 साल के साई किशोर जुलाई के आखिरी हिस्से में दो प्रथम श्रेणी मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनका पहला मैच स्कारबेरो में होगा, जहां उनका सामना अपने पूर्व चन्नई सुपर किंग्स टीम के साथी रुतुराज गायकवाड़ से हो सकता है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ करार किया है। साई किशोर का छोटा कार्यकाल चेस्टर-ले-स्ट्रीट में डरहम के खिलाफ मैच के साथ समाप्त होगा, जो 29 जुलाई से 1 अगस्त तक चलेगा। साई किशोर ने कहा, मैं सरे के लिए अगले दो काउंटी चैंपियनशिप मैचों में शामिल होने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। सरे दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित क्लबों में से एक है और मैंने कई लोगों से इस क्लब के बारे में अच्छी बातें सुनी हैं।



# बर्मिंघम में ऐतिहासिक हार के बाद लॉर्ड्स में तेज और उछाल भरी पिच चाहता है इंग्लैंड

**10 जुलाई से होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए आर्चर और ऐटकिंसन की टीम में हो सकती है वापसी**

जेएनएन, लंदन

इंग्लैंड ने इस सप्ताह लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी जीवंत पिच की मांग की है। इस मैच में जोफ्रा आर्चर और गस ऐटकिंसन की वापसी हो सकती है। इसके साथ ही वे भारत से एजबेस्टन में मिली 336 रन की बुरी हार से भी उबरना चाहते हैं। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैक्कुलम का मानना है कि एजबेस्टन में तैयार की गई उपमहाद्वीप जैसी पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं, क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। पिछले महीने लॉर्ड्स में हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान तेज गेंदबाजों का दबदबा दिखा था, जहां पैट कमिंस और कगिसो रबाडा को अच्छी सीम मूवमेंट मिली थी। मैक्कुलम ने भी ऐसी ही पिच की मांग की है, जिसमें थोड़ी रफ्तार, उछाल और मूवमेंट हो। उन्होंने कहा, यह मैच शानदार होगा, लेकिन अगर पिच में जान रही तो यह और भी जबरदस्त होगा। इंग्लैंड के पास गुरुवार से पहले सिर्फ एक पूर्ण अभ्यास सत्र होगा, क्योंकि पहले दो टेस्ट में उन्हें कुल 443 ओवर फील्डिंग करनी पड़ी है। उन्होंने मंगलवार का वैकल्पिक अभ्यास सत्र रद्द कर दिया है और ब्राइडन कार्स, जॉश टंग और क्रिस वोक्स के लिए पहली प्राथमिकता उनकी रिकवरी होगी। जिम्बाब्वे के खिलाफ हैमस्ट्रिंग खिंचाव के बाद ऐटकिंसन की कमी इंग्लैंड को खली है और उनकी रिकवरी उम्मीद से ज्यादा लंबी रही है। लेकिन उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय दल में शामिल किया गया है, जिसमें आर्चर, सैम कुक और जैमी ओवर्टन भी अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में हैं। एटकिंसन का लॉर्ड्स में शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्होंने यहां दो टेस्ट में एक शतक के साथ-साथ 19 विकेट भी लिए हैं।



### जोफ्रा वापसी के लिए तैयार : मैक्कुलम

आर्चर ने दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड के साथ अभ्यास किया था और पूरी तरह से गेंदबाजी भी की थी। वह पिछले महीने ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लौटे और धीरे-धीरे अपना वर्कलोड बढ़ा रहे हैं। कोहनी और पीठ की चोटों के चलते वह फरवरी 2021 से टेस्ट क्रिकेट से बाहर हैं। मैक्कुलम ने इशारा दिया है कि वह वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, वह (आर्चर) चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज लगातार दो टेस्ट खेल चुके हैं और अब हमें मुख्य मैदान पर जाना है। हम इस मैच के बाद हम स्थिति का आकलन करेंगे। वहीं जोफ्रा फिट हैं, मजबूत हैं, खेलने के लिए तैयार हैं।

### गेंदबाजों के लिए पिचों में कुछ होना चाहिए : गिल



भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 'ड्यूक्स' गेंद की तेजी से बिगड़ती प्रकृति की आलोचना की और अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों के बावजूद सीरीज के पहले दो टेस्ट मैच में मिली सपाट पिचों के चलन को भी नकार दिया। गिल ने अब तक खेली गई चार पारियों में करीब 600 रन बनाए हैं। लेकिन उनका मानना है कि पिचों में गेंदबाजों के लिए कुछ होना चाहिए। ड्यूक्स की गुणवत्ता भी मदद नहीं कर रही है और 30 ओवर के बाद 'सॉफ्ट' गेंदें टीमों को आक्रामक होने के लिए मजबूर कर रही हैं। उन्होंने कहा, गेंदबाजों के लिए यह बहुत मुश्किल है। मुझे लगता है कि विकेट से अधिक, गेंद शायद बहुत जल्दी खराब हो जाती है। यह बहुत जल्दी नरम हो जाती है। मुझे नहीं पता कि यह क्या है, यह विकेट हो या कुछ और। पर गेंदबाजों के लिए यह मुश्किल है। ऐसी परिस्थितियों में विकेट लेना बहुत मुश्किल है, जहां उनके लिए कुछ भी नहीं है। गिल ने कहा कि और एक टीम के रूप में जब आप जानते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में विकेट लेना मुश्किल है, तो बहुत सी चीजें आपके नियंत्रण से बाहर होती हैं। गेंदबाजों के लिए थोड़ी मदद होनी चाहिए। अगर गेंद कुछ मूवमेंट कर रही है तो आप किसी तरह से कुछ योजना बना सकते हैं और तभी खेलना मजेदार होता है। भारतीय कप्तान ने कहा कि अगर आपको पता है कि केवल पहले 20 ओवर में ही कुछ ही होगा तो उसके बाद आप पूरे दिन रक्षात्मक रहते हैं। आप पूरे दिन यह सोचते रहते हैं कि रन कैसे रोकें। तब खेल का सार इसमें नहीं दिखता। भारत बर्मिंघम में आराम दिए गए जसप्रीत बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा है। वह भी एक अलग तरह की पिच की उम्मीद कर रहा है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा, देखते हैं लॉर्ड्स में हमें कैसी पिच मिलती है। मेरा अंदाजा है कि यह सपाट नहीं होगी।

**दूसरा टेस्ट : मुल्डर ने बनाए नाबाद 367 रन, दक्षिण अफ्रीका का पहली पारी में स्कोर 626/5**

# पारी घोषित कर ब्रायन लारा के 400 रन का रिकॉर्ड तोड़ने से चूके वियान मुल्डर

जेएनएन, बुलावायो

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर ने सोमवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाते हुए 334 गेंदों पर नाबाद 367 रनों की पारी खेली। हालांकि उन्होंने दूसरे दिन लंच के बाद पारी घोषित कर दी और ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत रिकॉर्ड को तोड़ने से चूक गए। केशव महाराज की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कर रहा 27 वर्षीय यह खिलाड़ी लारा के 2004 में बनाए गए 400 रनों के रिकॉर्ड से सिर्फ 33 रन दूर था। मुल्डर लैन हटन के 364 और गैरी सोबर्स के 365* को पार कर गए। मुल्डर ने इस पारी में 49 चौके व चार छक्के लगाए और इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले कुल 29वें और केवल दूसरे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी बने। उनसे पहले हाशीम अमला ने 2012 में नाबाद 311 रन बनाए थे। मुल्डर की पारी की बदौलत मुल्डर ने दिन के शुरुआती सत्र के बाद पांच विकेट पर 626 रन पर टीम की पारी घोषित की। मुल्डर के अलावा डेविड बेडिंघम ने 82 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम पहली पारी में 170 रन पर सिमट गई। इसके बाद फॉलोऑन खेलते हुए 51 रन पर एक विकेट गंवा दिया। स्टंप तक ताकुडवनाशे काइटानो (34) और निक वेल्च (6) नाबाद लौटे। टीम अभी 405 रन से पीछे है। जिम्बाब्वे के लिए पहली पारी में शॉन विलियम्स ने नाबाद 83 रन बनाए।



**297** गेंदों में मुल्डर ने अपना तिहरा शतक पूरा किया। यह दूसरा सबसे तेज तिहरा शतक था। पहले नंबर पर वीरेंद्र सहवाग हैं, जिन्होंने 2008 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 278 गेंदों में तिहरा शतक लगाया था। इसके बाद मुल्डर ने अगले 67 रन सिर्फ 37 गेंदों में बनाए। इस दौरान उनके साथ नंबर-7 बल्लेबाज काइल वेरेन थे।

- मुल्डर ने टेस्ट में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड गारफील्ड सोबर्स के नाम था जिन्होंने 1958 में 365 रन बनाए थे।
- मुल्डर की पारी बेहद तेज थी। उनका स्ट्राइक रेट 109.88 का रहा, जो किसी भी तिहरे शतक में सबसे ज्यादा है। वह टेस्ट में तिहरा शतक लगाने वाले पहले कप्तान भी हैं।

**टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज**

| खिलाड़ी | रन | टीम | विरुद्ध | साल |
|---|---|---|---|---|
| ब्रायन लारा | 400* | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | 2004 |
| मैथ्यू हेडन | 380 | ऑस्ट्रेलिया | जिम्बाब्वे | 2003 |
| ब्रायन लारा | 375 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | 1994 |
| महेला जयवर्धने | 374 | श्रीलंका | दक्षिण अफ्रीका | 2006 |
| वियान मुल्डर | 367* | दक्षिण अफ्रीका | जिम्बाब्वे | 2025 |

# पहला सेट गंवाने के बाद नोवाक जोकोविच की शानदार वापसी

**विंबलडनः मिनोर को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

जेएनएन, लंदन

नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सोमवार को 11वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। छठे वरीय जोकोविच पर 2016 से विंबलडन में सबसे जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन उन्होंने खराब शुरुआत से उबरकर डि मिनोर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आठ बार के विंबलडन चैंपियन रोजर फेडरर भी जोकोविच के इस मुकाबले को देखने के लिए रॉयल बॉक्स में मौजूद थे। हालांकि 38 साल के जोकोविच की शुरुआत खराब रही और उन्होंने बेहद एकतरफा पहला सेट गंवा दिया। आठवें विंबलडन और



रिकॉर्ड में सुधार करने वाले 25वें एकल ग्रैंडस्लैम खिताब के लिए चुनौती पेश कर रहे जोकोविच अगले दौर में इटली के 22वें वरीय खिलाड़ी फ्लावियो कोबोली से भिड़ेंगे।

### अल्काराज 12वीं बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने आंद्रे रुबलेव को और सबालेंका ने एलिसे मर्टेंस को शिकस्त दी। स्पेन के 22 साल के अल्काराज ने 14वीं वरीयता प्राप्त रुबलेव के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7 (5), 6-3, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके अल्काराज 12वीं बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। अब अगले दौर में अल्काराज का मुकाबला ब्रिटेन के कैमरून नोरी से होगा। नोरी ने पांच सेटों के मैराथन मुकाबले में 4 घंटा 27 मिनट पसीना बहाने के बाद चिली के निकोलस जैरी को 6-3, 7-6 (4), 6-7 (7), 6-7 (5), 6-3 से शिकस्त दी।

## आईसीसी के सीईओ बने संजोग गुप्ता ऑस्ट्रेलिया के एलार्डिस की जगह लेंगे

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को सोमवार को जय शाह की अगुआई वाली आईसीसी का नया सीईओ नियुक्त किया गया। वह ऑस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे गुप्ता तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे। वह आईसीसी के सातवें सीईओ होंगे। क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने कहा कि इस पद के लिए उसे 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। आईसीसी ने कहा, उम्मीदवारों में खेल के शासी निकायों से जुड़े पदाधिकारियों के अलावा कॉरपोरेट जगत से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इन नामों को नामांकन समिति को भेज दिया गया, जिसमें आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा, इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन, श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया शामिल हैं। उन्होंने इस पद के लिए गुप्ता की सिफारिश की, जिसे आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने मंजूरी दे दी। आईसीसी ने अपने बयान में प्रो कबड्डी लीग और इंडियन सुपर लीग जैसी अन्य लीगों की स्थापना और विस्तार तथा प्रीमियर लीग और विंबलडन जैसी वैश्विक प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने में गुप्ता की भूमिका का भी जिक्र किया।



## 44 साल के हुए धोनी

**मुंबई, जेएनएन।** भारत के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को 44 साल के हो गए। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास के एकमात्र कप्तान हैं, जिन्होंने वनडे विश्व कप, टी-20 विश्व कप और चैंपियन्स ट्रॉफी तीनों खिताब जीते हैं। कैप्टन कूल धोनी की कप्तानी में भारतीय टेस्ट टीम 18 महीने तक दुनिया की नंबर एक टीम भी रही। पिछले महीने धोनी को 2025 के आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। धोनी ने लगभग पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था, लेकिन लगातार घुटने की चोट से परेशान रहने के बावजूद आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेल रहे हैं। सुपरकिंग्स ने अपने पांचों आईपीएल खिताब धोनी के नेतृत्व में जीते और फ्रेंचाइजी 2026 सत्र में एक बार फिर अपने 'थाला' की वापसी की उम्मीद कर रही है। धोनी ने हालांकि ऐसा कोई वादा नहीं किया है।



## एशियाई चैंपियनशिपः मनु भाकर भारतीय टीम में, मप्र के ऐश्वर्य प्रताप भी शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर कजाकिस्तान के श्यामकेंट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियाई चैंपियनशिप के लिए सोमवार को घोषित 35 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल एकमात्र ऐसी निशानेबाज हैं, जो दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) द्वारा घोषित अन्य टीमें सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हैं, जो सीनियर प्रतियोगिता के साथ ही होगी। एनआरएआई ने चीन के निंगबो में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के लिए सीनियर टीम की घोषणा भी कर दी है। यह प्रतियोगिता सात से 15 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। एशियाई प्रतियोगिता के लिए सीनियर टीम में तीन मिश्रित टीम सहित 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। सीनियर टीम में वापसी करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में पुरुष एयर राइफल के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और ओलंपियन अंजुम मौदगिल (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), मध्यप्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल) और केनान चेनाई (पुरुष ट्रैप) शामिल हैं।





## दिल्ली प्रीमियर लीग में आमने-सामने होगा कोहली का भतीजा और सहवाग का बेटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र में दो हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों विराट कोहली के भतीजे आर्यवीर कोहली और वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग का जलवा देखने को मिल सकता है। इन दोनों को रविवार को हुई नीलामी के दौरान अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों ने खरीदा। उभरते हुए लेग-स्पिनर आर्यवीर कोहली विराट के बड़े भाई विकास के बेटे हैं, जिन्हें साउथ दिल्ली सुपरस्टारज ने खरीदा। इस टीम में लीग के सबसे महंगे खिलाड़ियों में शुमार लेग-स्पिनर दिग्वेश राठी (38 लाख रुपए) भी शामिल हैं। इस लीग के शुरुआती सत्र में किसी टीम से बोली हासिल करने में नाकाम रहे अंडर-19 बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने आठ लाख रुपए में खरीदा। सहवाग इस टूर्नामेंट के ब्रांड दूत भी हैं। नीलामी की सूची में 520 खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें से सिमरजीत सिंह (39 लाख में सेंट्रल दिल्ली किंग्स) सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। नितीश राणा (34 लाख में वेस्ट दिल्ली लायंस) और प्रिंस यादव (33 लाख रुपए में न्यू दिल्ली टाइगर्स) के लिए बड़ी रकम खर्च करनी पड़ी।

**39 लाख में सिमरजीत, 38 लाख में राठी अलग-अलग टीम से जुड़े**





# गैर पंजीकृत कोच से ट्रेनिंग लेने वाले एथलीट अर्जुन व खेल रत्न जैसे पुरस्कार के लिए नॉमिनेट नहीं होंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) अर्जुन और खेल रत्न पुरस्कार जैसे राष्ट्रीय सम्मानों के लिए किसी भी ऐसे खिलाड़ी के नाम की सिफारिश नहीं करेगा, जो गैर पंजीकृत कोच से प्रशिक्षण लेता हो। महासंघ को उम्मीद है कि इस कदम से खेल के राष्ट्रीय सर्किट में बढ़ते डोपिंग मामलों से निपटने में मदद मिलेगी।

ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों द्वारा डोपिंग में कोच की संलिप्तता एक खुला रहस्य रहा है। एएफआई ने देश में सभी कोच के अनिवार्य पंजीकरण के लिए 31 जुलाई की समय सीमा तय की और स्पष्ट किया कि निर्देश का पालन नहीं करने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। एएफआई के प्रवक्ता आदिल सुमारिवाला ने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि कोच खुद को पंजीकृत करवाएंगे। इसके बाद हम इसे शौंजनिक करेंगे कि केवल ये पंजीकृत कोच हैं। जो पंजीकरण नहीं कराएंगे उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा, अगर कोई एथलीट गैर पंजीकृत कोच के साथ ट्रेनिंग करता है, तो उसके पदक जीतने की स्थिति में एएफआई एथलीट के नाम की सिफारिश किसी राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नहीं करेगा। ऐसे एथलीट को कुछ नहीं मिलेगा।

**सभी कोच 31 जुलाई तक कराएं रजिस्ट्रेशन, नहीं तो होंगे ब्लैकलिस्ट**

### डोपिंग में शामिल सभी लोगों को जेल भेजना होगा

एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष सुमारिवाला ने कहा कि मेरा मानना है कि कोच, यहां तक कि माता-पिता (एथलीट के) भी आज डोपिंग से जुड़े हैं। यह दुर्भाग्यशाली है। सुमरिवाला डोपिंग के अपराधीकरण के मुखर समर्थक हैं, क्योंकि उनका मानना है कि जब तक डोपिंग अपराधियों को जेल नहीं भेजा जाता तब तक इस समस्या से निपटना मुश्किल होगा। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक अधिनियम 2022 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सुमारिवाला ने कहा, मैं संसद में नहीं हूं, लेकिन हमें कुछ करना होगा। डोपिंग में शामिल सभी लोगों को जेल भेजना होगा। तभी लोगों को एहसास होगा कि यह कोई मजाक नहीं है। अगर आप इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि अन्यथा कानून के दायरे में हमें वही करना होगा जो हमें करना है। लेकिन आज कुछ नहीं होता। वे (डोपिंग के अपराधी) बेखौफ होकर निकल जाते हैं या उन्हें चार साल की सजा मिलती है फिर वे कहते हैं, हां, हमने (प्रतिबंधित दवाएं) ली हैं और इसे तीन साल कर देते हैं।



दैनिक जागरण
रीवा, 08 जुलाई, 2025
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com


## नि:शुल्क कोचिंग के लिए आवेदन 3 अगस्त तक

**सतना।** सीड योजना के तहत विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदायों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, एसपीएससीएस, एसएससी, आरआरबी, क्लैट, जेईई, नीट, सीएटी, सीएमएटी, एनडीए आदि की परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के तहत आनलाईन और क्लासरूम कोचिंग दोनों के लिए आनलाइन आवेदन भरे जा रहे है।

## 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर (ग्रामीण) एलआर जांगडे द्वारा आदेशानुसार निवासी गुखौर तहसील देवराजनगर जगतराम कुशवाहा की पुत्री की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# मझगवां एसडीएम को कलेक्टर ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जन जागरुकता और कार्यवाही का अभियान चलाये**



**जागरण, सतना**

शहरी क्षेत्रों में चित्रकूट सहित सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध जन जागरूकता का अभियान चलाये। साथ ही इसकी रोकथाम के लिए नगरीय निकाय संस्थाओं और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्राधिकार सौपे गये हैं। नगरीय निकाय क्षेत्र में जुर्माना एवं कार्यवाही का अभियान भी चलाये। इस आशय के निर्देश कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में दिये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम आरएन खरे, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, जेल अधीक्षक लीना कोष्ठा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में रेलवे के सतना-पन्ना रेल्वे प्रखड और सतना-रीवा रेल्वे लाइन दोहरीकरण के अन्तरविभागीय मुद्दों पर कलेक्टर ने एसडीएम रामपुर बघेलान को निर्देशित किया कि तपा कोठार के प्रकरण एक हफ्ते में निराकरण कराये। साथ ही सतरी कोठार, हिनौता, पैपखर, मनकहरी, बम्हौरी, बठिया, खारी एवं बगहाई कोठार के अवार्ड पारित है। इनमें मुआवजा वितरण की कार्यवाही शेष है। जिसे शीघ्र पूरा करें। कमिश्नर रीवा द्वारा 11 जुलाई की बैठक में रेल्वे सहित फार्मर रजिस्ट्री एवं स्वामित्व की भी समीक्षा की जायेगी। कलेक्टर ने नागौद क्षेत्र के भ्रमण के दौरान रहिकवारा पुलिया के संबंध में नर्मदा घाटी विकास और लोक निर्माण विभाग को दिये गये निर्देशों में अब तक कार्यवाही नहीं होने पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने कहा कि बैरिकेट नहीं कराने से पुलिया के पास क्षतिग्रस्त सडक पर कोई हादसा हो सकता है। कार्यपालन यंत्री एनवीडीए जागृत भगत के खिलाफ इनके विभाग को पत्र लिखा जाये। कलेक्टर ने दोनों विभाग के कार्यपालन यंत्री को बैरिकेट की कार्यवाही आज ही कर संयुक्त रूप से मौके का भ्रमण और फोटोग्राफ भेजने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय राजमार्ग की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सतना-मैहर सडक निर्माण में कही काम चलता दिखाई नहीं दे रहा है। महाप्रबंधक कटनी से यहां आकर कार्य का निरीक्षण करें। जल निगम के कार्यों की समीक्षा में मझगवां में टंकी निर्माण के लिए आ रही समस्या पर टीएल में एसडीएम मझगवां द्वारा अब तक कोई कार्य नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये।

### सबसे अधिक नक्शा विहीन गांव उचेहरा क्षेत्र में

नक्शा विहीन गांवों की समीक्षा में पाया गया कि 214 नक्शा विहीन गांवों में से 60 गांवों के नक्शे बनकर आनलाइन किये जा चुके है। सबसे अधिक शेष गांव 35 उचेहरा तहसील के है। कलेक्टर ने नक्शा बनाने के कार्य में तहसीलदारों को फोकस करने के निर्देश दिये। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में सहायक भू-अधीक्षक अभिलेख लालमणि पाण्डेय को पूरी तैयारी नहीं रखने पर कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि टीएल के समीक्षा के बिंदुओं की जानकारी सभी विभाग शुक्रवार की शाम तक जिला प्रबंधक ई-गवर्नेस योगेश तिवारी को उपलब्ध कराये। सीएम हेल्पलाइन में जिले की रैंकिंग का स्थान 13वां रहा। कलेक्टर ने 150 से 200 तक शिकायत लंबित रहने वाले एल वन अधिकारियों से वन-टू-वन समीक्षा की। डैशबोर्ड की समीक्षा में टाप-20 में रैकिंग में स्थान नहीं बनाने वाले विभागों को कलेक्टर ने अप्रसन्नता पत्र लिखने को कहा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगरीय निकाय के अधिकारियों से कलेक्टर ने कहा कि चित्रकूट सहित सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में जन अभियान परिषद के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाये। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण एजेंसी पर कार्यवाही के अधिकार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और निकाय में सामग्री बेचने और उपयोग करने पर जुर्माने के अधिकार नगरीय निकायों के पास है। कलेक्टर ने कहा कि आगामी शासकीय बैठकों में ड्राप बैनर प्लास्टिक सीट की बजाय कपडे या कागज का लगाये। कलेक्टर ने कहा कि सडकों पर घूमने और बैठने वाले पशुओं को नगरीय निकाय गौशालाओं में भेजने के प्रबंध करें।

# फायरिंग की घटना में शामिल रहे दो और आरोपी गिरफ्तार

**सिटी कोतवाली टीआई ने कार्यवाही कर दबोचा**



**जागरण, सतना।** महदेवा इलाके में गोली चलाकर दहशत फैलाने वाली घटना में शामिल रहने वाले दो और आरोपियों को सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने गिरफ्तार कर लिया है। पकडे गये आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने फायरिंग में शामिल अंशुमान सिंह उर्फ अंशू कछवाह और आरोपियों को छिपाने वाले धीरू उर्फ धीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस इस मामले के मुख्य आरोपी दीपू उर्मलिया समेत अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

**किराना दुकान के सामने हुई थी फायरिंग :** पुलिस ने बताया कि यह घटना एक जुलाई की शाम तकरीबन 5 बजे की है। कैलाश पयासी की किराना दुकान के सामने दीपू उर्मलिया, शुभम पंडित समेत अन्य आरोपियों ने विवेक प्रताप सिंह प्रशांत चौधरी और नीरज तिवारी पर फायरिंग की। इसके बाद उन्होंने रॉड और डंडों से उनकी पिटाई भी की। घटना के अगले दिन पुलिस ने मैहर के पटेहरा निवासी जतिन तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को मुखबिर और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने अंशुमान सिंह उम्र 24 वर्ष को बंजरहा तालाब के पास से पकड़ा। साथ ही जिले के कुम्हरा गांव निवासी धीरेंद्र सिंह उम्र 28 साल को भी गिरफ्तार किया गया।

## डालीबाबा मदिरा दुकान के लिए नीलामी 10 को

**जागरण, सतना।** जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि एकल मदिरा दुकान डालीबाब के लिए नीलामी 10 जुलाई को की जायेगी। उल्लेखनीय है कि शेष बचे समय के लिए यह टेंडर किया जा रहा है। इस दुकान के लिए शेष बची अवधि हेतु शासन द्वारा चार करोड़ 57 लाख 34 हजार 980 रूपये मूल्य आरक्षित किया गया है।




























## कचरे को अलग-अलग रखने दी गई जानकारी



**जागरण, सतना।** स्वच्छ सर्वेक्षण एवं सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 जुलाई को शहर के विभिन्न स्कूलों में नुक्कड़ नाटक और कठपुतली शो के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को घरों से निकलने वाले कचरे के चार प्रकार गीला कचरा सूखा कचरा सैनिटरी कचरा एवं घरेलू हानिकारक कचरा को अलग.अलग करने के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग बंद कर उसके स्थान पर पुनः उपयोग की जाने वाली वस्तुओं को अपनाने स्वच्छ परिवेश और स्वच्छ विद्यालय बनाए रखने का संदेश दिया गया। वार्ड 3 सीएम राइज स्कूल,सतना, वार्ड 4 शासकीय हाई स्कूल, सिविल लाइन,सतना, वार्ड 5 सरस्वती शिशु मंदिर, कालीबाड़ी, सतना वार्ड 38 . डालीबाबा चौराहा, वार्ड 39पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सतना।** पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाए जा रहे अभियान ष्हरियाली महोत्सव अंतर्गत 7 जुलाई को पुलिस लाईन मैहर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस परिवार सहित जनप्रतिनिधी सम्मिलित रहे। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल एवं विधायक श्रीकांत चर्तुवेदी द्वारा वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उनके साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर सीएसपी मैहर महेन्द्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी, सूबेदार नृपेन्द्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने एवं पुलिस लाईन के बल द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढावा देना है बल्कि पुलिस और समाज के बीच सहभागिता एवं विश्वास की भावना को सशक्त करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त थाने चौकी परिसर पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस लाईन परिसर में फलदार छायादार पौधों का रोपण किया गया।






जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com